

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



देश



टी20 वर्ल्ड कप 2024 : 43 साल के खिलाड़ी ने टी20 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास


योगी आदित्यानाथ पर दबाव को बनाने को फडणवीस ने की इस्तीफे की पेशकश...

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 07 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 177 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹73, 420 | ₹93,500 |

## आज का इतिहास

- 1975 : पहले विश्व कप का पहला मैच भारत-इंग्लैंड के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला गया। इसमें भारत की हार हुई।
- 1979 : भारत के दूसरे उपग्रह भास्कर-एक को सोवियत संघ के बीयर्स लेक से छोड़ा गया।

## न्यूज बाइट्स

### फ्रांस की सीनेट में देश-विदेश की 35 हस्तियों को मिला भारत गौरव अवार्ड

**जयपुर (राजस्थान.) (ए.)।** फ्रांस की सीनेट में भारत गौरव अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश की 35 नामी हस्तियों को "भारत गौरव अवार्ड" से सम्मानित किया गया। जयपुर के गैर सरकारी संगठन संस्कृति युवा संस्था द्वारा यह अवार्ड समारोह वर्ष 2012 से जारी है और इस अवार्ड समारोह में भारत, ब्रिटेन, अमरीका, न्यूजीलैंड, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, दुबई, लंदन, इटली, स्विट्जरलैंड, स्पेन, जिनेवा, पौलेंड, थाईलैंड, बैंकाक सहित कई देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

### मोदी ने मेक्सिको में पहली महिला राष्ट्रपति बनी क्लाउडिया शिनबाम को दी बधाई

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक्सिको मे पहली बार महिला राष्ट्रपति बनी क्लाउडिया शिनबाम को गुरुवार को बधाई दी। इस देश के 200 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी महिला ने देश के राष्ट्रपति पद की बागडोर संभाली है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में आज कहा कि वह दोनों देशों के बीच निरंतर द्विपक्षीय सहयोग की उम्मीद करते हैं। मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम को बधाई। यह मेक्सिको के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि निरंतर सहयोग और साझा प्रगति की उम्मीद है।

### बीजेपी सांसद कंगना रनौत को महिला जवान ने मारा थप्पड़

**चंडीगढ़ (ए.)।** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर आज उस वक्त भारी बवाल हो गया जब एक्ट्रेस से सांसद बनीं कंगना रनौत फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचीं थी। सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ की महिला जवान ने कंगना को जोरदार थप्पड़ रसीद कर दिया। दरअसल, बीजेपी ने एक्ट्रेस कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था। चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद कंगना गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। इसी बीच खबर आई कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान मौके पर तैनात सीआईएसएफ की एक महिला जवान कुलविंदर कौर ने कंगना को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। बताया जा सीआईएसएफ की महिला जवान कुलविंदर कौर चुनाव प्रचार के दौरान किसान आंदोलन के खिलाफ दिए गया बयानों से नाराज थी। जैसे ही कंगना चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंचीं और सुरक्षा जांच के लिए आगे बढ़ी महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ जड़ दिया।

# नरेन्द्र मोदी 9 जून को ले सकते हैं तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ

- हम भारत के 140 करोड़ लोगों की करेंगे सेवा : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली।

नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख पोस्टपोन हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, 9 जून को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा सकता है। पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ ले सकते हैं। 4 जून को घोषित लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी का शपथ ग्रहण समारोह 9 जून को शाम 6 बजे हो सकता है। पहले अटकलें थीं कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली नई एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को होगा। शपथ ग्रहण समारोह की तारीख की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं ने बुधवार को बैठक की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना। पीएम मोदी ने बाद में कहा कि एनडीए विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेगा। पीएम मोदी ने बुधवार को एक एक्स पर कहा, 'हमारे मूल्यवान एनडीए सहयोगियों से मुलाकात हुई। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाएगा और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगा। हम भारत के 140 करोड़ लोगों की सेवा करेंगे और एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।

### केंद्र सरकार के 10 सबसे ताकतवर और समृद्ध मंत्रालय

गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सूचना प्रसारण, शिक्षा, कृषि, सड़क परिवहन और सिविल एविएशन हैं। अकेले बहुमत होने से 2019 और 2014 में भाजपा ने सभी बड़े विभाग अपने पास रखे थे। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि, एनडीए ने 292 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। एनडीए में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जेडीयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है। सूत्रों के मुताबिक, एनडीए के सांसदों की 7 जून को बैठक होगी। इसमें मोदी को भाजपा संसदीय दल-एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद शाम 5 से 7 बजे के बीच सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएंगे। मोदी 8 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

चर्चा है कि जेडयू की नजर रेलवे-कृषि मंत्रालय के साथ बिहार के लिए विशेष पैकेज पर है। टीडीपी ने 5 मंत्रालयों और लोकसभा स्पीकर पद की मांग रखी है। इनमें ग्रामीण विकास, आवास और शहरी मामले, बंदरगाह और शिपिंग, सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं जल शक्ति मंत्रालय शामिल हैं। टीडीपी वित्त मंत्रालय का अतरिक्त प्रभार भी मांग रही है। आंध्र प्रदेश में फ्री की योजनाओं के चलते आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसलिए नायडू चाहते हैं कि वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार उन्हें मिले।



### नीतीश ने आज जदयू संसदीय दल की बुलाई है बैठक

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह 9.30 बजे अपने दिल्ली स्थित आवास पर जदयू संसदीय दल की बैठक बुलायी है। जदयू के सभी नवनिर्वाचित सांसद बैठक में मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त, जदयू के राज्यसभा सदस्यों व वरिष्ठ पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। नरेंद्र मोदी की नई सरकार में जदयू की सहभागिता पर इस बैठक में निर्णय संभावित है। इस बैठक के दो घंटे बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली में एनडीए की बैठक में शामिल होंगे। गुरुवार को पूरे दिन मुख्यमंत्री दिल्ली में अपनी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों व नेताओं से मुलाकात करते रहे। एनडीए के कुछ घटक दलों के नेताओं ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। दिल्ली में पूरे दिन राजनीतिक गलियारे में इस बात को लेकर कयासबाजी का दौर चलता रहा कि जदयू के कितने लोग नए केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। यह बात सामने आ रही है कि जदयू के तीन सांसदों को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

### राहुल गांधी चुने जा सकते हैं लोकसभा में विपक्ष के नेता

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा में नेता विपक्ष चुने जा सकते हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्हें नेता चुना जाएगा। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में 8 जून को सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी। वहीं, टीएमसी से जुड़े सूत्रों ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में कई बीजेपी के सांसद और विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं।

### चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को फिर से मौका मिलने की संभावना

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीते हुए लगभग सभी मंत्री इस बार रिपीट होंगे। विवाद से जुड़े चेहरों के नाम मंत्री पद की लिस्ट से काटे जा सकते हैं। चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को पार्टी एक और मौका दे सकती है। इन्हें फिर से मंत्री पद मिल सकता है। स्मृति और राजीव को मंत्री बनने के बाद छह महीने के अंदर या तो किसी खाली सीट से लोकसभा चुनाव जीतना होगा या फिर उन्हें राज्यसभा भेजकर मंत्री पद दिया जा सकता है। स्मृति 2014 में भी अमेठी से हारने के बावजूद मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनी थीं। उन्हें राज्यसभा के जरिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय दिया गया था। भाजपा ने चुनाव में 50 केंद्रीय मंत्रियों को टिकट दिया था। इनमें 19 केंद्रीय मंत्री हार गए हैं। अमेठी से स्मृति ईरानी को कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा ने 1.67 लाख वोटों से हराया। तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर ने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को 16 हजार वोटों से हराया है।

# सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

- झारखंड से उत्तर प्रदेश की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने जीटी रोड पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

निज संवाददाता | गया

गया जिले में गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। झारखंड से उत्तर प्रदेश की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने जीटी रोड पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से जख्मी ड्राइवर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्रेन बुलाकर शवों और घायल ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा गया जिले में आमस के सिहुली गांव के पास जीटी रोड पर गुरुवार को हुआ। कार का रजिस्ट्रेशन नंबर के मुताबिक गाड़ी प्रयागराज की है। खबर लिखे जाने तक कार सवार लोगों की पहचान नहीं हो पाई। सभी झारखंड की ओर से आ रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि नींद की झपकी आने की वजह से तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा ट्रक के पीछे की ओर फंस गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चालक को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी भी मौत हो गई।



### मृतकों में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर भी शामिल

थानाध्यक्ष इंद्रजीत ने बताया कि सभी मृतक औरंगाबाद के रहने वाले थे। घटना की सूचना उनके घर वालों को दी गई है। मृतकों में एक इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष अनूप कुमार हैं। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रहती है। फिलहाल, शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

### क्रेन की मदद से निकाला गया शव

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। कार के अगले हिस्से का परखचा उड़ गया था। पुलिस ने आनन-फानन में क्रेन बुलाकर शवों और घायल ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

शिक्षा विभाग का आदेश

# बिहार में 10 जून से नए समय पर खुलेंगे स्कूल

निज संवाददाता | पटना

बिहार में भीषण गर्मी के चलते छात्र-छात्राओं के लिए बंद किए गए स्कूल 10 जून से वापस खुलने जा रहे हैं। राज्यभर में सोमवार से नए समय पर स्कूलों का संचालन किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इस स्कूलों की टाइमिंग बदल दी है। अब स्कूल सुबह 6.30 बजे खुलेंगे और 11.30 बजे छुट्टी कर दी जाएगी। एसीएस एस सिद्धार्थ के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया गया। स्कूलों की नई टाइमिंग आगामी 30 जून तक प्रभावी रहेगी। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक 10 से 30 जून तक स्कूलों में कक्षाओं का संचालन सुबह 6.30 से 11.30 बजे तक किया जाएगा। 30 जून के बाद समय बदलने पर विभाग विचार करेगा। बता दें कि बीते 29 मई को भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर राज्य के सभी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों को 8 जून तक के लिए बंद कर दिया गया था।

### भारत-नेपाल सीमा पर प्रतिबंधित कफ सिरप ले जाते तस्कर गिरफ्तार

**किशनगंज (नि.सं.)।** किशनगंज में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गलगलिया बस स्टैंड से एसएसबी और गलगलिया थाने की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में बोतल कफ सिरप के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गलगलिया थाने के थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तस्कर उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी बस स्टैंड से उतरकर बिहार के किशनगंज स्थित गलगलिया बस स्टैंड आये थे, जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। संयुक्त बल के नाका चेकिंग में मोहम्मद अतीक (20) और मोहम्मद तबरेज (18) को दो बैग कफ सिरप के साथ पकड़ा गया है, जिसमें कुल 150 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप थे जो भारत में पूर्ण रूप से बंद है। घटना में गिरफ्तार दोनों युवक स्थानीय निंबुगुड़ी गांव के रहने वाले हैं।

# नीतीश सरकार ने लॉन्च किया 'परिमार्जन प्लस' पोर्टल, जमाबंदी में आसानी से कर पाएंगे सुधार

निज संवाददाता | पटना



जमाबंदी में हुई त्रुटियों को दूर करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने परिमार्जन प्लस के नाम से एक नया पोर्टल शुरू किया है। इसमें रैयत को अपने नाम, पिता के नाम, जाति के साथ पता में हुई त्रुटि, डिजिटाइज्ड जमाबंदी में दर्ज खाता, खेसरा, रकवा एवं चौहद्दी या प्रविष्टि में त्रुटि लगान संबंधी विवरणी में सुधार करवाने का मौका मिलेगा। यह प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने गुरुवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर परिमार्जन प्लस पोर्टल पर प्राप्त मामलों का विशेष अभियान चलाकर निष्पादित करने का निदेश दिया गया है। पत्र के अनुसार, रैयत का नाम/पिता का नाम मूल जमाबंदी से भिन्न होने पर त्रुटि सुधार मूल जमाबंदी के अनुसार किया जाएगा। पता एवं जाति में सुधार अंचल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। अगर पिता का नाम मूल जमाबंदी में अंकित नहीं है तो साक्ष्य के आधार पर यह दर्ज होगा।

अगर मूल जमाबंदी में खाता, खेसरा और रकवा अंकित है तो त्रुटि निवारण उसके आधार पर होगा। परंतु मूल जमाबंदी में खाता, खेसरा और रकवा अंकित नहीं होने की स्थिति में अंचल अधिकारी रैयत द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर छूटी हुई विवरणी दर्ज करेंगे। पहले परिमार्जन में सिर्फ मूल जमाबंदी में दर्ज विवरणी के आधार पर ही डिजिटाइज्ड जमाबंदी में सुधार किया जाता था।

-कैसे होगा आवेदन सबसे पहले रैयत स्वयं को बिहार भूमि पोर्टल (biharbhumi.bihar.gov.in) पर रजिस्टर कर लागिन करेगा एवं परिमार्जन मेनू पर क्लिक करेगा। फिर डिजिटाइज्ड जमाबंदी पर क्लिक कर पुरानी जमाबंदी में सुधार के विकल्प को चुनेगा। इसके बाद रैयत को अपने नाम, पिता का नाम, पता, खाता, खेसरा, चौहद्दी एवं लगान में सुधार से संबंधित विकल्प मिलेगा। उन्हें सेलेक्ट करने पर वर्तमान विवरणी स्क्रीन पर नजर आएगी। पूर्ण रूप से भरे हुए विवरण को अंचल अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। इसकी जांच राजस्व कर्मचारी करेंगे।अगर आवेदन अधूरा पाया गया तो उसे अंचल अधिकारी के माध्यम से रैयत को लौटा दिया जाएगा। दुबारा सुधार के बाद जमा किए गए आवेदन को फिर आवेदक को लौटाने का विकल्प अंचल अधिकारी के पास नहीं होगा। मंत्री बोले, जमाबंदी को ऑनलाइन करते समय कई गलतियां हो गई थीं। इसमें रैयतों की कोई गलती नहीं थी। इसके कारण आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। परिमार्जन प्लस से इन गड़बड़ियों को दूर करने में मदद मिलेगी। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों/अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई होगी। डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग।

### पटना सहित प्रदेश में तीन दिनों तक रहेगी उमस भरी गर्मी

**पटना (नि.सं.)।** पटना सहित प्रदेश वासियों को तीन दिनों तक उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान दक्षिण बिहार के मुकाबले उत्तर बिहार में तापमान कम रहने के आसार हैं। उत्तर बिहार में थंडरस्टॉर्म की गतिविधि अधिक होने के कारण तापमान नियंत्रित रहेगा। वहीं दक्षिण बिहार में भी बीच-बीच में थंडरस्टॉर्म की गतिविधि हो सकती है। इस कारण कुछ घंटों के लिए उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। लेकिन उसके बाद फिर उमस भरी गर्मी सताएगी। पटना में गुरुवार सुबह थंडरस्टॉर्म की गतिविधि होने के कारण 30 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से तेज आंधी चली। इस कारण कई जगहों पर पेड़ भी गिर गए। इसमें एक लोगों के जान-माल की क्षति होने की सूचना है। इस दौरान सुबह के समय बादल छाया रहा। लेकिन, दोपहर बाद सूरज की तेज रोशनी निकालने के कारण राजधानी वासियों को उमस भरी गर्मी का एहसास हुआ। प्रदेश के अधिकतर शहरों में गुरुवार को थंडरस्टॉर्म की गतिविधि होने से अधिकतम तापमान में गिरावट आई। पटना सहित 6 शहरों के अधिकतम तापमान में जहां बढ़ोतरी हुई। वहीं 29 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई।

# बिहार में 2030 तक हो सकता है गंभीर जल संकट जमीन के अंदर तेजी से घट रहा पीने का पानी

निज संवाददाता | पटना

बिहार के अधिकतर हिस्से, खासकर राज्य के दक्षिणी जिलों को 2030 तक गंभीर जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है। पटना सहित प्रदेश में कई जगहों पर भूजल स्तर में गिरावट देखी जा रही है। भूजल में कमी आने के कारण पीने योग्य पानी की कमी हो रही है। बिहार को कभी जल संसाधनों से भरपूर माना जाता था। लेकिन उत्तर बिहार के दरभंगा जैसे जिलों में भी भूजलस्तर में कमी देखी जा रही है। यह जानकारी बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर सस्टेनेबल पाथवेज सेंटर द्वारा आयोजित ऑनलाइन सेमिनार में विशेषज्ञों ने दी। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सह महावीर कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के शोध प्रमुख डॉ. अशोक घोष ने कहा कि हालिया अध्ययनों के अनुसार बिहार में 2030 तक जल संकट की संभावना है। दक्षिण बिहार के जिले इससे ज्यादा प्रभावित होंगे। उन्होंने जल संकट को रोकने के लिए नेट जीरो उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिए सहायक सरकारी नीतियां, सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी और वैज्ञानिक अनुसंधान पर बल दिया।



पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आशीष कुमार ने जलवायु परिवर्तन की मानवीय लागत पर प्रकाश डाला, जिसमें हीटवेव और बिजली गिरने से होने वाली मौतें शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में बिजली गिरने से 1500 लोगों की मौत हुई है। हिमालय की तलहटी में बसे मधुबनी, पूर्णिया और किशनगंज सहित उत्तर बिहार के जिलों में भी हीटवेव देखी जा रही है। पिछले पांच वर्षों से बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत और विदाई में देरी हो रही है। जिसके कारण बारिश के दिनों की संख्या कम हो रही हैं।

70 प्रतिशत संक्रामक रोग के लिए जल प्रदूषण जिम्मेदार डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि पीने योग्य पानी में कमी आने के कारण संक्रामक रोग फैल रहा हैं।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

निज संवादाता | पटना



अखंड सुहाग का पर्व वट सावित्री पूजा गुरुवार ज्येष्ठ अमावस्या को सुहागिन महिलाओं ने पूरी आस्था, भक्ति और विश्वास के साथ मनाया। व्रती महिलाएं अहले सुबह से बरगद पेड़ के पास जुटने लगी। सुहागिनों ने रोहिणी नक्षत्र के घृति योग में बरगद वृक्ष को कच्चे सूते से सात बार बांधा और परिक्रमा की। बाद में वट वृक्ष के पास बैठकर सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी। वट वृक्ष की पूजा करने के बाद वट वृक्ष को पंखा झेला गया। पूजा के दौरान सुहागिनों द्वारा आइना, काजल, बिंदी, चूड़ी आदि श्रृंगार का सामान चढ़ाया।

पूजा के बाद व्रतियों ने वट वृक्ष को झेले गए पंखे से पति को पंखे की हवा देकर उन्हें पूजा का प्रसाद दिया। मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से पति की आयु लम्बी होती होती है। ज्योतिषाचार्य पीके युग के अनुसार वट वृक्ष के नीचे ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। इस व्रत को करके महिलाएं तीनों देवों से अपने पति की लंबी उम्र का वरदान मांगती है। इसके अलावा इस वर्ष ज्येष्ठ अमावस पर चन्द्रमा उच्च वृष राशि में है। यह भी व्रतियों के लिए शुभदायक है।

दिन चढ़ने के साथ-साथ पूजा करने वाली व्रतियों की भीड़ बढ़ती गई। बरगद के पेड़ के पास महिला व्रतियों की भीड़ पूजा के लिए देर शाम तक रही। पूजा के बाद व्रतियों ने पूरी श्रद्धा के साथ सावित्री व सत्यवान की कथा सुनी। सावित्री सत्यवान की कथा में अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए सावित्री ने यम को भी अपने नियम बदलने के लिए मजबूर कर दिया था। कथा सुनने के बाद कथा वाचक पंडितों को दक्षिणा और दान की सामग्री भेंट की। पूजा को लेकर बुधवार से ही खरीदारी का दौर शुरू हो गया जो गुरुवार दोपहर तक जारी रहा। कई महिलाएं पूजा सामग्री खरीदने के बाद सीधे वट वृक्ष के नजदीक पूजा करने पहुंची। गुरुवार की सुबह भी बाजार में फलों की बिक्री तेज रही।

रेलवे बोर्ड ने जारी की रिपोर्ट, 102 वंदे भारत ट्रेनों ने 18,423 ट्रिप लगाए

# वंदे भारत में महिलाओं से अधिक पुरुषों ने किया सफर



निज संवाददाता | पटना

रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी की है। पटना समेत देशभर के अन्य शहरों से चलने वाली 102 वंदे भारत एक्सप्रेस में मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक 38.3% महिला, जबकि 61.7% पुरुष यात्रियों ने सफर किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश की 102 वंदे भारत ट्रेनों द्वारा 18,423 ट्रिप लगाए गए हैं। इस दौरान 97.72 लाख किमी से ज्यादा की दूरी तय की गई। 26 से 45 वर्ष के यात्रियों की हिस्सेदारी 45.9%, जबकि सीनियर सिटीजन की 15.7% रही। वंदे भारत की अधिकतम स्पीड 160 किमी है। यह टक्कररोधी कवच प्रणाली से सुसज्जित है। स्वचालित तकनीक से बंद और खुलने वाले दरवाजे हैं। ये दरवाजे तब तक नहीं खुलेंगे, जब तक ट्रेन पूरी तरह से रुक न जाए।

एग्जीक्यूटिव क्लास में 180 डिग्री घूमने वाली आरामदायक सीटें हैं। प्रत्येक सीट के नीचे मोबाइल और लैपटॉप चार्ज करने के लिए प्वाइंट की सुविधा है। दिव्यांगजनों के अनुकूल शौचालय सहित अन्य सुविधाएं हैं। बेहतर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, फायर सिस्टम, आपातकालीन खिड़कियां, आपातकाल में यात्रियों को गार्ड और ड्राइवर से बात करने लिए टॉक बैक सिस्टम है।

- ऑटोमेटिक स्लाइट डोर हैं। ऑटोमेटिक फुट रेस्ट भी है, जो स्टेशन पर बाहर निकलता है।
- पैसेंजर्स की सुविधा के लिए हर सीट के नीचे चार्जिंग प्वाइंट्स भी दिए गए हैं। पैसेंजर्स के एंटरटेनमेंट का भी पूरा ध्यान रखा गया है। 32 इंच की टीवी स्क्रीन भी है।
- पैसेंजर्स की सेफ्टी के लिए फायर सेंसर, जीपीएस
- और कैमरे भी लगाए गए हैं।
- कवच नाम का सेफ्टी फीचर भी लगा है, जो इसे किसी दूसरे ट्रेन की टक्कर से बचाता है।
- दिव्यांग का पूरा ध्यान रखते हुए सीट हैंडल्स पर ब्रेल लिपि में भी सीट नंबर लिखा है।
- 180 डिग्री रोटेट किया जा सकता है। एक्जीक्यूटिव | क्लास कोच के चेयर को ।
- 160 किमी तक की स्पीड पर दौड़ने वाली ट्रेन की टॉप स्पीड 180 किमी तक है।
- 52 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ती है वंदे भारत ट्रेन।

### परिवार का आरोप है कि बच्ची के साथ पहले रेप किया गया फिर उसकी कर दी गई हत्या

# सासाराम में झारखंड की नाबालिग बच्ची की संदिग्ध हालत में मौत



- पुलिस आरोपी की तलाश में कर रही है छापेमारी
- मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बाहर निकाला गया शव
- 3 जून को शव लेकर पहुंचा ठेकेदार और दफ्न कर दिया शव

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम के ईंट भट्ठी में काम करने वाली आदिम जनजाति की नाबालिग बच्ची की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक बच्ची की उम्र सिर्फ 13 साल थी और वह झारखंड के पलामू की रहने वाली थी। परिवार का आरोप है कि बच्ची के साथ पहले रेप किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि नाबालिग की मौत के बाद ईंट-भट्टी का ठेकेदार नाबालिग का शव लेकर पलामू उसके घर पहुंचा था और बच्ची की मां की गैरमौजूदगी में शव को दफना दिया। गांव वालों ने इसकी सूचना मृतका की मां को दी। मां अपनी बेटी की हत्या को लेकर थाने पहुंची और हत्या का आरोप लगाया। दरअसल, नाबालिग बच्ची मानव तस्करी का शिकार हुई थी। लड़की कोरवा जनजाति से आती है तो उसकी गिनती आदिम जनजाति में होती है। लड़की के पिता का देहांत हो चुका है। मां जीरा कुंवर ने दूसरी शादी कर ली है। नाबालिग बिल्कुल अकेली थी, जिसका मानव तस्करों ने फायदा उठाया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। मां का आरोप है कि बच्ची के साथ पहले दुष्कर्म किया गया, फिर उसकी हत्या कर दी गई। बुधवार को पलामू पुलिस से इस मामले की शिकायत की गई। पीड़िता पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र की रहने वाली है, जबकि उसके साथ दुष्कर्म की वारदात बिहार के सासाराम इलाके में हुई है। यही वो एक ईंट-भट्ठे में काम करती थी। गांव वालों का भी आरोप है कि यहां उसके साथ दुष्कर्म करके उसकी हत्या की, फिर उसके शव को पलामू के रामगढ़ में लाकर दफना दिया। पुलिस तक जैसे ही मामला पहुंचा, इसकी जांच के लिए पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को कब्र से बाहर निकाला। इस पूरे मामले में FIR दर्ज की गयी और बिहार के सासाराम के एक ईंट भट्ठी मालिक के मालिक को मुख्य आरोपी बनाकर इसकी जांच की जा रही है। ईंट-भट्ठी मालिक और ठेकेदार को गिरफ्तार करने के लिए पलामू पुलिस की एक टीम बिहार के सासाराम पहुंची है। लिखित शिकायत में बताया है कि आठ महीने पहले मानव तस्कर क की शिकार हुई थी। पीड़िता के पिता इस दुनिया में नहीं हैं, जबकि उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली है। गांव के एक ठेकेदार ने पीड़िता को पैसे का लालच देकर बिहार के सासाराम में ईंट-भट्ठी पर काम करने के लिए भेज दिया था। 3 जून को ठेकेदार और उसके साथ कुछ लोग पीड़िता का शव लेकर पहुंचे। पीड़िता की मौत का स्पष्ट कारण किसी ने नहीं बताया। शव को गांव में ही दफना दिया गया। पीड़िता की मां उस दिन गांव से बाहर थी स्थानीय ग्रामीणों ने पीड़िता की मां को पूरे मामले की जानकारी दी। पीड़िता की मां बुधवार की देर शाम रामगढ़ थाना पहुंची और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## खेत में युवक का शव बरामद



**निज संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र में बहेरी गांव के पास खेत में एक युवक का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। वहीं परिजनों ने मारपीट कर हत्या करने का आरोप अज्ञात लोगों पर लगाया है। वार्ड प्रतिनिधि गोपाल पांडे के मुताबिक मृतक के नाक और कान से ब्लड आ रहा था। इसके साथ ही शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान भी मौजूद थे। मृतक की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी रामविलास यादव के 22 वर्षीय बेटे बलजीत यादव के रूप में हुई है। वहीं मामले को लेकर भभुआ थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गांव से एक युवक का बरामद किया गया है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। इसका साथ ही मामले की जांच की जा रही है। इसमें जो भी दोषी होंगे उसको छोड़ा नहीं जाएगा।

# खरीफ महाअभियान की हुई शुरूआत किसानों को मिली तकनीकी प्रशिक्षण



**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में गुरुवार को जिला स्तरीय खरीफ महाअभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएओ राम कुमार एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप जलाकर किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कृषि विभाग द्वारा खरीफ महाभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। खरीफ फसल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए गुरुवार से जिले में आयोजन की शुरुआत हो रही है। इस अभियान के माध्यम से किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण देते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देना है। प्रचार प्रसार के साथ विभिन्न उपादानों का वितरण पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाना है। खरीफ अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखण्ड स्तर पर इसका आयोजन शुक्रवार सात जून से किया जाना है। प्रत्येक दिन दो प्रखंडों में इसका आयोजन हो रहा है। मुख्यालय के ई-किसान भवन आयोजन होगा। बताया कि 7 जून को सासाराम एवं शिवसागर प्रखंड मुख्यालय में, 8 जून को चेनारी एवं कारगहर प्रखण्ड में, 10 जून को कोचस एवं दिनारा प्रखण्ड में, 11 जून को दावथ एवं सूर्यपुरा प्रखण्ड में, 12 जून को बिक्रमगंज और काराकाट में, 13 जून को नासरीगंज एवं अकोढ़ी गोला में, 14 जून को राजपुर एवं संझौली, 15 जून को नोखा एवं डेहरी प्रखण्ड में, 18 जून को तिलौथू एवं रोहतास प्रखण्ड में एवं 19 जून को नौहट्टा प्रखण्ड के प्रखण्ड मुख्यालय के ई किसान भवन में खरीफ महाअभियान का आयोजन किया जाएगा।

## धूमधाम से मना वट सावित्री पूजा

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास में गुरुवार को महिलाओं ने श्रद्धा के साथ वट सावित्री की पूजा अर्चना की। पति की लंबी उम्र के लिए एक दिन की उपवास के बाद सुहागिनों ने बरगद पेड़ के चारों ओर फेरे लगाकर अपने पति के दीर्घायु की कामना की। प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का यह व्रत सच्चे और पवित्र पर्व है। महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और सच्ची आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा की। त्योहार को लेकर गुरुवार की अहले सुबह से ही जिला मुख्यालय सासाराम के महावीर स्थान, स्टेशन, न्यू एरिया, धर्मशाला रोड, फजलगंज, एवं अन्य स्थानों में पूजा पाठ का दौर चलता रहा। इस दौरान बरगद वृक्ष की 108 परिक्रमा कर महिलाओं ने वटवृक्ष में मौली का धागा लपेटा। फिर कथावाचकों द्वारा मौके पर सावित्री-सत्यवान की कथा का वाचन किया गया। मौके पर कथावाचक ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इसी दिन मां सावित्री ने यमराज से पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। भारतीय धर्म में वट सावित्री पूजा स्त्रियों का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे करने से हमेशा अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीष प्राप्त होता है। कहा जाता है कि जब सावित्री पति के प्राण को यमराज के फंदे से छुड़ाने के लिए यमराज के पीछे जा रही थी। उस समय वट वृक्ष ने सत्यवान के शव की देख-रेख की थी।

## फोर लेन पर सड़क हादसे में युवक घायल

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** रोहतास के शिवसागर थाना क्षेत्र में अउंवा गेट के पास फोर लेन पर एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एनएचएआई की टीम को सूचित किया। सूचना पर पहुंची एनएचएआई की टीम ने एम्बुलेंस से घायल को सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। घायल युवक कैमूर जिला के कुदरा थाना अंतर्गत कर्मा गांव निवासी बताया जा रहा है। वहीं डॉक्टर ने घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# खरीफ महाभियान कार्यक्रम में किसानों को मोटे अनाज की खेती पर दिया गया जोर

**निज संवाददाता**



**नरहट (नवादा)।** धान की फसल में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। वाटर लेवल भी बहुत नीचे भाग रहा है। इस लिए कम खाद पानी वाला मोटा अनाज की खेती करें। मोटा अनाज स्वस्थ के लिए भी फायदेमंद होता है। उक्त बातें गुरुवार को ई किसान भवन नरहट परिसर में आयोजित खरीफ महाभियान 2024 अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी राज बिहारी ने कही। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज में मरुआ, मक्का, बाजरा आदि की खेती करने पर जोर दिया। उन्होंने मोटे अनाज बीज में मिलने वाले अनुदान के बारे में भी किसानों को बताया। बीएओ ने खरीफ मौसम में चलने वाली सभी योजनाओं की विस्तार पूर्वक किसानों को जानकारी दी। पंचायत में किस गांव में क्लस्टर सेंटर बनाया गया जिसकी जानकारी भी दी गई। प्रभारी प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी गोपाल प्रसाद द्वारा मशरूम, मधुमक्खी पालन, नींबू, आंवला, वनारशी बैर, अमरूद समेत उद्यान योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग किसानों के लिए फूल, मेंहथि की खेती पर जोर दे रही है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ धनन्जय कुमार द्वारा किसानों को पशुपालन से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रभारी प्रखण्ड तकनीकी प्रबन्धक शिवनाथ केशरवानी ने फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी दिया। कृषि समन्वयक चन्दन कुमार ने उपस्थित किसानों को कृषि यंत्रीकरण योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो भी योजना है वह सभी ऑनलाइन प्रक्रिया से मिलेगा। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष जलाने से नुकसान के बारे में बतलाते हुए बताया कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। मौसम में भी परिवर्तन हो रहा है। खेत की उर्वरा शक्ति भी घट जाती है। ग्लोबल वार्मिंग का शिकार हो रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# डंपर और सूमो में आमने सामने हुई टक्कर में दस लोग घायल, तीन की हालत गंभीर

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर बुधवार को पखनहिया गांव के पास डंपर और सूमो में आमने सामने हुई टक्कर में दस लोग जख्मी हो गए। घायलों को गुरुवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर लाया गया। जख्मी में तीन की हालत नाजुक बताई जाती है, जिन्हें वाराणसी रेफर किया गया है। घायलों में दावथ थाना के बिठवा ग्राम के यूसुफ आजाद 25 वर्ष, नूरजहां 25 वर्ष, कैशर पांच वर्ष, आरिफ 30 वर्ष, अयाज 22 वर्ष, धनवाद के खतीरा खातून 45 वर्ष, बासेपु, धनबाद के कनीज फातुम, चास के कसव खातून छह वर्ष, गुलाम मुस्तफा 35 वर्ष व संझौली के मनोज कुमार 30 वर्ष शामिल हैं। बताया जाता है कि बहन को ट्रेन



पकड़वाने के लिए बुधवार देर रात बिठवा से सपरिवार सासाराम जा रहे थे। इसी बीच पखनहिया के पास विपरीत गति से आ रहा डंपर से टकरा गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद पीएचसी लाया गया। घायलों में अयाज, गुलाम, आरिफ की हालत नाजुक है। तीनों को सिर और सीने में काफी चोटें आई हैं। अस्पताल कर्मियों के अनुसार मुंह से काफी खून निकल रहा था। सुमों में नौ लोग सवार थे, जबकि दसवां जख्मी डंपर चालक है। संझौली के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि जख्मियों के परिजनों द्वारा अब तक थाने में आवेदन नहीं दी गई है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले में 13 जुलाई 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु गुरुवार को बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक की गई । बताया गया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्र के आलोक में एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास अनुज कुमार जैन के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, सासाराम, अनुमण्डलीय विधिक सेवा समिति, बिक्रमगंज एवं डिहरी की जानी है। तैयारी को लेकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास, सासाराम के प्रकोष्ठ में बैंक के शाखा प्रबंधकों के साथ एक बैठक की गयी, जिसमें सचिव सचिन कुमार मिश्रा ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने बैंकों से संबंधित पक्षकारों को अधिक से अधिक नोटिस निर्गत करायें जिससे कि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सके। बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि सर्टीफिकेट वाद को अलग से चिन्हित कर, उसकी सूची भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, को उपलब्ध करायें जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निष्पादन किया जा सके। बैठक में शाखा प्रबंधक विजय कुमार, कौशल किशोर, रोहित कुमार, आशीष कुमार, बी०एन० यादव सहित कई अन्य उपस्थित रहे। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सचिन कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार सासाराम व्यवहार न्यायालय में सुलहनीय वादों से संबंधित पक्षकारों को नोटिस भेजने हेतु बनाने का कार्य पारा विधिक स्वयं सेवकों करने का निर्देश दिया गया।

# रांची, टाटा, रक्सौल, कटिहार एवं गया से पटना के लिए तथा मुजफ्फरपुर से छपरा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**निज संवाददाता**

**हाजीपुर (वैशाली)।** ITICAT-2024/DECE (LE)-2024 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पटना-रांची एवं पटना-टाटा के मध्य परीक्षा स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 08639/08640 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेषल (बोकारो-गोमो-गया के रास्ते) - गाड़ी सं. 08639 रांची-पटना परीक्षा स्पेषल दिनांक 08.06.2024 को रांची से 14.10 बजे खुलकर उसी दिन 23.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 08640 पटना-रांची परीक्षा स्पेषल दिनांक 09.06.2024 को पटना से 21.00 बजे खुलकर अगले दिन 05.30 बजे रांची पहुंचेगी । इस स्पेषल में प्रथम सह द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 04 तथा साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं. 08109/08110 टाटा-पटना-टाटा परीक्षा स्पेषल (पुरूलिया-गोमो-गया के रास्ते) - गाड़ी सं. 08109 टाटा-पटना परीक्षा स्पेषल दिनांक 08.06.2024 को टाटा से 16.15 बजे खुलकर अगले दिन 03.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 08110 पटना-टाटा परीक्षा स्पेषल दिनांक 09.06.2024 को पटना से 21.15 बजे खुलकर अगले दिन 07.15 बजे टाटा पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 12 तथा साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 3. गाड़ी सं. 05585/05586 रक्सौल-पटना-रक्सौल अनारक्षित परीक्षा स्पेषल (सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र के रास्ते) - गाड़ी सं. 05585 रक्सौल-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेषल दिनांक 08.06.2024 को रक्सौल से 13.15 बजे खुलकर उसी दिन 22.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05586 पटना-रक्सौल अनारक्षित परीक्षा स्पेषल दिनांक 09.06.2024 को पटना जं. से 19.10 बजे खुलकर अगले दिन 05.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। 4 गाड़ी सं. 03288/03287 पटना-कटिहार-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेषल (बख्तियारपुर-मोकामा-न्यूबरौनी-मानसी के रास्ते)-गाड़ी सं. 03288 पटना-कटिहार अनारक्षित परीक्षा स्पेषल दिनांक 08.06.2024 को पटना जं. से 13.00 बजे खुलकर उसी दिन 21.00 बजे कटिहार पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03287 कटिहार-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेषल दिनांक 08.06.2024 को कटिहार से 22.00 बजे खुलकर अगले दिन 05.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी। 5. गाड़ी सं. 05297/05298 मुजफ्फरपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर अनारक्षित परीक्षा स्पेषल (हाजीपुर-सोनपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 05297 मुजफ्फरपुर-छपरा अनारक्षित परीक्षा स्पेषल दिनांक 08.06.2024 को मुजफ्फरपुर से 15.00 बजे खुलकर उसी दिन 18.30 बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05298 छपरा-मुजफ्फरपुर अनारक्षित परीक्षा स्पेषल दिनांक 08.06.2024 को छपरा से 20.00 बजे खुलकर उसी दिन 22.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। 6. गाड़ी सं. 03667 गया-पटना वन-वे अनारक्षित परीक्षा स्पेशल - यह स्पेशल दिनांक 08.06.2024 को गया से 20.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेषनों पर रूकते हुए उसी दिन 23.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

## एक किलो 111 ग्राम गांजा के साथ एक धराया

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के दायबिगहा गांव से गुप्त सूचना के आधार पर नरहट पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में एक व्यक्ति के घर से एक किलो एक सौ ग्यारह ग्राम गांजा बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि द्वारिका चौहान उम्र करीब 42 वर्ष पिता नेमचंद चौहान ग्राम दाई बीघा थाना नरहट जिला नवादा के पास से उनके घर में एक किलो एक सौ ग्यारह ग्राम गांजा बरामद किया गया तथा उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में कांड दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# एसपी की अनुसंशा पर मो0 औरंगजेब का शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से किया गया निलंबित

**निज संवाददाता**

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदेश निर्गत किया गया है कि पुलिस अधीक्षक के लिखित पत्र के अनुसार शस्त्र अनुज्ञपितधारियों का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्दीकरण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र के साथ थानाध्यक्ष, पकरीबरावां का प्रतिवेदन में साफ अंकित है कि पकरीबरावां थानान्तर्गत शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या-176/2004 के धारक शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी मो० औरंगजेब उर्फ औरंगजेब मलिक, पिता-एनुल हक उर्फ एनुल मलिक, सा०-राईस, थाना-पकरीबरवॉ, जिला-नवादा के विरुद्ध पकरीबरांवा थाना में विभिन्न कांड दर्ज है।पुलिस प्रतिवेदन में अंकित है कि शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी मो० औरंगजेब उर्फ औरंगजेब मलिक, पिता-एनुल हक उर्फ एनुल मलिक, सा०-राईस, थाना- पकरीबरांवा, जिला-नवादा एक सक्रिय अपराधी है। जिनके पास शस्त्र का अनुज्ञप्ति होना अथवा शस्त्र रखना सुरक्षा के दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में आम जनता की सुरक्षा की दृष्टिकोण से दिनांक 30.05.2024 को आयोजित जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक की कार्यवाही में लिये गये निर्णय के आलोक में शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी मो० औरंगजेब उर्फ औरंगजेब मलिक पिता-एनुल हक उर्फ एनुल मलिक, सा०-राईस, थाना-पकरीबरवों, जिला-नवादा के नाम से निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्ति सं0-176/2004 पकरीबरावों थाना को आयुध अधिनियम-1959 की धारा-17(3) (बी) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। थानाध्यक्ष, पकरीबरावां को निदेश दिया गया है कि पत्र का तामिला संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को करवाते हुए उनके शस्त्र को अविलंब थाना के मालखाना में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

# गर्मी से सड़कों पर पसर रहा सन्नाटा, झुलस रहा शरीर

**निज संवाददाता**



**नवादा।** नवादा रोहिणी नक्षत्र समाप्त होने में दो दिनों का समय शेष है, जून 06 तो ज्येष्ठ 15 दिन व्यतीत होने के बावजूद गर्मी की तल्खी में किसी प्रकार की कमी नहीं आ रही है। और तो और बरसात आरंभ होने के पूर्व महिलाओं द्वारा की जाने वाली वटवृक्ष पूजा का समापन भी हो गया। भीषण गर्मी के कारण लोगों का आवश्यक काम-काज प्रभावित हो रहा है। 10 बजे के बाद शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। इस बीच लू से मौत का सिलसिला जारी है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। बढ़ती गर्मी व बिजली की आंख मिचौनी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कें और गलियां नौ बजते बजते विरान हो जा रही हैं। प्रचंड गर्मी के कारण घर से बाहर निकलते ही शरीर झुलस रही है। आसमां से बरस रही आग के शोले के बीच कहीं आना-जाना मुश्किल हो गया है। सुबह से ही सूर्य की किरणों की तपिश बढ़ने लगती है। कूलर और पंखे से भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बढ़ती गर्मी के चलते जन जीवन पर इसका गहरा असर देखने को मिल रहा है। पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल हैं। सुबह से शाम तक अचानक गर्मी बढ़ने से राहगीरों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिले के प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों जैसे अकबरपुर, गोविन्दपुर,रजौली, सिरदला,वारिसलीगंज, पकरीवरावा, कौआकोल, मेसकौर आदि बाजारों पर भी गर्मी का असर है और दोपहर में बाजारों, सड़कों पर सन्नाटा छा जा रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में तालाबों व आहर आदि में पानी नहीं रहने के कारण पशुओं और पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए भारी दिक्कत हो रही है। कई गावों में हैण्डपंप की खराबियों के चलते लोगों को पानी के लिए फजीहत उठानी पड़ रही है। भीषण गर्मी दुकानदारों को मुनाफा कमाने का खूब मौका मिल रहा है। कपड़ा बाजार से लेकर इलेक्ट्रानिक सामान और शीतल पेय आदि की दुकानों पर कदम रखने तक की जगह नहीं है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। दूसरी ओर जिले में बिजली की आंख मिचौनी गर्मी की तेवर को और तल्ख कर दे रहा है। कभी मेंटनेंश के नाम पर तो कभी पथ निर्माण के नाम पर घंटों बिजली काट देना आम है। इसके साथ ही लो वोल्टेज- हाइ वोल्टेज की समस्या से भी लोगों को जूझना पड़ रहा। ऐसे में लोगों को बारिश का इंतजार है।

# दो महिला समेत छह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद में पुलिस ने कई मामलों के फरार कुख्यात अमिताभ रंजन उर्फ पप्पू शर्मा को हथियार और कारतूस के साथ घर दबोचा है। पुलिस द्वारा इस अपराधी पर 200000 का इनाम भी घोषित किया गया था। बताया गया कि गुप्त सूचना मिली कि परसबीघा थाना क्षेत्र के सेंधवा गांव निवासी दो लाख का इनामी कुख्यात अपराधी पप्पू शर्मा अपने गांव आया हुआ है, सूचना के बाद पुलिस से टीम बनाकर उस गांव स्थित उसके घर में छापेमारी की गई। अपराधी पप्पू शर्मा और उसके परिजनों द्वारा पुलिस पर हमला किया गया, लेकिन पुलिस के सामने उन लोगों की एक नहीं चली। पुलिस ने अपराधी पप्पू शर्मा के साथ-साथ उनके सहयोगी और उनकी पत्नी और पुत्री सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को काफी लंबे समय से इस कुख्यात अपराधी की तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है। इस अपराधी के पास से एक रेगुलर राइफल एक देसी पिस्तौल, 56 जिंदा कारतूस और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी बिहार और झारखंड का मोस्ट वांटेड है, यह शातिर अपराधी पुलिस से बचने के लिए अपने आप को मृत घोषित कर चुका था और फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस उनकी हर गतिविधि पर नजर रख रही थी जिसके कारण इसकी गिरफ्तारी संभव हो पाई है।

## हरियाणा के धंधेबाज को 10 वर्ष की कठोर कैद

**अधौरा (कैमूर) (नि.सं.)।** विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय धर्मेन्द्र कुमार तिवारी की अदालत ने ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामदगी मामले में हरियाणा के धंधेबाज को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी। अदालत ने दस वर्ष कैद के अलावा एक लाख रुपया अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर अभियुक्त को छह माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी। सजा पाने वाला मंगेश सिंह हरियाणा के चरखी दादरी जिला के बार्डरा थाना क्षेत्र के जीतपुरा निवासी धर्मपाल सिंह का पुत्र बताया गया है।

# सुहाग की रक्षा के लिए महिलाओं ने किया वटवृक्ष की पूजा

निज संवाददाता

**नवादा।** भारतीय संस्कृति में आदर्श नारीत्व का प्रतीक वट सावित्री व्रत मनाया गया। अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना के लिये स्त्रियां ये व्रत करती हैं। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाए जानेवाले इस व्रत में वट और सावित्री की पूजा की जाती है। सत्यवान-सावित्री की मूर्ति की किया पूजाः -सुहागन महिलाएं वटवृक्ष के नीचे सत्यवान एवं सावित्री की मूर्ति स्थापित कर, धूप, दीप, रोली- सिंदूर से पूजन किया और क्षलाल कपड़ा सत्यवान और सावित्री को निवेदित किया। अत्यंत पवित्र है बरगद का पेड़ः- वट यानी बरगद का पेड़ पीपल की तरह ही पवित्र माना जाता है। वटवृक्ष को देवताओं का वृक्ष यानी देववृक्ष कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बरगद की जड़ में ब्रम्हा, मूल भाग में भगवान विष्णु और अग्रभाग में देवाधिदेव महादेव स्थित होते हैं। देवी सावित्री वटवृक्ष में ही प्रतिष्ठित रहती हैं। कहते हैं कि



इसी पेड़ के नीचे सावित्री ने अपने पति को यमराज से वापस पाया था तभी से इसे वट सावित्री के नाम से जाना जाने लगा। वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करने से लाभः- पूजा अर्चना करने के बाद महिलाओं ने घर जा पंखे से अपने पति को हवा दिया और पति का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। हिंदू पुराण में बरगद के पैर में ब्रह्मा विष्णु और महेश का वास बताया जाता है। मान्यता के अनुसार ब्रह्मा वृक्ष की जड़ में, विष्णु इसके तने में और शिव ऊपरी भाग में रहते हैं। इसी वजह से व्रत को वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजन करने से मनोकामना पूर्ण होती है। आज के ही दिन सावित्री ने अपने पति के प्राणों की रक्षा यमराज से की थी। आज का दिन सावित्री का है और पति के प्रति प्रेम निष्ठा का यह अनुष्ठान आज महिलाओं के बीच मानया जा रहा है। सुहागिन महिलाओं ने कहा कि अपने सुहाग की रक्षा और उनकी लंबी उम्र की कामना के लिए वो सभी लोग सावित्री व्रत पूजा कर रही हैं और बरगद के पेड़ पर उन्होंने पूरी विधि के साथ जल अर्पण कर रक्षा सूत्र बांधा है। सुहागिनों ने किया सोलह श्रृंगारः - सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर आज वट सावित्री व्रत रखा। मौके पर उन्होंने वट यानी बरगद के पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना की। जिले में विभिन्न जगहों पर मंदिरों एवं बरगद के पेड़ के पास व्रत और पूजा को ले बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ मंदिरों में लगी रही। सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूरे आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा में लीन नजर आई।

## वट वृक्ष में सुहागिनों महिलाओं ने धागा बांधकर पति के लंबी उम्र की कामना

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सुहागन महिलाओं ने गुरुवार को वटवृक्ष की पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नारदीगंज बाजार, ओड़ो, कहुआरा, रामे, हंडिया समेत अन्य गांवों में सुहागन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की। पूजा को लेकर सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करने के लिए पहुंची। पंडित दिनकर मिश्र ने बताया सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्यवती होने व पति के लंबी आयु के लिए आज के दिन वट वृक्ष की पूजा करती है। इसके लिए महिलाएं सुबह से उपवास रहकर कर वट वृक्ष में फेरी लगा कर धागा बांधती है। साथ ही वृक्ष के आयु की तरह अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करती है। उन्होंने कहा पतिव्रता सती सावित्री ने अपने पति की प्राण हरने आये यमराज से जिद्द कर वट वृक्ष के नीचे ही अपने पति के प्राण वापस लौटा ली थी। उसी पौराणिक कथाओं पर आज भी महिलाए व्रत कर वट वृक्ष की पूजा करती है और अपने पति के सुहाग को अमर रखने की कामना करती है।



## केस अनुसंधानकर्ता पर पीड़ित महिला ने लगाई पक्षपात का आरोप

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत के धुरगांव निवासी किशोरी मिस्त्री की पत्नी मीना देवी ने थाना काण्ड संख्या 164/24 के केस अनुसंधानकर्ता एसआई नूर आलम पर पक्षपात का आरोप लगाई है। साथ ही एसडीपीओ रजौली गुलशन कुमार को लिखित शिकायत पत्र देकर सभी वस्तु स्थिति बताकर अनुसंधानकर्ता को बदलने की गुहार लगाई है। पीड़िता ने कहा कि बीते 31 मार्च 2024 को मुस्लिम मोहल्ला के बुटु खान के पुत्र बाबर खान, मुमताज खान के पुत्र गुफरान खान व राजा खान, मोजिम खान के पुत्र हसनैन खान व मुजफ्फर खान, ताहिर खान के पुत्र जाहिद खान, सजिम खान के पुत्र सोहेब खान के अलावे अन्य पांच लोग जबरन घर में घुसकर लाठी-डंडा, तलवार एवं लोहे के रड से प्रहार कर मेरे पति किशोरी मिस्त्री एवं पुत्र अंकित कुमार के अलावे मुझे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद हम तीनों लोग बेहोश हो गए थे। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से थाना लाया गया। थाना से पुलिसकर्मियों ने अनुमंडलीय अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया, किन्तु मारपीट के कारण गम्भीर स्थिति रहने के कारण पति एवं पुत्र को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने कहा कि पुत्र अंकित कुमार के सिर एवं कान के अलावे शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें रहने के बावजूद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं मेरे पति के सिर में कई फ्रैक्चर है, जिसके कारण उनका दिमागी संतुलन बिगड़ा हुआ है। पीड़िता ने कही कि इसके बावजूद केस अनुसंधानकर्ता ने अबतक हम पीड़ितों में किसी का ब्यान नहीं लिया है। साथ ही मेडिकल रिपोर्ट एवं केस डायरी भी कोर्ट में जमा करने में कोताही बरत रहे हैं। जिससे आरोपियों के बेल होने में सहूलियत हो रहा है। आरोपी न्यायिक हिरासत से निकलने के बाद केस उठाने को लेकर तरह-तरह की धमकियां एवं गाली-गलौज किया जा रहा है। पीड़िता ने केस अनुसंधानकर्ता पर एक ही समुदाय के होने के कारण पक्षपात का आरोप लगाया है। हालांकि पीड़िता द्वारा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार को शिकायत किये जाने पर भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।तब जाकर पीड़िता ने एसडीपीओ को सारी बातों से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पर एसडीपीओ गुलशन कुमार ने कहा कि पीड़िता मीना देवी द्वारा केस अनुसंधानकर्ता के अनियमितता को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। सर्किल इंस्पेक्टर को जांच हेतु निर्देश दिया गया है। जांच में केस अनुसंधानकर्ता दोषी पाए जाएंगे, तब उन्हें केस के अनुसंधान से हटाया जाएगा।

## पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने उपवास रखकर गुरुवार को वट वृक्ष की पूजा की

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार समेत पुरानी बस स्टैंड, बाजार, संगत, बांके मोड़, बजरंगबली चौक एवं प्रखण्ड क्षेत्र के अमावां, हरदिया, बहादुरपुर आदि गांव व टोला के विभिन्न स्थानों पर वट वृक्षों पर पूजा अर्चना के लिए गुरुवार को विवाहिताओं की भीड़ दिखी। तेज गर्मी का भी इनपर असर नहीं दिखाई दे रहा था।ये सुहागिने सजधज कर पूजा सामग्री सजाकर घर से निकली थी। विवाहिता पूजा करने से पहले सुबह पूरे घर की सफाई करने के बाद एक बांस की टोकरी में वट सावित्री व्रत की पूजा की सामग्री, सत्यवान-सावित्री की मूर्ति, बांस का पंखा, लाल धागा, धूप, मिट्टी का दीपक, घी, फूल, फल, चना, रोली, कपड़ा, सिंदूर व जल से भरे हुए तांबे का लोटे को व्यवस्थित कर पूजा शुरू की गई। वटवृक्ष के नीचे साजो श्रृंगार के साथ सुहागिनों ने निर्जला रह वट वृक्ष के तने पर परिक्रमा कर कच्चे धागे को लपेंटी। विवाहिताओं में कोई पांच तो कोई 11,21,51 या 108 बार परिक्रमा कर पेड़ में सूत लपेटा और परिक्रमा लेकर विधि-विधान से वट-वृक्ष की आरती उतारी तथा वटवृक्ष



के नीचे गुड़, आटा से बने गुलगुले, बिंदी, चूड़ी, फल सिंदूर और पीले सूत की माला से पूजा कर सत्यवान और सावित्री की अपने-अपने पूजारी ब्राह्मणों से कथा सुनी। उसके बाद महिलाएं अपने बड़े बुजुर्ग महिलाओं का आशीर्वाद पेड़ों के पास ली। परिक्रमा के पश्चात वट सावित्री व्रत की कथा सुनी और बांस की टोकरी में वस्त्र, फल, मिठाई आदि रखकर दान किया। बजरंगबली मंदिर के पुजारी घनश्याम पांडेय ने कहा कि वट सावित्री व्रत को सौभाग्य, दीर्घायु और आरोग्य प्रदान करने वाला व्रत माना जाता है। हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि जो भी स्त्री वट सावित्री व्रत रखती है, उसका वैवाहिक जीवन सुखमय होता है व पति दीर्घायु होता है। इस व्रत को करने के लिए उपरटंडा व पुरानी बस स्टैण्ड के वट वृक्ष के समीप महिलाओं की भीड़ सर्वाधिक रही। पूजा अर्चना करने वाली महिलाओं ने बताया कि आज के दिन सुहागिन महिलाएं उपवास रखकर वटवृक्ष की पूजा करने के बाद ही जल को ग्रहण करतीं है। क्षेत्र में सुबह से ही बरगद के पेड़ के पास महिलाओं की लंबी लाइन लग गई थी। सजी संवरी महिलाएं हाथों में पूजा की थाली लिए बरगद के पेड़ के पास अपनी बारी आने के इंतजार में खड़ी थी। बहुत सी महिलाओं ने अपने घर पर ही बरगद के पेड़ की डाली मंगवाकर पूजा की। ऐसा मानना है कि आज के दिन बरगद की पूजा करने से पति की लंबी उम्र होती है।

## चोर गिरोह का युवक को थानाध्यक्ष ने किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के महादेव मोड़ के समीप थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने चोरी के एक बाइक के साथ बाइक चोर गिरोह के एक युवक को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि बीते दिन लगभग 10 बजे विशेष छापेमारी अभियान में सती स्थान के पास थे। इसी बीच दूरभाष के माध्यम से बाइक चोर गिरोह के एक युवक के बारे में गुप्त सूचना मिली। सूचना के माध्यम से बताया गया कि युवक चौथा ग्राम से महादेव मोड़ की ओर आ रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर महादेव मोड़ के पास युवक का इन्तेजार करने लगे। इसी बीच एक लाल रंग के बाइक पर सवार युवक पुलिस को देख भागने का प्रयास किया जाने लगा। जिसे पुलिस बलों के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया। धराये युवक से बाइक सीबी शाइन संख्या बीआर02एबी9618 के कागजातों की मांग की गई, तो उन्होंने कहा कि वे चोरी के बाइक को शराब बेचने वाले लोगों को कम दाम पर उपलब्ध करवाता है। साथ ही उपयोग कर रहे बाइक संख्या बीआर02एबी9618 भी चोरी का बाइक है।

## पैदल मार्च कर बजरंगबली मंदिर में भगवान के चरणों में जीत समर्पित

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के नेतृत्व में देश में फिर से एक बार मोदी सरकार, भाजपा नीत एनडीए सरकार बनने पर बजरंगबली चौक मंदिर में हनुमानजी जी के चरणों में जीत समर्पित किया। मंदिर प्रांगण में हनुमान जी के चरणों में नरेन्द्र मोदी विवेक ठाकुर एवं गिरिराज सिंह का चित्र रख कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय तिलक लगाकर हनुमान चालीसा, आरती गाकर ईश्वर से प्रार्थना किया कि देश के विकास के लिये नरेन्द्र मोदी, नवादा के विकास के लिये विवेक ठाकुर एवं बेगूसराय के विकास के लिये गिरिराज सिंह पर हनुमानजी सदैव अपना कृपा बनाये रखें। उसके उपरांत हाट चौक चौराहे पर आतिशबाजी, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, विवेक ठाकुर, गिरिराज सिंह जिंदाबाद, एनडीए गठबंधन जिंदाबाद के नारों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक विजयी उत्सव मनाया। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि देश की जनता ने हमारे नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर फिर से एक बार विश्वास व्यक्त कर पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा, एनडीए की सरकार बनाया है। ये जीत मोदी सरकार के आम-आवाम के हित में किये गए कार्य, जनकल्याणकारी योजनाओं, देश के विकास की जीत है। देश की आम-आवाम ने उत्सुकता के साथ अपना एक-एक बहुमूल्य वोट देकर मोदी को आर्शीवाद देने का काम किया है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता आहलादित उत्साहित है कि हमारे देश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ऐसा शख्स बनने जा रहा है जिन्होंने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में भारत को हर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति की दिशा में खड़ा करने में बिना विश्राम किये कार्य किया है। आज हम सभी भारतवासीं का डंका देश ही नहीं विदेशों में बजता है इसका श्रेय हमारे नेता नरेन्द्र मोदी को जाता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम पत्र में फिर से एक बार जिक्र किया है कि मैं अपने जीवन का पल-पल और शरीर का कण-कण सदैव राष्ट्र के सेवा में समर्पित रहेगा। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सभी रजौली भाजपा के कार्यकर्ता इसलिये भी प्रसन्न है कि अपने नवादा संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के भाजपा समर्थित उम्मीदवार विवेक ठाकुर एवं बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह ने जीत दर्ज किया है। हमारे नेता विवेक ठाकुर को नवादा संसदीय क्षेत्र की समरस समाज, जाति धर्म समुदाय के लोग, प्रबुद्धजनों ने आर्शीवाद रूपी एक-एक वोट देकर जीताने का काम किया है। विवेक ठाकुर के नवादा सांसद बनने से नवादा हर-क्षेत्र में अग्रणी भूमिका की दिशा में विकसित नवादा के सपनों को साकार करेगा। हमारे नेता विवेक ठाकुर सदैव सभी नवादा वासियों, प्रबुद्धजनों, समरस समाज को साथ लेकर जनसेवक के रूप में नवादा को विकसित बनाने की दिशा में निरंतरता के साथ कार्य करेगे। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से फिर से एक बार बेगूसराय का सांसद गिरराज सिंह के बनने पर विकसित बेगूसराय बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा। बेगूसराय विकास के हर क्षेत्र में गिरिराज सिंह के नेतृत्व में आगे बढेगा। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि रजौली के सभी देवतुल्य जनता जर्नादन, भाजपा के देवदुर्लभ कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों, समरस समाज के लोग, जनता जर्नादन ने नवादा संसदीय क्षेत्र से विवेक ठाकुर को सांसद बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाई। मैं सबों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर वरिष्ठ नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार अधिवक्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, मंडल महामंत्री संतोष कुमार वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार, रूपेश धनराज, दीपक कुमार दीपू, अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मंडल उपाध्यक्ष धनंजय कुमार धन्नु, मनोज बरहपूरिया, दिलीप कुमार द्वीप, किसान मोर्चा जिला मंत्री पवन कुमार, अतिपिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, ऋषि कपूर, भोला राजवंशी, मिथिलेश राजवंशी, मनोज राजवंशी, संजय कुमार बंटी, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, नवीन कंधवे, ललन कुमार दिनकर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामभजन प्रसाद,चंदन सेठ, आकाश कुमार, नीरज कुमार मंटू, नवीन कुमार मिंटू, पंकज कुमार गौतम, भूषण सिंह, शंपू सिंह, भोला सिंह, पंकज सिंह, सुनील राजवंशी, गप्पू सिंह, पप्पू साव,नवशीष साव, भोली सिंह, संतोष साव, सुदीप कुमार, सोना देवी, कुलदीप ठाकुर, राजेश सिंह, शशि रंजन, कंचन कुमार, गौरव कुमार सैकड़ों रजौली भाजपा परिवार उपस्थित थे।

## पूर्व मध्य रेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस का आयोजन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की उपस्थित में हाजीपुर स्टेशन के पास समपार संख्या 54 पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समपार सं. 54 पर आयोजित कार्यक्रम में रेलवे क्रासिंग को लेकर विभिन्न मुद्दों से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत स्काउट एवं गाइड, सोनपुर द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक,सोनपुर विवेक भूषण सूद, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रभात कुमार सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। सोनपुर, समस्तीपुर, दानापुर, धनबाद एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलों में मानवरहित/मानव सहित समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाले सावधानियों से संबंधित जानकारियां पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क उपयोगकर्ता के मध्य बैनर, पम्पलेट एवं हैंडबिल



का वितरण तथा जगह-जगह पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। साथ ही गेटमैन तथा आमलोगों की काउंसलिंग भी की गई। इस दौरान रेल सुरक्षा बल, स्काउट एवं गाइड के सदस्यों आदि ने लोगों को रेलवे क्रासिंग पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील की गई कि आपका जीवन अमूल्य है ऐसे में रेलवे फाटक बंद होने पर धैर्य रखें तथा फाटक खुलने पर ही रेलवे ट्रैक पार करें। रेलवे ट्रैक पार करते समय ईयर फोन/मोबाईल आदि का उपयोग कदापि ना करें। समपार फाटक पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारतीय रेल द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। समपार फाटक के भी मिलता है। गाड़ी की गति को धीमी करने के लिए स्पीड ब्रेकर एवं रबर स्ट्रिप्स की व्यवस्था भी की गई है। मानव सहित समपार फाटकों पर तैनात गेटमैन की सजगता की जांच के लिए आकस्मिक निरीक्षण किए जाते हैं। यदि कोई ट्रेन किसी समपार से 110 किलोमीटर प्रति घंटा की गति गुजरती है तो पास पहुंच रहे मोटरचालक के लिए आगे रेलवे क्रॉसिंग है, संबंधी साइन बोर्ड लगाए गए हैं। इसके बाद उन्हें स्टॉप बोर्ड इसे 100 मीटर की दूरी तय करने में केवल चार सेकेंड ही लगते हैं। इसलिए समपार फाटक पार करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। समपार फाटक नजदीक आने पर गाड़ी का म्यूजिक सिस्टम के साथ-साथ इयरफोन का प्रयोग करना खतरनाक सिद्ध हो सकता है।

## ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव ने फिर मांगा स्पष्टीकरण

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** नवादा के तत्कालीन डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के द्वारा कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चांद के विरुद्ध प्रपत्र क गठन करने के साथ ही विभागीय कार्रवाई करने हेतु की गई। अनुशंसा के आलोक में ग्रामीण विकास विभाग ने बीडीओ पर शिकंजा कसा है। बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव रवि कुमार ने 04 जून को एक बार फिर पत्राचार कर बीडीओ से कंडिकावार साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण की मांग की है। प्रतिवेदित आरोप पत्र के आलोक में आरोपों पर कंडिकावार स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर साक्ष्य सहित एक सप्ताह के अंदर समर्पित करें कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध नियमानुकूल अनुशासनिक कार्रवाई की जाय।

## जीत पर पूर्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने दी बधाई

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** नवादा लोकसभा का चुनाव में भाजपा उम्मीदवार डा. विवेक ठाकुर की जीत पर नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी है, वही शुभकामनाएं देने वाले का सिलसिला जारी है। इस दौरान भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाईयां को बांट कर शुभकामनाएं दी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

**चतुर्थ श्रेणी के इच्छुक संवेदको के सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रण**

विभागीय संकल्प–9458(भ0) दिनांक–06.09.2018 द्वारा वर्णित कंडिकाओं के आलोक में वितीय वर्ष 2024–25 में अनुरक्षण/मरम्मति शीर्ष के अन्तर्गत आकस्मिक/आपातकालीन/अत्यावश्यक स्थिति के कार्यो के लिए नामांकन के आधार पर कार्य आवंटन एवं कार्य करने हेतु औरंगाबाद जिला में भवन प्रमंडल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के 20 संवेदकों को विहित मॉडल प्रपत्र/विभागीय प्रक्रिया के अनुसार चयन/सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव विहित प्रपत्र में स्पष्ट एवं पठनीय (कम्प्यूटराईज्ड) रूप में भरकर वांछित कागजातों एवं आवश्यक **अग्रधन की राशि रू0 5000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र Ograss (ereceipt.bihar.gov.in) के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद** के नाम से भुगतेय हो, (जो लौटाया नही जायेगा) के साथ दिनांक–25.06.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक प्रमंडलीय कार्यालय में समर्पित करना होगा।

प्रस्ताव हेतु विहित प्रपत्र/प्रारूप कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष में दिनांक–19.06.2024 तक प्राप्त कर सकते हैं। विहित प्रपत्र दो खंडो **प्रपत्र 'क' एवं प्रपत्र 'ख'** में होगा प्रपत्र 'क' में आवेदक का बायोडाटा एवं वांछित प्रमाण पत्र तथा प्रपत्र 'ख' में उनके द्वारा विगत तीन वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) में अनुरक्षण/मरम्मति अन्तर्गत किये गये कार्यो का विवरण, होगा। प्रपत्र 'क' एवं 'ख' को एक बड़े आकार के लिफाफे में सीलबंद कर तथा उसके उपर अपना नाम एवं वर्तमान पता अंकित कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय में उपरोक्त वर्णित तिथि को समर्पित करना होगा।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 001148 ( B C D ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –02/औरंगाबाद/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 05.06.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की ) तिथि एवं समय :–दिनांक 19.06.2024 से 10.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.06.2024 से 10.07.2024 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) दिनांक–11.07.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in )
7 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :–(i) दिनांक 25.06.2024 को अपराहन 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक–24.06.2024 को अपराह्न 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :–(i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। (iii) मुख्य अभियंता(द0) भवन निमार्ण विभाग पटना कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन
11. कार्य विवरणी:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत संयुक्त श्रम भवन(G+1) का निर्माण कार्य | 618.617 | 12,37,234/- | 10,000.00 | As per website | 12 माह |
| | कुल | 618.617 | | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 001114 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# संक्षिप्त समाचार

## चाकूबाजी कांड : झगड़े में बीच बचाव करने में प्रिंस की मौत

**गया।** डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा गांधी मोड़ के पास सोमवार की देर शाम पैसे के विवाद में चाउमीन दुकानदार व उसके भाई ने दो युवकों के पेट में चाकू मारकर जख्मी कर दिया था। गंभीर रुप से जख्मी डेल्हा के रहने वाले रवि की उसी रात अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई थी। इस घटना में घायल दूसरे युवक छोटकी नवादा गांधी मोड़ के पास के ही रहने वाले प्रिंस कुमार को भी गंभीर हालत में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रिंस की भी दो दिनों के इलाज के बाद मंगलवार की रात मौत हो गई। इस दोहरे हत्याकांड का आरोपित चाउमीन दुकानदार आनंद दास व उसका भाई फरार है। पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी कर रही है। डेल्हा थानाध्यक्ष देवराज इंद्र ने बताया कि चाउमीन दुकानदार आनंद दास डेल्हा का ही रहने वाला है, जिसकी रवि से जान-पहचान थी और दोनों के बीच पैसे के लेनदेन का मामला चल रहा था। सोमवार की शाम रवि अपने कुछ दोस्तों के साथ बकाया पैसा मांगने छोटकी नवादा पहुंचा था। बताया कि रवि के साथ गए एक लड़की की प्रिंस से जान-पहचान थी, इसलिए उन लोगों ने उसे भी बुला लिया था। पैसे मांगने को लेकर वहां विवाद हुआ और चाउमीन दुकानदार आनंद दास व उसका भाई रवि के साथ उलझ गया। इसी क्रम में उसके भाई ने दुकान में रखे चाकू से रवि के पेट में दो-तीन वार कर दिया। इस हमले में रवि के पेट से आंतें बाहर आ गई थी, जिसे प्रिंस व साथ आये लड़कों ने ही पेट में गमछा बांधकर अस्पताल भेजा था। रवि के साथ चाउमीन दुकानदार व उसके भाई द्वारा किये जा रहे झगड़े में प्रिंस बीच बचाव कर रहा था। मामला तूल पकड़ने पर जब दोनों भाईयों ने रवि के पेट में चाकू मारा, उस समय रवि के पेट में गमछा बांधने के बाद प्रिंस मामले को सुलझाने का ही प्रयास करता रहा। लेकिन बीच बचाव से गुस्साये आनंद दास व उसके भाई ने प्रिंस के पेट में चाकू मार दिया।

## चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गया।** कोतवाली थाने की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया शख्स थाना क्षेत्र के मुरली हिल का राहुल कुमार है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी व वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग देख बाइक सवार युवक भागने लगा, जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ा गया।

## विशेष समकालीन अभियान में 56 गिरफ्तार, भेजा जेल

**गया।** गया पुलिस की ओर से मंगलवार को जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी सहित अवैध खनन व शराब तस्करी पर लगाम को लेकर विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इसमें 56 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। वहीं वाहन जांच में एक लाख 85 हजार रुपए शमन राशि वसूली गई। इस अभियान में दुष्कर्म कांड में एक, आर्म्स एक्ट में दो, अपहरण कांड में एक, हत्या के प्रयास कांड में 12, चोरी कांड में एक, अन्य कांड में एक, वारंट की कार्रवाई में 20 व शराब कांड में 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अभियान के दौरान 51 वारंट का निष्पादन किया गया। जिलेभर में चलाए गए वाहन जांच में एक लाख 85 हजार रुपए शमन राशि वसूली गई। अवैध खनन, शराब तस्करी व अन्य में सात ट्रैक्टर, एक बाइक, एक पिकअप, एक देशी कट्टा व एक खोखा जब्त किया गया। अभियान में 1.125 लीटर विदेशी शराब व 30 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अपराधियों को गिरफ्तार करने, अवैध खनन व शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए सभी अनुमंडल, अंचल व थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 56 अभियुक्तों को पकड़ा गया। अधिक से अधिक संख्या में अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डीएम ने दिया भूगर्भ जलस्तर चेक करवाते रहने का आदेश


**गया।** गर्मी के मौसम में गया जिले में किसी भी टोलों या कस्बों में पेयजल का संकट उत्पन्न नहीं हो, इस उद्देश्य से कार्यपालक अभियंता पीएचईडी के साथ-साथ पूरी टीम को अलर्ट मोड में रखा गया है। डीएम गया डॉ. त्यागराजन एसएम स्वयं हर दिन शाम को विभाग के अभियंताओं से पेयजल समस्या संबंधित जानकारी लेते हैं, ताकि कहीं भी छोटा से छोटा टोला में रहने वाले लोगों को पानी की दिक्कत न सामना करना पड़े। बताया गया कि गया ज़िला का औसत भूगर्भ जलस्तर 36.75 फीट है। जिसमें परैया 35.23, बोधगया 41.09, अतरी 36.76, बेलागंज 42.87, गया टाउन 45.68, खिजरसराय 35.71, कोच 37.3, मानपुर 40.58, मोहड़ा 36.13, नीमचक बथानी 36.25, टनकुप्पा 39.74, और वजीरगंज 34.11 फीट औसत भूगर्भ जल स्तर है। डीएम ने निर्देश दिया है कि हर 15 दिनों के अंतराल पर भूगर्भ जलस्तर की मापी करवाते रहें। ताकि उसी हिसाब से सभी तरह के आवश्यक कदम उठाया जा सके और टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई जा सके।

## आईएमए और ब्रह्माकुमारी संगठन ने साथ मिल मनाया पर्यावरण दिवस

**गया।** इंडियन मेडिकल एसोशिएसन, गया ने ब्रह्माकुमारी संगठन, गया के साथ मिलकर बुधवार शाम को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए के अध्यक्ष डॉ चौधरी लक्ष्मी नारायण ने की। वहीं, स्वागत भाषण डॉ आर के चंदेल ने दिया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक बीपार्ड से बी के संजय ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज पर्यावरण को बचाना समय की सबसे बड़ी मांग है। जिस प्रकार इस वर्ष हमने प्रचंड गर्मी को झेला है, इसने लोगों को पेड़ के महत्व को और बेहतर समझा दिया है। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी बहन बीके पूजा ने भी पर्यावरण बचाव के बचाव के लिए कई उपायों पर चर्चा की। डॉ प्रकाश सिंह भी अपनी ताइवान यात्रा की चर्चा करते हुए पर्यावरण संबंधी कई जरुरी संदेश दिए। डॉ नंदकिशोर गुप्ता ने पर्यावरण दिवस के इस वर्ष के थीम 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' पर लंबी चर्चा की। ब्रह्मकुमारी बहन बी के बबिता ने छत पर लगाए गए गृह वाटिका कार्यक्रम के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम में आईएमए के डॉ ए एन सिंह और डॉ विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। वहीं, प्रसिद्ध साहित्यकार और राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ सच्चिदानंद प्रेमी और गया कॉलेज के पर्यावरण विभाग के राशिद नईम की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिशु रोग विशेषज्ञ डा विजय कुमार करण ने दिया। इस कार्यक्रम के अंत में पौधों का वितरण भी किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम का समापन 11 जून को शहर के विभिन्न हिस्सों में वृक्षारोपण के साथ होगा। पर्यावरण पर इस बड़े आयोजन में ब्रह्माकुमारी की 6 स्थानीय शाखाएं भाग ले रही हैं। वहीं, आईएमए गया के सचिव डॉ राकेश कुमार चंदेल की भी इसमें अहम भूमिका है।

## संदिग्ध हालत में शटरिंग मिस्त्री की मौत

**नालंदा।** नालंदा में एक शटरिंग मिस्त्री की बुधवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला सिलाव थाना क्षेत्र के हटिया पर स्थित निर्माणाधीन एक निजी स्कूल का है। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहडीह निवासी राजकुमार महतो के (35) वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि हर दिन की तरह दीपक कुमार शटरिंग का काम करने के लिए सिलाव स्थित एक निजी स्कूल गया था। जहां से उन्हें जानकारी प्राप्त हुई की दीपक का एक्सीडेंट हो गया है। सदर अस्पताल जाइये। इसके बाद जब वे लोग सदर अस्पताल पहुंचते तो देखा कि दीपक की मौत हो चुकी है। परिजन ने बताया कि उसके साथ क्या घटना हुई उनलोगों को कुछ पता नहीं है। कौन कौन लोग उसके साथ काम करते है। कैसे उसकी मौत हुई पुलिस की द्वारा जांच उपरांत ही पता चल सकेगा। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुँचे जहाँ डॉक्टर के द्वारा मौत की पुष्टि के बाद चीख पुकार मच गई। चर्चा है कि काम करने के वक्त छत से गिरने पर शटरिंग मिस्त्री की मौत हुई है। सिलाव थाना अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि उन्हें मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया की जा रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# आईएमए ने वापस लिया हड़ताल का निर्णय

## आज निजी क्लीनिक के डॉक्टरों की होने वाली थी स्ट्राइक, मेडिकल कॉलेज में लटका रहा ताला

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में आज निजी क्लीनिक के डॉक्टर एक दिवसीय हड़ताल पर रहने वाले थे। हालांकि जिलाधिकारी की पहल पर एक दिवसीय हड़ताल को आईएमए बिहार शरीफ ने टाल दिया है। दरअसल भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी में 1 जून को पूरी गांव के एक मरीज के इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी थी। इसके विरोध में विम्स के डॉक्टर और छात्र आंदोलनरत हैं। इनके आंदोलन को आईएमए ने समर्थन दिया है। आईएमए से जुड़े सभी डॉक्टरों ने गुरुवार को नालंदा में अपने-अपने क्लीनिक को बंद रखने का फैसला किया था।



**विम्स को छोड़ सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल:** नालंदा में भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी, बिहार शरीफ सदर अस्पताल, राजगीर और हिलसा में अनुमंडल अस्पताल के अलावा कुल 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। विम्स को छोड़ सभी जगह स्वास्थ्य सेवाएं बहाल है।

**निजी क्लिनिक में औसतन 6 हजार मरीजों का हर दिन इलाज होता:** नालंदा में करीब 122 नर्सिंग होम रजिस्टर्ड है। जहां औसतन 6 हजार से 65 सौ मरीज रोजाना इलाज के लिए पहुंचते हैं। निजी क्लीनिक के बंद रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता। आईएमए के जिला अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र प्रसाद और सेक्रेटरी डॉक्टर अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस रिलीज जारी कर हड़ताल को वापस लेने की बात कही है। अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिलाधिकारी ने आज शाम में मीटिंग बुलाई है। जिसमें हम लोग दोषियों पर मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग को रखेंगे। मीटिंग के बाद जो स्थिति छनकर सामने आएगी उसके मुताबिक आगे का निर्णय लिया जाएगा।

**छठे दिन भी लटका रहा ताला:** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पवापुरी में लगातार छठे दिन भी ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बाधित रही। मुख्य गेट पर ताला लटका रहा। जिसके कारण मरीज और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मुख्य गेट पर एक पोस्ट चस्पा किया गया है। जिसमें यह लिखा गया है कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट नहीं तो ड्यूटी नहीं।

**आरोपियों के खिलाफ पुलिस छापेमारी में जुटी है:** राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को शुद्धि प्रतिवेदन के साथ न्यायालय में समर्पित किया गया है। जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया। दर्ज कांड में दो नामजद अभियुक्त बबलू सिंह और संतोष कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया था। विभिन्न धाराओं में 7 साल से कम की सजा होने के कारण न्यायालय से जमानत मिल गई। अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है। विम्स प्रबंधक से स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करने की अपील की गई है। वहीं, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी के सुपरिंटेंडेंट से जब संपर्क साधा गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# खुद का कटा हाथ लेकर थाने पहुंचा शख्स

निज संवाददाता। गया

- गया में जमीन विवाद में दूसरे पक्ष ने तलवार से किया हमला, पुलिस हिरासत में 8 लोग, छानबीन जारी

गया में 6 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद में आनंद भारद्वाज (30) ने दूसरे पक्ष के संजय भुइयां (36) का एक हाथ और दूसरे हाथ की एक अंगुली काटकर अलग कर दिया। घायल संजय भुइयां का इलाज फिलहाल मगध मेडिकल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के चिरैली गांव की है। अस्पताल में मौजूद संजय की चाची, सुगनी देवी (55) ने बताया कि कटा हुआ हाथ लेकर संजय खुद ही टिकारी थाने पहुंच गया। टिकारी थाने की पुलिस ने चिरैली पहुंचकर मारपीट करने वाले आरोपियों को हिरासत में लिया है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कल्लू भारद्वाज और आनन्द भारद्वाज समेत एक ही परिवार के 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच चल रही है।

**एक हाथ और उंगली काटा:** दरअसल, संजय भुइयां और पास के रहने वाले लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। संजय के घर की महिलाओं का कहना है कि हमलोग वर्षों से जमीन पर रहते चले आ रहे हैं। लेकिन बीते कुछ महीने से पास वाले लोग कह रहे कि वह जमीन उनकी है। उसे खाली कर दो। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बुधवार को विवाद हुआ। दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।

# मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल का एसी-फैन ठप, अखबार और हाथ वाले पंखे से मरीजों को राहत दे रहे परिजन

निज संवाददाता। गया

मगध के सबसे बड़े अस्पताल मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल की इमरजेंसी का बुरा हाल है। इमरजेंसी जैसे महत्वपूर्ण जगह में न तो एसी काम कर रहा है और न ही इलेक्ट्रिक फैन। इस भीषण गर्मी में अचानक बीमार या फिर दुर्घटनाग्रस्त हो कर आने वाले लोगों के लिए तनिक भी यहां राहत नाम की कोई चीज नहीं है। हाथ वाले पंखे से ही मरीज को राहत देने कोशिश हो रही। हालांकि 50 से अधिक बेड वाले इस इमरजेंसी वार्ड में बड़े-बड़े भाड़े पर कूलर लगाए गए हैं। पर उसमें से आधे बन्द हैं। कूलरों से पानी गिरकर पसरा रहता है। इस वजह से इमरजेंसी वार्ड में लोगों की आवाजाही से गंदगी पसर रही है।

**सेंट्रेलाइज एसी लगाया गया था:** 2019 में हीट वेब के दौरान गया में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई थी। उसी दौरान पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में इमरजेंसी वार्ड को शिफ्ट किया गया था। उस समय इस इमरजेंसी वार्ड में सेंट्रलाइज ऐसी भी लगा था, लेकिन कुछ महीनों तक तक ऐसी चला फिर बन्द हो गया। एसी कब से बन्द है। इस बात की डिटेल अस्पताल प्रबंधन के पास नहीं है। सूत्रों का कहना है कि एसी के मेनेटेन्स का जिम्मा किसी निजी कम्पनी को है। मेंटेनेंस होने के कुछ दिनों बाद फिर से वह बन्द हो जाता है।

## भाड़े के कई कूलर भी बंद



**बिना पंखे के परिजनों को बैठाना पड़ता:** इमरजेंसी वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के परिजन को वार्ड से बाहर बैठने के लिए जगह दी गई है। उस स्थान पर एक भी फैन नहीं लगाया गया है। अस्पताल मैनेजर से लेकर बड़े अधिकारी कुछ भी बताने से कन्नी काटते रहे। अस्पताल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद शंकर का कहना है कि व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। एक-एक कर सभी समस्याओं और कमियों को दूर किया जा रहा है।

# महासंयोग में व्रतियों ने मनाया वट सावित्री व्रत, वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा

## अपने सुहाग के लिए मांगा दीर्घायु होने का वरदान

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री पर्व किया। वटवृक्ष की पूजा की। कच्चे धागे के साथ फेरा लगाया और सत्यवान सावित्री कथा सुनी। पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगी। अल सुबह से ही वटवृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। महिलाओं ने सूर्योदय के पहले उठकर स्नान कर नए वस्त्र और श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा की। इसके बाद फल लेकर वट वृक्ष पर जल अर्पित कर कच्चा सूत लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा की। इसके बाद पुरोहित से सावित्री सत्यवान की कथा सुनकर अपने पति के दीर्घायु की कामना की।



**महिलाओं ने की वट वृक्ष की परिक्रमा:** वट वृक्ष को आम, लीची, मौसमी फल अर्पित करने कच्चे सूत से बांधने और हाथ पंखे से ठंडक पहुंचाने के बाद महिलाओं ने परिक्रमा की। ज्योतिषाचार्य के अनुसार गुरुवार को बन रहा संयोग दुर्लभ और फलदाई है। ज्येष्ठ मास के व्रत में वट सावित्री व्रत सबसे प्रभावी माना गया है। ज्योतिष आचार्य ने बताया कि सवार्थ सिद्धि योग, अमृत योग और घृति योग शामिल है। यह महासंयोग व्रतियों के लिए काफी फलदाई है। इस बार वट सावित्री व्रत पर पड़ने वाले संयोग इस दिन को विशेष बनाता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख प्राप्त होता है। पुरोहित ने बताया कि पुरातन काल में सती सावित्री ने इस व्रत को रखकर सदा सुहागन रहने की मंगल कामना की थी। व्रत के परिणाम स्वरुप उनके पति की उम्र पूरी हो जाने के बाद भी यमराज ने पुनः जीवन दान दिया था।

# लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ता के खिलाफ होगी कार्रवाई : एसएसपी



निज संवाददाता। गया

गया|चंदौती थाना का बुधवार को एसएसपी आशीष भारती ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने लूट, हत्या, डकैती एवं अन्य गंभीर लंबित कांडों की समीक्षा की।

कांडों में सत्य पाए गए एवं फरार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा लंबित सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान कांडों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले अनुसंधानकर्ता को पुरस्कृत किया गया। उधर, विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएसपी ने पर्यावरण संरक्षण एवं समृद्धि के लिए सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को प्रेरित किया और अपने आवास पर पौधरोपण किया गया।

# ड्रग्स के आदी युवक की नालंदा सदर अस्पताल में मौत

निज संवाददाता। नालंदा

ड्रग्स के आदह युवक को बुधवार को बिहार शरीफ सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन उसका पोस्टमार्टम करने की तैयारी में था। तभी उसके परिजन अस्पताल पहुंच गये और हंगामा करने लगे। परिजन युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाना चाहते थे। काफी देर तक शोरगुल होता रहा। बाद में बिहार थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची।

परिजनों ने पुलिस से भी नोकझोंक की। युवक की पहचान भागनबिगहा ओपी क्षेत्र के पिचासा गांव निवासी दिनेश यादव के (25) वर्षीय पुत्र विभूति कुमार के रूप में की गयी है। दरअसल, सड़क किनारे गिरे युवक को 112 वाहन के पुलिसकर्मी इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आये थे। इलाज के दौरान ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तब तक उसकी पहचान नहीं हुई थी। उसे पोस्टमार्टम कक्ष में ले जाया गया। तभी युवक के परिजन वहां पहुंच गये। युवक के पिता का कहना था कि बेटा स्मैक का सेवन करता था। इस वजह से कभी-कभी उसे 24 घंटा में होश आता है। उनका कहना था कि सदर अस्पताल के चिकित्सक पर भरोसा नहीं है। उसे निजी अस्पताल ले जाना चाहते हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने विरोध किया तो परिजन हंगामा करने लगे। इतनी देर में बिहार थाना की पुलिस पहुंच गयी। परिजन पुलिस से भिड़ गये। बिहार थानाध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामलें की जांच में जुट गई है।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुला फ्यूज कॉल सेंटर

## आज से करने लगेगा काम, उपभोक्ता बिजली कटने की शिकायतें करा सकेंगे दर्ज

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ शहर का दूसरा बिजली फ्यूज कॉल सेंटर रामचन्द्रपुर पावर सब स्टेशन (पीएसएस) में खोला गया है। गुरुवार से यह काम करने लगेगा। टाउन-टू सब डिविजन के दायरे में आने वाले शहरी व आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली कट की शिकायतें करने में सहूलियत होगी। बार-बार फोन व्यस्त रहने के कारण इंताजर नहीं करना पड़ेगा। अच्छी बात यह भी कि शिकायतों के निपटारे में भी समय की बचत होगी। जिले में बिजली विभाग के चार डिविजन हैं। बिहारशरीफ(शहरी), बिहारशरीफ (ग्रामीण), राजगीर और एकंगरसराय। चार लाख के करीब उपभोक्ता हैं। लेकिन, कॉल सेंटर हर डिविजन में एक है। बढ़ती संख्या के लिहाज से यह नाकाफी है। फोन नंबर व्यस्त रहने के कारण फ्यूज कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज कराने के लिए उपभोक्ताओं को इंतजार करना पड़ता है। लोगों को राहत देने के लिए ही रामचन्द्रपुर पीएसएस नया सेंटर खोला गया है। नयी व्यवहार बहाल हो जाने पर टाउन-वन सब डिविजन के उपभोक्ता पहले से बड़ी पहाड़ी पीएसएस में स्थापित कॉल सेंटर (मो. नंबर 7033095818 ) में शिकायत दर्ज कराएंगे। जबकि, टाउन-टू सब डिविजन के उपभोक्ता रामचन्द्रपुर पीएसएस में खोले गये नये सेंटर (मो. नंबर-9031028968) में शिकायत कर सकेंगे।




**24 घंटे सुनी जाती हैं शिकायतें:** फ्यूज कॉल सेंटर में 24 घंटे उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाती हैं। तीन शिफ्टों में कर्मियों की ड्यूटी लगती है। कर्मियों की जवाबदेही यह कि जो उपभोक्ता शिकायत करते हैं, उनका नाम, लोकेशन व मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करना होता है। साथ ही बिना देरी किये संबंधित क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर को इसकी रिपोर्ट मोबाइल पर करनी होती है। ताकि, जल्द से जल्द शिकायतों का हल किया जा सके।

### क्या कहते हैं अधिकारी

उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए शहरी क्षेत्र का दूसरा फ्यूज कॉल सेंटर रामचन्द्रपुर पीएसएस में खोला गया है। गुरुवार से सेंटर काम करने लगेगा। तीन शिफ्टों में यहां कर्मी तैनात रहेंगे।

**विकास कुमार,**
एग्जीक्यूटिव इंजीनियर,
बिजली विभाग

## संक्षिप्त समाचार

### टेम्पो से 210 लीटर महुआ शराब के साथ हुई थी गिरफ्तारी

**आरा**। 210 लीटर देशी शराब बरामदगी मुकदमा में द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने बुधवार कोकल्याणपुर-पकड़ी गांव निवासी आरोपी राजू कुमार सोनी कोसात वर्ष का सश्रम कैद व एक लाखरुपया अर्थदण्ड की सजा सुनाया है। अभियोजन पक्ष से उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक जुगेश्वर प्रसाद उर्फ हीरा ने बहस किया था। उत्पाद विभाग के एपीपी सुनील कुमार सिंह ने बताया किउत्पाद सदर थाना के तत्कालीन मद्य निषेध निरीक्षक चौधरी सूर्य भूषण ने 28 अक्टूबर 2023 को नवादा थानांतर्गत बाजार समिति के नजदीक रेलवे ओवरब्रिज के पास एक टेम्पो से 210 लीटर देशी महुआ शराब के साथ राजू कुमार सोनी को गिरफ्तार किया था। उक्त देशी शराब के बरामदगी को लेकर उत्पाद सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक श्री हीरा ने बताया कि अभियोजन की ओर से तीन गवाहों की गवाही कोर्ट में हुई थी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने मद्यनिषेध व उत्पाद एक्ट की धारा 30(ए) के तहत दोषी पाते हुए आरोपी राजू कुमार सोनी को 7 वर्ष के सश्रम कैद व एक लाख रुपया अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### आरा सिविल कोर्ट में किया गया पौधरोपण

**आरा**। 5 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय आरा में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ पौध रोपण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ऋषि कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण से ही हमारा अस्तित्व सुरक्षित रह सकता है यह हमें नहीं भूलना चाहिए। दुनिया भर में आज पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए है। युवाओं व बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जगाने की कोशिश की जा रही है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गौतम कुमार ने बताया कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारी गण द्वारा मिलकर पौधा लगाया गया।

### बक्सर से होता है देश में परिवर्तनः श्रीकांत

**बक्सर**। लोकसभा चुनाव में शाहाबाद क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशियों के जीत दर्ज करने पर कांग्रेस के पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक ने सभी का शुभकामना दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब भी बक्सर में परिवर्तन होता है तो देश में भी परिवर्तन होता है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पूर्णिया से जीत हासिल किए पप्पु यादव को भी बधाई दी। पूर्व विधायक और ललन मिश्रा ने कहा कि आनंद मिश्रा को भी धन्यवाद दिया।

### आठ निर्दलीय प्रत्याशियों से अधिक वोट नोटा को मिले

**बक्सर**। लोकसभा चुनाव में बक्सर संसदीय क्षेत्र से कुल 14 उम्मीदवार मैदान में थे। सभी उम्मीदवारों को कुल 9565 वोटरों ने नापसंद किया। नतीजा उन्होंने ईवीएम में दिये गये विकल्प नोटा पर बटन दबाया। नोटा का मतलब होता है इनमें से कोई नहीं। दलीय और निर्दलीय उम्मीदवारों की तरह नोटा पर भी जमकर वोट बरसे। नतीजा इस चुनाव में आठ ऐसे उम्मीदवार हैं, जो नोटा के आंकड़ा नहीं पार कर सके। चुनाव लड़ने वाले इन प्रत्याशियों को ऐसे वोटरों ने सिरे से नकार दिया। मतलब साफ है कि इस तपती दोपहरी में निकल ऐसे वोटरों ने वोट देकर यह बता दिया कि उन्हें किसी भी प्रत्याशी पर भरोसा नहीं है। नोटा को कुल 9 हजार 5 सौ 65 मत प्राप्त हुआ है। जबकि, प्रत्याशी राजू सिंह को 4320 मत मिले। इसी तरह से हेम लता को 1554, अखिलेश कुमार पांडेय को 1087, आनंद मिश्रा को 2696, निरंजन कुमार राय को 1665, भगवान सिंह यादव को 2041, राम स्वरूप चौहान को 5503 और सुनील कुमार दुबे को 7747 मत प्राप्त हुए। इस तरह से इन सभी आठ प्रत्याशियों पर नोटा भारी पड़ा। ये प्रत्याशी नोटा पर डाले गये वोटों के आंकड़ा तक भी नहीं पहुंच पाये।

### 10 जून तक भरा जाएगा बी बॉस का परीक्षा फॉर्म

**बक्सर**। जिले में अब 10 जून तक मैट्रिक व इंटर परीक्षा में फेल करने वाले छात्र-छात्रा बी-बॉस का ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। पहले परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई तक निर्धारित थी। जिसे बढ़ाकर अब 10 जून तक किया गया है। जिले में मैट्रिक व इंटर परीक्षा में फेल करने वाले छात्र-छात्राओं को बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण व परीक्षा बोर्ड में शामिल होने का मौका दिया गया है। बीबॉस के वेबसाइट पर परीक्षा फार्म भरना होगा। इसके लिए बोर्ड द्वारा निबंधन या नामांकन के रूप में 3 विषयों के माध्यमिक पाठ्यक्रम के लिए 845 रुपये व उच्च माध्यमिक पाठ्यक्रम के लिए 935 रुपये निर्धारित किया है। जबकि 4 विषयों को माध्यमिक पाठ्यक्रम के तहत 935 रुपये व उच्च माध्यमिक पाठ्यक्रम को 1055 रुपये परीक्षा शुल्क निर्धारित है। जिसमें सैद्धांतिक परीक्षा के लिए प्रति विषय 615 रुपये व प्रायोगिक को प्रति विषय 100 रुपए निर्धारित किया गया है। बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण व परीक्षा बोर्ड से क्रेडिट के आधार पर मैट्रिक व इंटर का परीक्षा फॉर्म भरने के लिए नामांकन व परीक्षा शुल्क अलग-अलग निर्धारित है।

### दिल्ली में लगेगी विशेष लोक अदालत

**बक्सर**। राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 साथ ही सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में लगने वाले विशेष लोक अदालत 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक के सफल आयोजन के लिए एक प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। जिला जज बक्सर द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया गया। इस प्रभात फेरी में सम्मिलित पैनल अधिवक्ता, विधिक स्वयंसेवक ने इस दौरान लोक अदालत से होने वाले लाभ के बारे में आम लोगों को बताया।

### चुनाव सम्पन्न होने के बाद डीएम ने जताया आभार

**बक्सर**। शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न होने पर डीएम अंशुल अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं चुनाव में अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने वाले चार कर्मियों की निधन से पूरी तरह से मर्माहत है। ऐसे में जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि पूर्व की परिपाटी के तहत चुनाव को सफलता पूर्वक पूरा कराने के बाद होने वाली भोज को स्थगित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस चुनाव के क्रम में कुल चार कर्मियों की निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु हो गई। जिला प्रशासन उन्हें हर संभव लाभ उपलब्ध कराने के प्रति संकल्पित है। चार कर्मियों की हुई थी मौत बता दें कि लोकसभा चुनाव में डयूटी के दौरान 4 कर्मियों की मौत हुई थी। जिसमें नेपाल के बहादुर क्षेत्री की मौत नावानगर में, नावानगर के नरेंद्र सिंह की मौत इलाज के दौरान, बेतिया के सत्येन्द्र ठाकुर की मौत डुमरांव में व गाजीपुर के प्रवीण कुमार तिवारी की मौत मेदांता में हो गई थी।

### जीविका दीदियों ने किया पौधरोपण कार्यक्रम

**आरा**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई ,जीविका के सौजन्य से स्थानीय अगिआंव प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जीविका दीदियों द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान अगिआंव प्रखंड के किरकिरी पंचायत के संस्कृति जीविका महिला ग्राम संगठन, दुर्गा जीविका महिला ग्राम संगठन एवं खोपिरा पंचायत रूपम जीविका महिला ग्राम संगठन के सदस्यों द्वारा अपने अपने पंचायत में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही पौधा की देखभाल के लिए जीविका दीदियों ने शपथ भी ली। जीविका दीदियों ने बताया कि हमलोग द्वारा लगाए गए पौधा को सभी तरह से देखभाल करेंगे। जिससे पौधा बृक्ष बनकर धरती पर रहने



वाले लोगों को संजीवनी की कम करे। प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका अगिआंव नीलेश कुमार के द्वारा बताया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अगिआंव प्रखंड में विभिन्न जीविका समूहों द्वारा अनेक तरह के कार्यक्रम किए जा रहे है।जिसमे पौधारोपण कार्यक्रम, जल संरक्षण, प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण सहित कई तरह के मुद्दों पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमे पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया। पौधारोपण से पर्यावरण की शुद्धता रहती है।

# हत्या मामले में कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

## नवानगर थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन, कार्रवाई के आश्वासन पर माने

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के नवानगर थाना के पास अचानक सैकड़ों की संख्या में पहुंचे आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना के पास सड़क को जाम कर दिया गया। यह देख नवानगर थाने में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल हो गया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने लोगों को समझा-बूझाकर मामला शांत कराया। बताया गया कि ग्रामीणों का आक्रोश एक हत्या के मामले में एक महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर बढ़ गया था। जिसे लेकर वह थाना के पास पहुंचे थे और सड़क और थाना के मुख्य गेट को करीब 15 मिनट तक जाम कर रखा था। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि लोगों को शांत कराकर फिलहाल वापस कर दिया गया है। इसमें आगे कार्रवाई की जा रही है।



**करंट की चपेट में आने से हुई थी मौतः** मिली जानकारी के अनुसार घटना एक महीना 6 दिन पहले की बताई जा रही है। 5 मई 2024 को नवानगर थाना क्षेत्र के तुरावखास गांव निवासी बीस वर्षीय युवक गरीबन मुसहर गुंजाडिहरी गांव के एक मुर्गा फॉर्म पर काम करता था। जहां बचाव के लिये मुर्गा फॉर्म के चारों तरफ बिजली का तार बिछाया गया था। जहां रात को घूमते वक्त युवक तार के संपर्क में आ गया। जिस दौरान बिजली के तार में प्रवाहित धारा के संपर्क में आते ही उसकी मौत घटनास्थल पर ही न हो गई। जिसका पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। हालांकि परिजनों द्वारा मुर्गी फार्म के मालिक पर गोली मार हत्या का आरोप लगाते हुए एफआइआर दर्ज कराया गया था। जिसके बाद पुलिस द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर आरोपी को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया गया। हालांकि आज थाना के पास सड़क जाम किए परिजनों में गरीबन मुसहर के चाचा का आरोप है की पुलिस इस मामले में लीपापोती करने के फिराक में है।गोली से हत्या वाली बात को करेंट से मौत बता रही है।

**जांच में जुटी पुलिसः** नवानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार से बात किया गया तो उन्होंने कहा की समझाकर मामला को शांत करा दिया गया है। किसी के बहकावे में आकर ऐसा किए है। परिजनों का आरोप के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई हैं। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली से हत्या की बात सामने नहीं आया है। रिपोर्ट में बर्निंग दिखा रहा है। जिससे साफ है की युवक की मौत करंट से हुई है।

# विवाहिता की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना के बभनगांवा गांव में विवाहिता गोल्डी देवी की हत्या के मामले में प्राथमिकी हुई है। मृतका के पिता बीरेन्द्र कुमार सिन्हा के बयान पर केस हुआ है। पति समेत चार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी की गई है। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पति रितेश कुमार सिन्हा, ननद सबिता देवी, ससुर अनिल लाल और सास सीता देवी को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतका गोल्डी देवी बभनगांवा गांव निवासी रितेश सिन्हा की पत्नी थी। 30 मई को शव बरामद किया गया था। बिहिया के तेघरा निवासी बीरेन्द्र सिन्हा की पुत्री गोल्डी की शादी 2015 में हुई थी। पिता का आरोप है कि पुत्री को प्रताड़ित कर भूखा रखते थे और मारपीट करते रहते थे। पिता वीरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि गोल्डी की शादी कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव निवासी अनिल लाल उर्फ रंजीत लाल के पुत्र रितेश लाल से वर्ष 2015 में अप्रैल महीने में लेनदेन के साथ पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के सात माह बीतने के बाद से ही उसके पति और ससुराल वालों की ओर से बराबर प्रताड़ित किया जाने लगा और पैसे की मांग की जाने लगी।

**स्थानीय ग्रामीणों ने बेटी की मौत की सूचना दी थीः** कहा कि पैसा देकर अपने दामाद रितेश लाल को कमाने के लिए चार बार बाहर भी भेजा था। लेकिन वह बाहर जाता और जब पैसा खत्म हो जाता तो वापस गांव लौट आता था। इसके बाद व्यापार करने के लिए उसने कभी लाख तो कभी पचास हजार रुपए की मांग की थी। बेटी को वापस अपने घर ले आए और एक महीना तक अपने ही घर पर रखा। उसके ससुराल से गांव के कई लोग आए और कहा कि इस बार हमारे भरोसे भेज कर देखें। जिसके बाद उन्होंने वापस अपनी बहन को उसके ससुराल भेज दिया। इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी कि बेटी की मौत हो गई।

# युवक ने खुद को आग लगाकर की आत्महत्या

## बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र की घटना, कर्ज को लेकर था परेशान



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने खुद को आग लगाकर जान दे दी। घटना मंझवारी पंचायत के पासी टोले की बताई जा रही है। युवक की पहचान गांव के निवासी हिमांशु मिश्रा उम्र 35 साल पिता भगवान मिश्रा के रूप में हुई है। युवक डुमरांव के पेट्रोल पंप पर काम करता था। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से वह काफी परेशान चल रहा था। सूत्रों की माने तो युवक ने कई लोगों से कर्ज लिया था। उसको ना चुकाने पर परेशान चल रहा था। वहीं घटना की सूचना पर दलबल के साथ पुलिस गांव में पहुंची। युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सिमरी थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल तो यही जानकारी मिली है कि मृतक ने काफी कर्ज लिया था। इससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भोजपुर में पीट-पीटकर विवाहिता की हत्या

## परिजन बोले- दहेज को लेकर अक्सर करता था मारपीट, 19 नवंबर 2021 को हुई थी शादी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पीरो गांव में बुधवार को लात घुसो से पीट-पीट कर और तकिया से मुंह दबाकर एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। जानकारी के अनुसार मृतका पीरो थाना क्षेत्र के पीरो गांव निवासी महात्मा पासवान की पत्नी पूजा कुमारी (24) है।



**2021 में हुई थी शादीः** इधर चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी और मृतका के पिता सुरेंद्र पासवान उर्फ सुरेंद्र राम ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री पूजा कुमारी की शादी 19 नवंबर 2021 में पीरो थाना क्षेत्र के पीरो गांव निवासी ललन राम उर्फ बबन के पुत्र महात्मा पासवान से बिहिया स्थित मंदिर में लेनदेन एवं पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के बाद जब उसे बच्चीहुई तो उसके पति द्वारा कहा जाने लगा कि मेरे पास इतने पैसे नहीं है। उसका पालन पोषण और आने वाले समय में उसकी शादी कर पाऊं । तुम अपने मायके वालों से मांग कर ले आओ। वरना मैं तुम्हें जान से मार दूंगा। इसके बाद उसकी सास व ससुराल वालों द्वारा दहेज में पलंग एवं सोने की चैन की मांग की जाने लगी। मंगलवार की रात उसके पति द्वारा लात-घुसे से जमकर पिटाई की गई थी। इसके बाद उनकी बेटी पूजा कुमारी ने अपने घर फोन कर जब सारी बात बता रही थी। तभी उसके पति द्वारा उससे फोन छीन लिया गया और वह फोन लेकर बाहर चला गया। कुछ देर बाद उसने फोन कर सूचना दी की अभी उसकी तबीयत काफी सीरियस है। हमलोग अभी बात नहीं करेंगे।

**मारपीट के बाद हत्या का आरोपः** इसी बीच उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली के उनकी बेटी की मौत हो गई है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल पीरो गांव पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना पीरो थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार एवं दरोगा विजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया।

वहीं दूसरी तरफ मृतका के पिता सुरेंद्र पासवान और सुरेंद्र राम ने पति महात्मा पासवान,सास राधिका देवी एवं ससुराल के अन्य लोगों पर दहेज में पलंग व सोने की चैन की मांग को लेकर लात-घुसों से उसे मारकर और तकिया से मुंह दबाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व तीन बहन में दूसरे स्थान पर थी एवं उसे एक पुत्री भी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत, ससुराल से लौटने के दौरान बाइक सवार ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव के समीप बीते सोमवार की शाम हुए सड़क हादसे में जख्मी बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में बुधवार को उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी बिहारी सिंह का 27 वर्षीय पुत्र पप्पू सिंह है।



**निजी अस्पताल में चल रहा था इलाजः** इधर मृतक के ससुर विनय कुमार सिंह ने बताया कि वह सोमवार को बाइक से अपने गांव से चरपोखरी थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव अपने ससुराल पत्नी से मिलने के लिए आए थे। मिलने के बाद जब वापस लौट रहे तो उसी दरमियान सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी । टक्कर इतना तेज़ था कि वो सड़क किनारे 20 फिट नीचे जा गिरे और बुरी तरह जख्मी हो गए । इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा ही इसकी सूचना उन्हें दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंच उसे इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल ले गए। जहां से उसे अरवल रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन उसे अरवल ले गए। वहां से भी प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पटना स्थित निजी अस्पताल ले गए।जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** इसके बाद परिजन उसके शव उसके ससुराल मथुरापुर गांव ले आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सहार थाना पुलिस को दी।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी सुनीता देवी,दो पुत्री प्रभा,प्रिया व दो पुत्र सत्यम एवं बजरंगी है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी सुनीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भोजपुर में अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार







निज संवाददाता। आरा

चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर एक वांछित बदमाश को अवैध हथियार के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी अभिषेक सिंह है। पकड़े गए आरोपित के पास से एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किया गया है। इधर, सदर डीएसपी टू रंजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। वह पहले से लूट व चोरी के कांडों में चार्जशीटेड रहा है।

**प्रेम-प्रसंग में मारी थी गोलीः** पूर्व के गोली कांड में भी संलिप्त रहा था। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर चांदी थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने मठियापुर में छापेमारी कर वांछित को धर दबोचा। बात दे की तीन मई को संदेश प्रतापपुर गांव निवासी अभिराज सिंह प्रतापपुर-मठियापुर मोड़ स्थित कुशवाहा मार्केट में अपने दोस्त के गैरेज पर बैठे हुए थे । तभी हथियारबंद बदमाश वहां आ धमका था और उन्हें गोली मार फरार हो गया था। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। प्रेम-प्रसंग संबंधी विवाद की बात चर्चा में आई थी। अक्टूबर से ही विवाद चला आ रहा था।इसके बाद से ही पुलिस को आरोपित की तलाश थी।

**छापेमारी अभियान में 25 धराएः** SP के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 25 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में एक, पुलिस पर हमले में दो, आर्म्स एक्ट में दो, रंगदारी में एक, वारंट में तीन व शराब में 14 आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान दो शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 44 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। करीब 400 लीटर शराब विनष्ट कर दिया गया। करीब 626 वाहनों की जांच की गई।

**18 हजार रुपए जुर्माना वसूला गयाः** करीब एक लाख 18 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। दो देसी कट्टा व दो गोली बरामद किया गया। दो बाइक को जब्त किया गया। सिकरहटा थाना पुलिस ने पुलिस पर हमले के मामले में वांछित आरोपित को धर दबोचा। करनामेपुर थाना पुलिस ने पुलिस पर हमला व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में वांछित आरोपित को धर दबोचा। छह सालों से तलाश थी। कोईलवर थाना पुलिस ने रंगदारी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। संदेश व चांदी पुलिस ने आर्म्स एक्ट में दो को गिरफ्तार कर लिया। इमादपुर पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया।

# भोजपुर में कुख्यात मिथलेश हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सरकारी दम कुल्हड़िया गांव के बीच हथियारबंद बदमाशों के द्वारा एक कुख्यात की गोलियों से भूनकर हत्या के मामले में मृतक के छोटे भाई शैलेश पासवान ने कोईलवर थाना में सात नामजद समेत अन्य पर मामला दर्ज कराया है। जिसके आधार पर पुलिस धड़ पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। कोईलवर थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक मिथिलेश का आर के आनंद नगर मोहल्ला में किसी लड़की से अफेयर चलता था। जिसे वह पसंद करता था। उसे लड़की को कोई दूसरा भी पसंद करने लगा था। जिस प्रेम प्रसंग मिथिलेश की हत्या करने का मामला सामने आ रहा है। जिसका जिक्र दर्ज प्राथमिकी में भी की गई है। प्राथमिक में कथित प्रेमिका तन्नू मिश्रा, इब्राहिमनगर निवासी गोरख महतो, करिया महतो, विक्की,नकुल महतो, अजीत महतो और अहीरपुरवा निवासी राहुल यादव का नामजद किया गया है। प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है।



♦ मृतक के छोटे भाई के बयान पर दर्ज हुआ केस, प्रेम–प्रसंग में हत्या का आरोप, छापेमारी जारी

**एक दर्जन से अधिक मामले हैं दर्जः** इधर सदर-टू डीएसपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया की हत्या की सूचना पाकर हमलोग आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जहां मालूम हुआ की सुरेश पासवान के पुत्र मिथिलेश पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक एक कुख्यात अपराधी है। वह टाउन, कोईलवर, चांदी, गीधा और अरवल थाने में रंगदारी, लूट, हत्या, आर्म एक्ट सहित करीब एक दर्जन से अधिक मामलो में आरोपी था और वह उसी समय से फरार चल रहा था।

**जारी है छापेमारीः** वहीं उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि उसकी कहीं दूसरी जगह गोली मारकर उसकी हत्या की गई है और हत्या करने के बाद उसे सकड्डी गांव के समीप सड़क किनारे फेंक दिया गया है। बता दे कि 29 अप्रैल 2016 में रंगदारी नहीं देने पर आरा शहर में स्थित एन.एस.शॉपिंग मॉल में बम ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

## मॉर्फिन की तस्करी करने वाली महिला को भेजा जेल

**भागलपुर।** ट्रेन से मादक पदार्थ मॉर्फिन की तस्करी करने वाली गिरफ्तार महिला तस्कर को जीआरपी पुलिस ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश मिलने के बाद तस्कर महिला को जेल भेज दिया गया। बता दें कि मंगलवार को आरपीएफ की गश्ती टीम ने मॉर्फिन बेचने जा रही महिला को गिरफ्तार किया था। जीआरपी के थानाध्यक्ष सुदीन राम ने बताया कि महिला तस्कर के पास से प्लास्टिक के छोटे-छोटे डब्बे में 496 ग्राम मॉर्फिन था। इस संबंध में महिला से कई अहम सवाल पूछा गया लेकिन उसने इस धंधे में कौन-कौन शामिल है उसके बारे में नहीं बताया। हालांकि इस धंधे में शामिल लोगों की तलाश जारी है।

## चुरंबा लैंड फिल्ड साइट में पौधरोपण कार्यक्रम

**मुंगेर।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को नगर निगम प्रशासन की अगुवाई में चुरंबा लैंड फिल्ड साइट पर पौधरोपण किया गया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत कार्यरत संस्था एचएचआईडीएस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सिटी मैनेजर अवध किशोर सिंह के अलावा नगर निगम से सहायक लोक स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी गुलाम रब्बानी और पिंटू कुमार भाग लिया। साथ-ही-साथ वार्ड-9 में वार्ड पार्षद की अध्यक्षता में जगह-जगह पर भी पेड़ लगाने का कार्य किया गया, जिससे कि पृथ्वी को और अधिक हरा-भरा करने की सभी ने शपथ ली।

## मनरेगा मजदूर मेठ ने वरीय पदाधिकारी से मजदूरी भुगतान करने की लगाई गुहार

**टेटिया बंबर।** प्रखंड क्षेत्र के केशौली पंचायत पंचायत अंतर्गत मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूरों का मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। मेठ ने वरीय पदाधिकारी को पत्र भेजकर 71 मजदूरों के मजदूरी भुगतान करने की गुहार लगाई है। मेठ अंकिता कुमारी ने बताया कि केशौली पंचायत अंतर्गत बनोली के समीप बगरा नदी के किनारे सतीश यादव के खेत के पास टूटी तटबंध की मरम्मती कार्य में मजदूरों का मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा। कार्य में लगे मजदूरों की उपस्थिति मास्टर रोल में समर्पित कर दिया गया है। जिसमे मजदूरों के उपस्थिति भी दर्ज है। हालांकि मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा। मजदूर की उपस्थिति 14 से 27 मई तक दर्ज की गई। प्रावधान अनुसार यदि एक सप्ताह में भुगतान नहीं होता है तो मजदूरी शून्य कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में मजदूर मजदूरी की मांग कर रहे हैं और जब मजदूरों की मजदूरी की मांग की जाती है। पीटीए एवं रोजगार सेवक समेत संबंधित सभी पदाधिकारी द्वारा टाल मटोल किया जा रहा। जिससे मजदूरों में असंतोष के साथ-साथ विभागीय उपेक्षा के कारण बेवजह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है।मजदूरों के मजदूरी का भुगतान ससमय नहीं किया जाता है तो मजदूरों के द्वारा मनरेगा के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। एक तरफ सरकार के द्वारा मनरेगा मजदूरों को बढ़िया से कार्य नहीं दिया जा रहा, जो मजदूर कार्य कर भी रहे हैं तो उन लोगों का मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा। इस संबंध में उप विकास आयुक्त मुंगेर, अनुमंडल पदाधिकारी हवेली खड़गपुर, जिला पदाधिकारी मुंगेर को पत्र भेजकर मजदूरों का मजदूरी का भुगतान करने की मांग की गई है।

## आर्यभट पब्लिक स्कूल के तीन विद्यार्थी नीट में हुए सफल

**भागलपुर।** नीट के रिजल्ट में आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। अमिताभ दत्ता को कुल 720 में 598 अंक मिले हैं। तिस्ता कुमारी और साक्षी कुमारी को भी सफलता मिली है। निदेशक डॉ. रंभा सिंह और डॉ. अजय सिंह ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी है।

## परिवार नियोजनःअब ओपीडी में तैनात डॉक्टर लगाएंगी सबडर्मल इंप्लांट

**भागलपुर।** सदर अस्पताल में परिवार नियोजन के अस्थायी साधन सबडर्मल इंप्लांट अब ओपीडी में तैनात डॉक्टर ही लगाएंगी। ऑपरेशन थियेटर में काम कर रहे सर्जन अब यह कार्य नहीं करेंगे। क्योंकि इंप्लांट लगाने का प्रबंधन पर दबाव रहता है और इमरजेंसी ऑपरेशन कर रहीं सर्जन जब साथ-साथ इंप्लांट भी लगाएंगी तो चूक होने की संभावना रहेगी। सिविल सर्जन डॉ. अंजना कुमारी ने सदर अस्पताल प्रभारी को निर्देश दिया है कि इंप्लांट लगाने के लिए मिनी ऑपरेशन थियेटर की व्यवस्था करें। ताकि ओपीडी में कार्यरत दो में से एक डॉक्टर इंप्लांट लगाने का कार्य करें। दरअसल माचिस की तीली जैसा इंप्लांट महिलाओं की बांह में लगाया जाता है, इससे वह तीन साल तक गर्भधारण नहीं करेंगी। जरूरत होने पर इसे निकाला जा सकेगा।

## चिकित्सकों ने पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक




**चंपानगर।** नगर पंचायत में सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर जगनी पंचायत के सौराहा गांव स्थित गोकुलपुर से मसुरिया जाने वाली मुख्य पथ के दोनों ओर मुखिया मंगल ऋषि व पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक किशोर कुमार द्वारा दर्जनों छाया दार वृक्ष के पौधे लगाए गए। मुखिया मंगल ऋषि ने बताया कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन-प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का उपयोग, वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## पर्यावरण दिवस पर लगाए 100 फलदार-औषधीय पौधे



**टेटिया बंबर।** गंगटा पंचायत अंतर्गत बहिरवा दह तालाब के किनारे सहायक निदेशक भूमि संरक्षण मुकेश कुमार एससीओ सुरेश कुमार एवं गंगटा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार के द्वारा 100 फलदार एवं औषधीय पौधे पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लगाए गए। मुखिया प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह ने बताया कि पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत क्षेत्र के बहिरवा तालाब के किनारे 100 फलदार पौधे लगाए गए। जिससे जहां तालाब का संरक्षण होगा, वहीं पर्यावरण भी शुद्ध होगी। पौध रोपण के दौरान सहायक निदेशक भूमि संरक्षक मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई संजीव कुमार, दीपशिखा के द्वारा तालाब के चारों ओर पौधा रोपण किया गया।

### सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

# पति की दीर्घायु की कामना के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में बट सावित्री व्रत पर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को फल-पकवान से डलिया भरकर बरगद पेड़ की पूजा की। सुबह से ही वट वृक्ष की समीप सुहागिनों की पूजा-अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। पति की दीर्घायु की कामना के लिए महिलाएं बट सावित्री व्रत करती हैं। व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। बट सावित्री व्रत के एक दिन पूर्व महिलाएं नए कपड़े पहन कर सोलह सिंगार करती है। हाथ में मेहंदी रचाती हैं। सुबह दूसरे दिन बट वृक्ष के पास बांस के पंखे पर पकवान आदि रखकर सावित्री और सत्यवान की कथा कही और सुनी जाती है। बट वृक्ष के पेड़ में कच्चा धागा लपेटकर तीन या पांच बार परिक्रमा की जाती है।

**14 पंखा पूजा में रखना पड़ताः** बट वृक्ष की पूजा के समय महिलाएं अपने-अपने बाल में बरगद के पत्ते लगातीं। नवविवाहिता अपने घर से जल भरकर कलश लेकर जाती है। परिवार एवं अन्य महिलाएं उसके साथ पारंपरिक गीत गाते बट वृक्ष के समीप पहुंच पूजा करतीं हैं। पहली बार पूजा करने वाली महिलाओं को बांस के 14 पंखा पूजा में रखना पड़ता है। जिसमें नहिअर और ससुराल से पंखा आता है। ससुराल से दही-चूड़ा, पकवान, कपड़ा, फल, डलिया, मिठाई, श्रृंगार आदि के अलावा परिवार के कुछ सदस्यों के कपड़े आते हैं।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कोई हताहत नहीं



निज संवाददाता। मुंगेर

♦ मुंगेर में फूस के 6 घर जले, गंगा पार टीकारामपुर पंचायत की घटना

मुंगेर में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आधा दर्जन फूस के घर जलकर राख हो गए। वहीं ग्रामीणों की मदद से 2 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगा पार टिका रामपुर पंचायत अंतर्गत बिहारी मड़ड़ टोला की बताई जा रही है। जानकारी मिलने के बाद सदर सीओ प्रीति कुमारी ने घटनास्थल पर कर्मचारियों को भेजा है। अगलगी में छोटू साह, विधानंद यादव, गोलू साह, सूरज यादव, दीपक यादव, सतीश यादव आदि का घर जलकर राख हो गया है। दियारा क्षेत्र होने के कारण दमकल की टीम अब तक नहीं पहुंच सकी है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। हवा तेज होने के कारण देखते ही देखते 6 घर पूरी तरह से जलकर राख हो गए। इसके अलावा घटना को लेकर सीओ प्रीति कुमारी ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद सभी पीड़ित परिवार को आपदा के तहत सहायता राशि दी जाएगी।

# ललन सिंह की जीत पर जदयू समर्थकों में जश्न

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने पर वर्तमान सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के विजयी होने की घोषणा से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। मुख्य बाजार स्थित नंदकुमार पार्क में जदयू कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। साथ ही जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह एवं पार्टी के नेता नीतीश कुमार को बधाई देते हुए मुंगेर सहित पूरे बिहार के मतदाताओं को एनडीए प्रत्याशियों की जीत दिलाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए बधाई दिया। मौके पर जिला जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश सचिव संतोष सहनी, प्रदेश जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य मनोरंजन मजुमदार, डेविड बेन्जामिन, पूर्व जिलाध्यक्ष मो. जियाउर रहमान, प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ महासचिव मो. जसीमुद्दीन, युवा नेता मो. रिजवी, प्रदेश युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम मंडल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सत्यजीत प्रकाश, तकनीकी प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव नितिन राज, कलमजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप कुमार चिंटू ने जश्न मनाया।

# सड़क हादसे में घायल भांजे की भी मौत, गिट्टी लदे हाईवा ने बाइक में मारी थी टक्कर

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में गिट्टी लदे हाईवा ने बाइक सवार मामा-भांजे को रौंद दिया था। हादसे में मामा की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि भांजा घायल हो गया था। उसे प्राथमिक उपचार अनुमंडल अस्पताल कहलगांव ले जाया गया था। जहां से मायागंज रेफर कर दिया गया था। जहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। मृतक मामा तीनटंगा निवासी स्वर्गीय महाराज मंडल के रजनी प्रभात (40) हैं। जबकि भांजा पीरपैंती थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव के देवेंद्र कुमार (30) हैं। जिनका पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। दोनों मायागंज अस्पताल में भर्ती बीमार फूफा से मुलाकात कर वापस घर लौट रहे थे। शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र के विक्रमशिला स्टेशन के पास एनएच- 80 पर हादसा हो गया।

**हाईवा छोड़कर चालक फरारः** दुर्घटना के बाद चालक हाईवे मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे को जब्त कर लिया है। मामले की छानबीन में जुट गई है। मरने वाले दोनों अपने सगे मामा भांजा हैं। मृतक देवेंद्र के भतीजे राजू ने बताया कि अपने फूफा से मुलाकात कर मायागंज से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा ने रौंद दिया। बीमार पिता पिछले दिनों से मायागंज अस्पताल में भर्ती है।

**दोनों रसीदपुर गांव जा रहे थेः** शिवनारायणपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने बताया कि विक्रमशिला स्टेशन के समीप एनएच- 80 पर बाइक और हाईवे की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दो लोग थे।

# आचार संहिता खत्म, अब शहर में सिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने की तैयारी

**भागलपुर।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के साथ गुरुवार से आचार संहिता भी हटने की संभावना है। क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक 6 जून तक निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और इसके साथ ही आचार संहिता हट जाएगी। इसके साथ ही जिले में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ अटकी योजनाओं में एक बार फिर से गति आने की संभावना है। माहभर के अंदर शहर में सिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होगी। इसके लिए प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। इस माह में बस मिलने की संभावना है। जुलाई तक सेवा शुरू होने की संभावना है। डीएम ने बताया कि इसके लिए विभागीय स्तर के पदाधिकारियों से बात हो गई है। चुनाव के कारण ज्यादातर कामों के लिए टेंडर और बाकी प्रक्रिया शुरू नहीं की जा रही थी। लेकिन अब इस दिशा में पहल तेज होगी। 22 जुलाई से श्रावणी मेला शुरू होगा। लेकिन अब तक तैयारी के नाम पर सिर्फ एक बैठक हुई है। कांवरिया पथ बनाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।

1. बाइपास की मरम्मत : बाइपास की मरम्मत के लिए टेंडर निकला जा चुका है। लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता की वजह से इस दिशा में पहल नहीं की जा रही है। अब उसका फिनांशियल बिड खुलेगा और प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू किया जाएगा।

2. श्रावणी मेला की तैयारी : एक माह तक चलनेवाला श्रावणी मेला 22 जुलाई से शुरू होगा। 8 जून को डीएम सुल्तानगंज में क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे और बैठक कर तैयारी की भी समीक्षा करेंगे।

## कार्यक्रम के जरिए पर्यावरण को बचाने का स्काउट-गाइड ने लिया संकल्प

**मुंगेर।** मुंगेर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को भारत स्काउट गाइड कार्यालय में पौधारोपण एवं पुराने वृक्ष में निकौनी की गई और पानी डाला गया। इस कार्य में 25 स्काउट गाइड एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट मो. अकीलुर रजा, रामविलास कुमार, जिला आयुक्त स्काउट, डॉ अमरदीप, जिला आयुक्त रोवर राजेश कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार एल.टी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मो. अकीलुर रजा ने पर्यावरण के संबंध में स्काउट-गाइड को जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी को एक-एक पौधा अपने-अपने घरों में लगाना है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल-18-24, दिनांक 05.06.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पिन -713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस रखनेवाले एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य के नाम के साथ उसका स्थान:** आसनसोल मंडल - आसनसोल मंडल में स्टेशन, सर्विस बिल्डिंग में बीएलडीसी सीलिंग फैन तथा पंप एवं पीएफ लाइट का स्वचालन। **निविदा मूल्य :** रु. 3,49,60,977.25। **बयाना राशि:** रु. 3,24,800/-। **निविदा दस्तावेजों की कीमत:** शून्य। **बंद होने तथा खुलने की तारीख एवं समय:** 28.06.2024 को सुबह 11.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 6 माह। सम्पूर्ण विवरण को रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **(ASN-74/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/डीडीएफआरएस/ओटीएच-एसटीएन/20, दिनांक 24.05.2024।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, तीसरी मंजिल, न्यू कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, हावड़ा - 711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकार के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई हैं। **कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-डीडीएफआरएस-1। अनुक्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** इस प्रकार हैं: **एए/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-119-24-1,** वाणिज्यिक विज्ञापनों की गुंजाइश से हावड़ा मंडल के क्लस्टर-1 (लिलुआ, बेलूड़, बाली, डानकुनी, उत्तरपाड़ा, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर) के अंतर्गत स्टेशनों पर डायनेमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटर एवं अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटर में डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए 3 वर्षों की अवधि के लिए ठेका प्रदान करना। **एए/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-120-24-1,** वाणिज्यिक विज्ञापनों की गुंजाइश से हावड़ा मंडल के क्लस्टर-2 (शेवड़ाफुली, वैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर) के अंतर्गत स्टेशनों पर डायनेमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटर एवं अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटर में डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए 3 वर्षों की अवधि के लिए ठेका प्रदान करना। **एए/3, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-121-24-1,** वाणिज्यिक विज्ञापनों की गुंजाइश से हावड़ा मंडल के क्लस्टर-3 (बैण्डेल, नवद्वीपधाम एवं कटवा) के अंतर्गत स्टेशनों पर डायनेमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटर एवं अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटर में डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए 3 वर्षों की अवधि के लिए ठेका प्रदान करना। **एए/4, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-122-24-1,** वाणिज्यिक विज्ञापनों की गुंजाइश से हावड़ा मंडल के क्लस्टर-4 (पांडुआ, मेमारी, बर्धमान, बोलपुर और रामपुरहाट) के अंतर्गत स्टेशनों पर डायनेमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटर एवं अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटर में डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए 3 वर्षों की अवधि के लिए ठेका प्रदान करना। **नीलामी प्रारंभ होने की तारीख एवं समय:** 10.06.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **(HWH-92/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के निकट डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच। ई-निविदा सं.: 68_2024-25, दिनांक 06.06.2024। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में मानसून के दौरान आपातकालीन सामग्री के रूप में स्टोन बोल्डर की आपूर्ति। **अनुमानित लागत:** रु. 1,29,41,200/-। **बयाना राशि:** रु. 2,14,700/-। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 20.06.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। **(HWH-93/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना सं. एएसएन/I/01 ऑफ 2024-25, दिनांक 05.06.2024।** उप मुख्य अभियंता (कॉन-I), पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में ई-निविदा के लिए निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** न्यू अंडाल-प्रधानखंता मल्टी ट्रैकिंग कार्य के संबंध में डे. सीई/कॉन/I, पूर्व रेलवे, आसनसोल के अंतर्गत न्यू अंडाल से प्रधानखंता खंड में छोटे पुलों, आरओबी, बड़े पुलों, आरओआर, मल्टीसेल्ड बॉक्स पुलों, गैर मानक आरसीसी बॉक्सों आदि के लिए सामान्य व्यवस्था ड्राइंग तथा महत्वपूर्ण पुल, बड़े पुलों, आरओआर, मल्टीसेल्ड बॉक्स पुलों, गैर मानक आरसीसी बॉक्सों आदि की संरचनात्मक डिजाइन और ड्राइंग की तैयारी। **निविदा मूल्य:** रु. 1.41 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** रु. 2,20,700/-। **निविदा दस्तावेज़ की लागत :** शून्य। **समापन अवधि:** 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.06.2024, सुबह 11.00 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा यदि कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उसे सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। **(CON-25/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एनडीए सरकार बनने के बाद लंदन जाएंगे नीतीश कुमार



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ी खबर आ रही है. सूत्र बता रहे हैं नीतीश कुमार एक बार फिर से लंदन के लिए निकलने वाले हैं. नीतीश कुमार कल ही एनडीए की मीटिंग में शामिल होने के लिए पटना से दिल्ली पहुंचे थे. एनडीए की मीटिंग के बाद कल ही उन्हें पटना लौट जाने का कार्यक्रम था. लेकिन, नीतीश कुमार दिल्ली में ही रुक गए हैं. माना जा रहा है कि लंदन जाने से पहले नीतीश कुमार मोदी कैबिनेट में जेडीयू कोटे से शामिल होने वाले मंत्रियों की लिस्ट तैयार कर रहे हैं. इसके लिए बीजेपी के आला नेताओं से बातचीत करेंगे. बता दें कि नीतीश कुमार के दिल्ली में रुकने की राजनीतिक व्यस्तता तो है ही, एक और वजह से नीतीश कुमार दिल्ली रुके हुए हैं. सूत्रों की मानें तो नीतीश कुमार अगले मंगलवार को लंदन निकलने वाले हैं. आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के आगाज होने से पहले भी नीतीश कुमार लंदन चले गए थे. हालांकि, इस बार मोदी सरकार के शपथ ग्रहण के बाद वह लंदन निकल रहे हैं.

बताया यह जा रहा है कि नीतीश कुमार एक बार फिर से इलाज के लिए लंदन जा रहे हैं. इसलिए मंत्री पद जैसे मुद्दों को सुलझाने के लिए दिल्ली में रुक गए हैं. दिल्ली की राजनीतिक गलियारों में कल से ही जेडीयू कोटे से कौन मंत्री बनेगा और कौन सा मंत्रालय मिलेगा, इसकी चर्चा हो रही है. एनडीए में शामिल अन्य घटक दलों ने भी मंत्री पद को लेकर जोर आजमाइश शुरू कर दिया है. ऐसे में नीतीश कुमार दिल्ली में रह कर यह मसला सुलझा लेना चाहते हैं.

संभावना है कि लंदन दौरे से पहले नीतीश कुमार चुनाव के बाद रणनीतियों पर मंथन के लिए दिल्ली में बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे. सूत्र बता रहे हैं कि नीतीश कुमार की अनुपस्थिति में बिहार चीफ सेक्रेटरी को नीतीश कुमार अपना अधिकार दे कर जाएंगे. इस साल 7 मार्च को भी नीतीश कुमार लंदन रवाना हो गए थे. तब उनके साथ राज्यसभा सांसद संजय झा भी गए थे. इस बार भी माना जा रहा है कि संजय झा ही उनके साथ जा रहे हैं. हालांकि, सूत्र बताते हैं कि पिछले इंग्लैंड दौरे के बीच में ही नीतीश कुमार को भारत आना पड़ा था, क्योंकि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया था.

पिछले लंदन दौरे पर आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक ट्वीट कर नीतीश कुमार पर तंज कसा था. नीतीश के नाम लिए बिना आचार्या ने लिखा. 'दिमागी-भूलने की बीमारी ऐसी कि ऋषि सुनक के साथ सीट-शेयरिंग का फार्मूला तय करने चच्चा गिरगिट कुमार जा रहे हैं लंदन' हालांकि, अब रोहिणी आचार्य को सारण सीट से हार मिली है.



## कालाबाजारी के लिए उतारा जा रहा 250 बोरा चावल जब्त

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के करोम गांव में ग्रामीणों ने कथित तौर पर कालाबाजारी के लिए लाया जा रहा एक मिनी ट्रक में भरे करीब चावल 250 बोरा चावल को ट्रक सहित पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार जिला के मैरवा कोआपरेटिव से करीब 250 बोरा चावल को एक ट्रक में भरकर दरौली के करोम गांव में लाया गया और उसे एफ़सीआई के गोदाम में चावल को उतारा जा रहा था।

बिना कागजी प्रक्रिया पूरी किए और बिना रजिस्ट्रेशन के उस चावल को एफ़सीआई के गोदाम में उतारा जा रहा था। उसके बाद ग्रामीणों को भनक लगी की यहाँ एफ़सीआई गोदाम में अवैध रूप से चावल की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना के बाद दर्जनों ग्रामीण एफ़सीआई गोदाम तक पहुंचे और चावल के बारे में पूछा। हालांकि ग्रामीणों को जब शक को हुआ तो ग्रामीण इसकी सूचना पुलिस और एसडीओ को दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ट्रक को चावल सहित लेकर थाना में पहुंची है और पूछताछ कर रही है।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई:** एसडीओ सुनील कुमार ने बताया की चावल की खरीद बिक्री कागजी प्रक्रिया के तहत होती है। चावल को खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है की बिना रजिस्ट्रेशन का ही चावल गोदाम में उतारा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### साहेबगंज में छत से गिरकर जख्मी नवविवाहिता की मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र की पहाड़पुर मनोरथ पंचायत के मनाईन गांव में छत से गिरकर जख्मी विवाहिता की मंगलवार रात एसकेएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान सनोज कुमार की पत्नी करीना कुमारी (19) के रूप में की गई है। उसकी मायका बंगरा निजामत पंचायत में थी। उसके पिता ललन राम ने बताया कि करीना मनाईन गांव के लालबाबू राम के पुत्र सनोज कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। उससे अभी कोई संतान नहीं थी। रविवार को दिन में छत से गिरकर करीना गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में एसकेएमसीएच रेफर कर दिया था। वहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को मनाईन गांव लाया गया, जहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि छत से गिरकर विवाहिता की मौत हुई है। मामले में यूडी केस दर्ज किया जाएगा। इधर, करीना की मायके में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आसपास के लोग उसे ढांढस बंधा रहे थे।

### सड़क से ऊंची नाली, जलभराव की समस्या झेल रहे लोग



**भागलपुर, एजेंसी।** अभी कई दिनों से बारिश नहीं हुई है, लेकिन अगर आप गुड्हट्टा चौक से मिरजान हाट की तरफ बढ़ेंगे तो थोड़ी दूर सड़क के बायीं ओर गली जाती है। यह गली वार्ड 45 की चंडी प्रसाद लेन कहलाती है। इस गली में जाएंगे तो इस सड़क पर आपको इस समय भी जलभराव नजर आ जाएगा। पिछले कई महीनों से यहां के लोग जलभराव की समस्या झेल रहे हैं। जिम्मेदार भी मुंह मोड़े हुए हैं। नगर निगम भी यहां से पानी निकालने के लिए कोई खास प्रयास नहीं कर रहा है। ऐसे में लोग सड़क छोड़कर नालों के स्लैब पर चलने को मजबूर हैं। वहीं, दोपहिया वाहन सवार बचते-बचाते इस रास्ते से गुजरते हैं। इस सड़क पर जलभराव की मुख्य वजह नाली का सड़क से ऊंचा होना है। नाली के सड़क से ऊंची होने के कारण नाले का गंदा पानी भी सड़क पर भरा रहता है। इसके अलावा दूसरी वजह कासिम बाग लेन में विभिन्न घरों में कराए जा रहे बोरिंग है। इधर का पानी घूमकर चंडी प्रसाद लेन में आ जाता है। ऐसे में नाली के पानी निकासी की व्यवस्था सही ढंग से नहीं होने से सड़क पर पानी भरा रहता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस संबंध में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त समेत अन्य जिम्मेदारों से भी शिकायत की गई, लेकिन समस्या दूर नहीं हो रही है। इसकी वजह से घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। घर से बाहर निकलकर दफ्तर, बाजार आदि जाना मुश्किल हो गया है। अभी तो पानी थोड़ा कम है, जब बारिश हो जाती है तो पानी के घर में घुसने जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जिम्मेदारों को चाहिए कि यहां का निरीक्षण कर समस्या का समाधान निकालें।

### कहलगांव शहर के पूरब टोला वार्ड नंबर 15 पांडे गली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव शहर के पूरब टोला वार्ड नंबर 15 पांडे गली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को वृंदावन धाम से पधारी कथावाचिका अर्चना सिंह ने प्रहलाद चरित्र एवं जर भरत कथा का प्रंसग सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद की कहानी से हमें ये सीख मिलती है कि भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। अगर आप बिना डरे भगवान में पूरा विश्वास रखेंगे तो वे आपकी हमेशा सहायता करेंगे और आपको हर मुश्किल से बाहर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में तीन लोग यदि निष्ठापूर्वक कर्म करें तो समाज को सुंदर प्रेरणा प्राप्त होगी। पहला कथाकार जो शास्त्रों के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करें। दूसरा कलाकार जो समाज में अच्छी कलाओ से अच्छाई का प्रदर्शन, तीसरा पत्रकार जो सच्चाई का लेखन करें। इसलिए इन तीनों को निष्ठा पूर्वक अपने कर्म का निर्वहन करना चाहिए। मंच संचालन अभय पांडे ने किया।

# बिहार खादी के सत्र में रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उद्योग में भूमिका पर चर्चा

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पटना में इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रत्येक दिन विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बच्चे और अभिभावक बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहें है। समर कैम्प के आज के सत्र में उद्योग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रोबाटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नवाचार के बारे में जानकारी दी गई। इस विशेष सत्र का संचालन टेकप्रो लैब्ज, बिहार के संस्थापक विवेकानंद प्रसाद द्वारा दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को एआई और रोबोटिक्स की दुनिया से परिचित कराना और आज के तेजी से बढ़ते तकनीकी परिदृश्य में उनके महत्व को प्रदर्शित करना है। शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विवेकानन्द प्रसाद ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में एआई और रोबोटिक्स की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। श्री प्रसाद ने कहा, 'एआई और रोबोटिक्स सिर्फ भविष्य नहीं हैं; वर्तमान हैं। वे हमारे जीने और काम करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं, प्रक्रियाओं को तेज, अधिक कुशल और सुरक्षित बना रहे हैं।' 'हमारी युवा पीढ़ी के लिए इन तकनीकों को जल्दी समझना आवश्यक है, क्योंकि वे ही भविष्य के नवाचारों को आकार देंगे और संचालित करेंगे।' पूरे सत्र के दौरान, श्री प्रसाद ने वास्तविक जीवन के उदाहरणों और व्यावहारिक गतिविधियों का उपयोग करके जटिल अवधारणाओं को सरल और इंटरैक्टिव तरीके से समझाया। बच्चों को रोबोटों को कार्य करते हुए देखा, जानना कैसे एआई हमारे समस्याओं को कैसे हल कर सकता है। सत्र में बच्चों को रोबोटिक मॉडल प्रदर्शन और एआई-संचालित अनुप्रयोगों से सीधे जुड़ने के मौका मिला। कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था, जहां बच्चों ने उत्सुकता से सवाल पूछे कि एआई और रोबोटिक्स का उपयोग कृषि क्षेत्र में कैसे किया जा सकता है। कैसे उद्योग में नई नौकरियाँ पैदा करने, उत्पादकता बढ़ाने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए इन प्रौद्योगिकियों की क्षमता समझ सकते हैं। टेकप्रो लैब्ज बिहार स्थित एक अग्रणी प्रौद्योगिकी शिक्षा कंपनी है जिसकी स्थापना विवेकानंद प्रसाद ने की है। यह सभी उम्र के छात्रों को एआई, रोबोटिक्स और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक सीखने के अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। कार्यशालाओं, पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों के माध्यम से, टेकप्रो लैब्ज का लक्ष्य युवा दिमाग में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। बिहार राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड भविष्य में ऐसे और अधिक शैक्षिक कार्यक्रमों की मेजबानी करने की योजना बना रहा है, जिसका लक्ष्य पारंपरिक उद्योगों और आधुनिक तकनीक के बीच की खाई को पाटना है।



## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी स्थित बाइपास पर ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार बालू व्यवसाई की मौत हो गई। वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 बंजारी निवास रामाशंकर तिवारी के बेटा बबलू तिवारी के रूप में हुई है।

घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है, कि बबलू तिवारी बंजारी स्थित बाइपास मोड़ पर अपने बाइक को खड़ा कर उसी पर सवार होकर बैठे थे। तभी एक बालू लोड ट्रक चालक अपना ट्रक बैक कर रहा था और बाइक सवार पर बैठे बब्लू तिवारी को ट्रक चालक देख नहीं सका और उसे अपने चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने जख्मी को इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं सूचना दी। पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। मृतक के दो बेटा और एक बेटी है। घटना के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नगर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि ट्रक के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रिलीज से पहले आईनॉक्स, पटना में हुआ एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म 'रंग दे बसंती' का प्रीमियर

निज संवाददाता

**पटना।** एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत निर्माता रौशन सिंह और सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म 'रंग दे बसंती' 7 जून यानी कल बिहार और यूपी के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, जिसकी पूर्व संध्या पर आज पटना सिटी सेंटर स्थित पीवीआर आईनॉक्स में इसके भव्य प्रीमियर का आयोजन किया गया। इसमें फिल्म के निर्माता रौशन सिंह,निर्देशक प्रेमांशु सिंह, खेसारीलाल यादव, हिटलर दीदी फेम रति पांडेय, बॉलीवुड अभिनेत्री डायना खान, निर्देशक लालबाबू पंडित, समर्थ चतुर्वेदी, सोनू पांडेय और पी आर ओ रंजन सिन्हा आदि लोग मौजूद रहे। उक्त अवसर पर निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि यह भोजपुरी की सबसे बड़ी फिल्म है और यह दर्शकों को शानदार मनोरंजन देने वाली है। इसलिए पटना से मैं आज बिहार वासियों से आग्रह करूँगा कि आप सभी इस फिल्म को जरुर देखें। अब तो यह पीवीआर में भी रिलीज हो रहा है। फिल्म में बॉलीवुड से लेकर भोजपुरी फिल्म जगत के नामचीन लोगों ने काम किया है। इसलिए यह अन्य दूसरी फिल्मों से अलग है। फिल्म के निर्देशक प्रेमांशु सिंह ने कहा कि फिल्म 'रंग दे बसंती' हर मामले में एक बेहतरीन सिनेमा है। इसे हर दर्शकों को देखना चाहिए। यह मेरी अब तक की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। इसे आप सभी जरुर सिनेमाघरों में जा कर देखें। वहीं, खेसारीलाल यादव ने फिल्म 'रंग दे बसंती' के प्रीमियर के मौके कहा कि यह एक अद्भुत कहानी है जो विविधता, समरसता और एकता का संदेश देती है। यह फिल्म न केवल मनोरंजन के लिए है, बल्कि एक सामाजिक संदेश को भी साझा करती है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे भोजपुरी फिल्म मल्टीप्लेक्स में नहीं लगती है, उनकी शिकायत भी अब दूर हो रही है। जब आईपीएल में भोजपुरी भाषा को सम्मान मिल सकता है, तो सिनेमाघरों में क्यों नहीं। आपकी अपनी भाषा की फिल्म है यह और इसे आप आईएनओएक्स में बैठ कर देखिए। और खूब आनंद लीजिये। छोटे पर्दे की चर्चित अदाकारा रति पांडेय ने कहा कि 'रंग दे बसंती' भोजपुरी सिनेमा में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। इस फिल्म में मैं अलग अंदाज में नजर आउंगी। फिल्म से कई अनुभव जुड़े हैं और इसका निर्माण बड़ी बॉलीवुड फिल्म की तरह हुआ है। सबों ने बेहद मेहनत की है। मैं सभी दर्शकों ख़ास कर नारी शक्ति से कहना चाहूंगी, आप जरुर इस फिल्म को देखिए। वहीं, बॉलीवुड अभिनेत्री डायना खान ने भी फिल्म की तारीफ करते हुए इसे सुपर हिट बनाने की अपील की। आपको बता दें कि 'रंग दे बसंती' भोजपुरी की सबसे महंगी फिल्म है, जिसके निर्माता



रौशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। फिल्म में खेसारीलाल यादव, अभिनेत्री रति पांडेय और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा है। गीतकार प्यारेलाल यादव ,अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉ कृष्णा एन शर्मा और सत्य सावरकर हैं। पीआरओ शैलेश गिरी, रंजन सिन्हा हैं। डीओपी वासु, कोरियोग्राफर रिकी गुप्ता, कला राजीव शर्मा का है। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े सिंगरों की आवाज भी सुनाई देगी।

## सड़क हादसे में घायल भांजे की भी मौत :गिट्टी लदे हाईवा ने बाइक में मारी थी टक्कर

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में गिट्टी लदे हाईवा ने बाइक सवार मामा-भांजे को रौंद दिया था। हादसे में मामा की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि भांजा घायल हो गया था। उसे प्राथमिक उपचार अनुमंडल अस्पताल कहलगांव ले जाया गया था। जहां से मायागंज रेफर कर दिया गया था। जहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। मृतक मामा तीनटंगा निवासी स्वर्गीय महाराज मंडल के रजनी प्रभात (40) हैं। जबकि भांजा पीरपैंती थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव के देवेंद्र कुमार (30) हैं। जिनका पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। दोनों मायागंज अस्पताल में भर्ती बीमार फूफा से मुलाकात कर वापस घर लौट रहे थे। शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र के विक्रमशिला स्टेशन के पास एनएच- 80 पर हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद चालक हाईवे मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे को जब्त कर लिया है। मामले की छानबीन में जुट गई है। मरने वाले दोनों अपने सगे मामा भांजा हैं। मृतक देवेंद्र के भतीजे राजू ने बताया कि अपने फूफा से मुलाकात कर मायागंज से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा ने रौंद दिया। बीमार पिता पिछले दिनों से मायागंज अस्पताल में भर्ती है।

### दोनों रसीदपुर गांव जा रहे थे

शिवनारायणपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने बताया कि विक्रमशिला स्टेशन के समीप एनएच- 80 पर बाइक और हाईवे की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दो लोग थे। जिनमें से एक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल कहलगांव भेजा गया। दोनों पीरपैंती थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव जा रहे थे।






# भोजपुर में अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर एक वांछित बदमाश को अवैध हथियार के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी अभिषेक सिंह है। पकड़े गए आरोपित के पास से एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किया गया है। इधर, सदर डीएसपी टू रंजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। वह पहले से लूट व चोरी के कांडों में चार्जशीटेड रहा है।

## प्रेम-प्रसंग में मारी थी गोली

पूर्व के गोली कांड में भी संलिप्त रहा था। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर चांदी थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने मठियापुर में छापेमारी कर वांछित को धर दबोचा। बात दे की तीन मई को संदेश प्रतापपुर गांव निवासी अभिराज सिंह प्रतापपुर-मठियापुर मोड़ स्थित कुशवाहा मार्केट में अपने दोस्त के गैरेज पर बैठे हुए थे । तभी हथियारबंद बदमाश वहां आ धमका था और उन्हें गोली मार फरार हो गया था। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। प्रेम-प्रसंग संबंधी विवाद की बात चर्चा में आई थी। अक्टूबर से ही विवाद चला आ रहा था।इसके बाद से ही पुलिस को आरोपित की तलाश थी।

## छापेमारी अभियान में 25 धराए

एसपी के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 25 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में एक, पुलिस पर हमले में दो, आर्म्स एक्ट में दो, रंगदारी में एक, वारंट में तीन व शराब में 14 आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान दो शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 44 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। करीब 400 लीटर शराब विनष्ट कर दिया गया। करीब 626 वाहनों की जांच की गई।

## 18 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया

करीब एक लाख 18 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। दो देसी कट्टा व दो गोली बरामद किया गया। दो बाइक को जब्त किया गया। सिकरहटा थाना पुलिस ने पुलिस पर हमले के मामले में वांछित आरोपित को धर दबोचा। करनामेपुर थाना पुलिस ने पुलिस पर हमला व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में वांछित आरोपित को धर दबोचा। छह सालों से तलाश थी। कोईलवर थाना पुलिस ने रंगदारी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। संदेश व चांदी पुलिस ने आर्म्स एक्ट में दो को गिरफ्तार कर लिया। इमादपुर पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### लू के थपेड़े! सरकारें गंभीर नहीं...

हर वर्ष गर्मी में तापमान कुछ बढ़ा हुआ दर्ज हो रहा है। लू के थपेड़ों से लोगों की जान चली जाती है। पिछले वर्ष एक ही दिन में अकेले बलिया में करीब डेढ़ सौ लोगों की जान चली गई थी। उड़ीसा में 3 दिन में 99 लोगों की जान चली गई। दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ते वैश्विक ताप को लेकर चिंतित हैं। मगर इसे लेकर खुद सरकारें और उनके तंत्र कुछ गंभीर नजर नहीं आते। इसी का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदान के आखिरी चरण में लू लगने और बुखार की वजह से फिलहाल करीब पच्चीस लोगों के जान गंवा देने के आंकड़े आए हैं। इसके अलावा पिछले चार दिनों में सात राज्यों से करीब साढ़े तीन सौ लोगों के मरने के आंकड़े मिल रहे हैं। दो साल पहले ऐसी ही जानलेवा गर्मी के मौसम और कोरोना संक्रमण के समय उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कराए गए थे, जिसमें सौ से अधिक सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के चुनाव तैनाती के दौरान बीमार होकर मरने के आंकड़े आए थे। तब उत्तर प्रदेश अध्यापक संघ ने खासा विरोध दर्ज कराया और मुआवजे को लेकर सरकार पर काफी दबाव बनाया था। अब आम चुनाव के दौरान तैनात कर्मचारियों के मरने की खबरें आई हैं। स्वाभाविक ही तेज गर्मी में तैनात कर्मचारियों के मरने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना हो रही है। मरने वाले कर्मचारियों में अधिकतर छोटी श्रेणी के हैं, जिन्हें लगभग पूरे समय धूप में ही खड़े रहना पड़ा होगा। इनके अलावा, उन हजारों सुरक्षाबलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिन्हें चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े सहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करना पड़ा। मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई, मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर निर्वाचन आयोग ने क्या सोच कर चुनाव को इतना लंबा खींचा और ऐसे मौसम में मतदान की तारीखें रखीं, जब पूरा उत्तर भारत लू में झुलस रहा होता है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि निर्वाचन आयोग मई और जून के महीनों में चलने वाली गर्म हवाओं से अपरिचित रहा होगा। जब वह सुरक्षा उपायों का गंभीरता से अध्ययन कर सकता है, सुरक्षाबलों की तैनाती को लेकर इतना सतर्क हो सकता है, तो उसने मौसम विभाग के साथ बैठ कर गर्मी के चलते पैदा होने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास क्यों नहीं किया। कई लोगों का मानना है कि तेज गर्मी की वजह से बहुत सारे लोग मतदान के लिए घरों से बाहर नहीं निकले, जिससे कई जगहों पर मतदान काफी कम हुआ। मतदान कराने का मतलब केवल यह नहीं होता कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए और मतदाताओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। इस प्रक्रिया को संपन्न कराने वालों की सेहत और सुविधाओं का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। निर्वाचन आयोग इस बात से बेखबर नहीं माना जा सकता कि गर्मी और लू के कारण लोगों का पाचन तंत्र खराब हो जाता है, जिन लोगों को दिल, गुर्दे वगैरह की समस्या है, उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। जिन सरकारी कर्मचारियों को चुनाव केंद्रों पर तैनात किया गया, उनमें से अनेक लोग इस तरह की समस्याओं से पहले से जूझ रहे होंगे। आखिर उनकी सेहत का ध्यान रखने की जिम्मेदारी किस पर होगी। अब लू लगने से मरने वालों को मुआवजे की घोषणा की जा रही है, मगर इससे सरकारी तंत्र की लापरवाहियों पर पर्दा नहीं पड़ जाता। वैसे चुनाव आयोग ने भी माना गर्मी में चुनाव नहीं होना चाहिए।

### सत्तारूढ़ की वापसी

मतदान का लंबा सफर खत्म हो गया और परिणाम आना शुरु हो थे।, दो राज्यों- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए थए ।अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने फिर से जीत दर्ज की है, तो वहीं सिक्किम में मजबूत क्षेत्रीय दल सिक्किम क्रांतिकारी मोरचा अर्थात एसकेएम ने लगातार दूसरी बार बड़ी जीत दर्ज की है। लोकसभा चुनाव मतों की गिनती से पहले विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती पहले कर दी गई थी,क्योंकि वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा था। एक खास बात यह भी है कि अरुणाचल प्रदेश के 60 विधानसभा क्षेत्रों में से दस में मतदान की जरूरत नहीं पड़ी थी। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनके डिप्टी चोवा मीन सहित 10 सत्तारूढ़ उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी सीट निर्विरोध जीत ली थी। यह एक संकेत है कि दो बार सत्ता में रहने के बावजूद अरुणाचल प्रदेश में भाजपा नेताओं की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। दूसरी ओर, विपक्ष बहुत मामूली सीटों के साथ अपनी साख बचाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। वैसे अरुणाचल में भाजपा जितनी मजबूत है, उससे कहीं ज्यादा मजबूत सिक्किम में एसकेएम है।

## भ्रामक सूचना, डीपफेक और लोकतंत्र

**(सैयद नज़ाकत)**

*भविष्य में लोकतंत्र के काम करने के लिए भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है क्योंकि गलत सूचना लोकतंत्र और इसकी सहयोगी संस्थानों में विश्वास को कमजोर करती रहती है। इस साल दुनिया भर में होने वाले चुनावों को देखते हुए एआई निर्मित भ्रामक और हानिकारक सामग्री की पहचान करने और उसका मुकाबला करने में बहुत चुनौती होगी। गलत सूचना के तरीके एक देश से दूसरे देश में बहुत तेजी से फैलते हैं। विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं से आने वाली सामग्री की निगरानी और जांच करना समाचार कक्षों के लिए एक चुनौती होगी।*

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि गलत सूचना दुनिया भर के देशों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत, उन देशों में से एक के रूप में पहचाना गया है जहां गलत और भ्रामक सूचना के सबसे बड़े खतरे हैं। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपने राष्ट्रीय चुनावों का समापन कर रहा है और दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में इस साल चुनाव हो रहे हैं। लोकतंत्रों के लिए दुनिया भर में यह कितना महत्वपूर्ण समय और कितनी गंभीर परीक्षा की घड़ी है! भारत के चुनावों से यह जानने के लिए बहुत कुछ है कि विभिन्न प्रारूपों, भाषाओं और क्षेत्रों में ऑनलाइन गलत सूचना के वेक्टर कैसे फैलते हैं। भारत में मीडिया और सूचना का परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है क्योंकि अधिक से अधिक लोग इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त कर रहे हैं, ज्यादातर अपने फोन के माध्यम से। आज 87 करोड़ यानी आधे से अधिक भारतीय एक्टिव इंटरनेट यूजर हैं। यह एक नई चुनौती पैदा कर रहा है क्योंकि समाचार के विश्वसनीय स्रोतों को अक्सर ऑनलाइन असत्यापित जानकारी से सराबोर कर दिया जाता है। हम दुनिया भर के चुनावों से सीख रहे हैं कि गलत सूचना में मतदाताओं को धोखा देने और चुनावी प्रक्रियाओं में उनके विश्वास को कमजोर करने की क्षमता होती है। लोग मानव इतिहास में किसी भी समय की तुलना में सूचना के लिए अधिक विकल्पों के साथ बड़े हो रहे हैं। इससे एक बड़ी चुनौती पैदा होती है क्योंकि लोग सच्ची और झूठी सूचना के बीच अंतर करने के लिए संघर्ष करते हैं। शोध बताता है कि जितना अधिक व्यक्ति झूठ के संपर्क में आते हैं, उनका विश्वास करने की संभावना उतनी ही अधिक होती है, भले ही जानकारी उनकी मौजूदा मान्यताओं का खंडन करती हो। ऐसे में चुनाव विवादों का केंद्र बन जाते हैं और लोकतंत्र को इसकी सबसे कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ता है। मतदाताओं के फैसलों को तथ्यों पर टिकाए रखने के मूल्यों को बचाए रखने की प्रतिबद्धता ने शक्ति इंडिया इलेक्शन फैक्ट चेकिंग कलेक्टिव के निर्माण को जन्म दिया, जिसे गूगल समाचार की पहल से समर्थन प्राप्त है। यह पहल डेटालीड्स की है, जिसने गलत सूचना से मुकाबला करने वाले गठबंधन (एमसीए), बूम, द क्विंट, विश्वास न्यूज, फैक्टली, न्यूजचेकर, और अन्य प्रमुख फैक्ट चेक संगठनों और इंडिया टुडे और प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) जैसे समाचार प्रकाशकों के साथ साझेदारी की है। भारत के फैक्ट चेकरों और पब्लिशरों का एक गठबंधन जो 2024 के भारत के चुनावों की तैयारी में एक साथ आए थे ताकि चुनाव से संबंधित गलत सूचना और डीपफेक का जल्दी पता लगाया जा सके और क्षेत्रीय भाषाओं में फैक्ट चेकिंग का प्रसार किया जा सके। यह भारत में फैक्ट चेकरों और पब्लिशरों के बीच अब तक का सबसे बड़ा सहयोग है जो मिसइन्फॉर्मेशन से लड़ने के लिए किया गया है। भारत में शक्ति संगठन के हिस्से के रूप में, यह देखना अविश्वसनीय था कि कैसे विविध समाचार संगठन, जिनमें प्रतिस्पर्धी भी शामिल हैं, गलत सूचना के साझा खतरे का समाधान करने के लिए एक साथ आए हैं। लगभग 50 से अधिक संगठन, जिनमें प्रमुख फैक्ट चेकरों के साथा-साथ छोटे-बड़े न्यूज रूम शामिल हैं, देश भर से एक साथ आए ताकि इस संगठन का हिस्सा बन सकें। पिछले तीन महीनों में हर दिन 260 से अधिक तथ्य जांच करने वाले रिपोर्टर और संपादक गलत सूचना की पहचान करने और हानिकारक और भ्रामक सामग्री, षड्यंत्र के सिद्धांतों, फर्जी मतदान सर्वेक्षणों और एआई से निर्मित डीपफेक से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। प्रकाशक भी इसमें शामिल हुए, तथ्य जांच सामग्री को बढ़ावा दिया और लाखों मतदाताओं को मतदान से संबंधित गलत सूचना से बचाया। इस चुनाव तथ्य जांच अभियान को आईआईटी और अन्य प्रमुख एआई संगठनों जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के डीपफेक और सिंथेटिक मीडिया विशेषज्ञों का समर्थन प्राप्त है। इन विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि टूल और टेक्नॉलजी, खासकर डीपफेक, मिसइन्फॉर्मेशन से मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डेटालीड्स में हम कई वर्षों से गलत सूचना से लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में शुरू किए गए हमारे काम ने भारत और उसके बाहर गलत सूचना से लड़ने के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को जन्म दिया है। गूगल समाचार पहल के समर्थन से हम दुनिया के एक बड़ा ट्रेनिंग नेटवर्क चलाते हैं जिससे भारत में 10 से अधिक भाषाओं में सैकड़ों समाचार कक्षों और हजारों पत्रकारों को लाभ हुआ है और इसने देश में एक मजबूत फैक्ट चेकिंग इकोसिस्टम बनाने में मदद की है। नेटवर्क में पत्रकारों को एक खुली कॉल प्रोसेस के माध्यम से चुना गया था, जिसके बाद विभिन्न भाषाओं में देश भर में ट्रेन द ट्रेनर (टीओटी) कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया गया। पूरे भारत में तैनात ये पत्रकार तब से गलत सूचना से निपटने और एक मजबूत इन्फॉर्मेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित नेटवर्क के राजदूत बन गए हैं। भारत के सबसे बड़े मीडिया साक्षरता नेटवर्क फैक्टशाला ने देशभर के विभिन्न समुदायों और व्यक्तियों को ऐसे उपकरण और दृष्टिकोण प्रदान किए हैं जो उन्हें जानकारी का आलोचनात्मक रूप से और जिम्मेदारी से सेवन करने में सक्षम बनाते हैं। यह इन प्रयासों के कारण ही है कि आज भारत में दुनिया भर में सबसे ज्यादा तथ्य जांच करने वाले हैं जो इस वैश्विक लड़ाई में सबसे आगे हैं। यह 2018 के विपरीत है जब देश में केवल दो से तीन फैक्ट चेकिंग इंस्टिट्यूशंस थे। आज भारत में 17 अंतरराष्टीय फैक्ट चेकिंग नेटवर्क (आईएफसीएन) सर्टिफाइड फैक्ट चेकिंग संगठन हैं, जो किसी भी देश में सबसे ज्यादा हैं। अमेरिका में यह संख्या 12 है। हमारे प्रयास लगातार गलत सूचना के खिलाफ पत्रकारों, न्यूज रूमों और व्यक्तियों को सशक्त बनाने पर केंद्रित रहे हैं जो लोगों को गलत सूचना और भ्रामक सूचना से लड़ने के लिए उपकरण प्रदान करते हैं। शक्ति-इंडिया फैक्ट चेकिंग कलेक्टिव का लक्ष्य इस सहयोगी मिशन के साथ एक ऐसा समाज बनाना है जो सूचना के महत्वपूर्ण सेवन को महत्व देता है और उस पर पनपता है। मीडिया संगठन अपने लिए एक मुश्किल स्थिति का सामना कर रहे हैं क्योंकि उनकी जिम्मेदारियां बहुत बढ़ गई हैं। एआई कंटेंट की बाढ़ से चुनावों के दौरान चिंताएं पैदा हुई हैं। सोशल मीडिया पर एआई निर्मित गलत सूचना की मात्रा अपेक्षाकृत कम रही है।

## कन्याकुमारी में साधना से निकले नये लक्ष्य और संकल्प

**(नरेंद्र मोदी)**

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, Oneness का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों। कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर माँ शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5393

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5392

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज लाभ का दिन है और आपको संतोष प्राप्त होगा। आपको राजनीतिक क्षेत्र में किए जाने वाले प्रयास में सफलता प्राप्त होगी। आपको शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिलेगा और आपका भाग्य साथ देगा। आपको नए अनुबंधों से लाभ होगा और आपके पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय घटनाएं होने की आशंका है। सावधान रहें और पैसों का लेनदेन किसी से न करें।

### वृष

आज आपकी आय में वृद्धि होगी। ऑफिस में सहयोगियों से आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे और काम करने के लिए अच्छा माहौल बनेगा। घर में भी आपको जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा और आपके कई रुके कार्य पूर्ण होने से हर्ष होगा। संतानपक्ष के करियर में हो रही तरक्की से भी आप खुश होंगे। आशाजनक समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कर्क

आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आज सुबह से अच्छे समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति होगी। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशाकारक है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें।

### सिंह

आज लाभ होगा और सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों को आदर और सहयोग मिलेगा और आपस में संबंध बेहतर होंगे। सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। प्रिय अतिथियों का स्वागत करने का मौका मिलेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

### कन्या

आज आपका पूरा दिन काम करने में बीतेगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चले आ रहे गतिरोध समाप्त हो जाएंगे। आज आपको रिश्तेदारों से कोई लेनदेन नहीं करना चाहिए। धार्मिक क्षेत्र की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती हैं।

### तुला

आज का दिन मिलाजुला रहेगा और आज आपको हर मामले में सावधान रहने की जरूरत है। कोई मूल्यवान वस्तु के खोने और चोरी होने की आशंका है। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में आशातीत सफलता प्राप्त होगी और करियर के मामले में कोई शुभ समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। रात में किसी सामाजिक कार्य में भाग लेने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### वृश्चिक

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों के साथ आपक खुशियां मनाएंगे। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की समस्या का अंत होगा। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने से सुख मिलेगा और आप खुश होंगे। विरोधियों का अंत होगा और आपको कहीं काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है। परिवार के साथ आउटिंग पर जा सकते हैं।

### मकर

आज लाभ के शुभ योग बने हैं और आपके कारोबार में वृद्धि होगी। आज बीमारियों की जांच कराने में दिन बीतेगा। आज आपको करियर और कारोबार में आपको थोड़ा ध्यान लगाकर काम करना होगा। आपको आज फालतू खर्च से बचने की सलाह है। आपको धन लाभ होगा और आपके कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शुभ खर्च करने से आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी। आपको लाभ होगा।

### कुंभ

आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का आपको लाभ होगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेना पड़ सकता है। आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी और किस्मत का साथ आपको मिलेगा। प्रियजनों से मुलाकात होने पर आपका मन प्रसन्न होगा।

### धनु

आज आपके लिए उत्तम संपत्ति प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और कोई कार्य पूर्ण होने से हर्ष होगा। यात्रा पर जाने से आपके कार्य पूर्ण होंगे और स्थिति सुखद और लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात तक लोगों से मिलना जुलना रहेगा।

### मीन

आज ग्रहों की स्थिति सुखद है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको लाभ होगा और ऑफिस में आपको सम्मान प्राप्त होगा। आपको शिक्षा और प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। आज आपको शाम के वक्त काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे और आपका कुछ नहीं बिगड़ेगा।

## वर्ग पहेली 5393

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | 8 | | |
| 9 | | | 10 | 11 | | 12 | |
| 13 | | 14 | | 15 | 16 | | |
| | | 17 | | | | | |
| | 18 | | | 19 | | | 20 |
| 21 | | | | 22 | | | |
| | | 23 | | | | 24 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. पाकिस्तान, सऊडी अरब और 53 अन्य इस्लामी देशों ने 16 जुलाई 2003 को य निर्णय लिया गया कि इस देश को 2005 तक मान्यता दी जाएगी (5)
5. यह विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश है (2)
7. बलराम के नामों में से एक, बलभद्र (4)
8. श्रीमान, महोदय, महाशय (3)
9. तीन बूटियों बाला ताश का पत्ता (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है, इंनद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. प्रयोगशाला को अंग्रेजी में यह कहते हे (2)
13. असुर, राक्षस, दनु नाम की पत्नी से उत्पन्न कश्यप ऋषि के पुत्र (3)
15. आक्रमण, धावा (3)
17. कामना, मनावांछा, तमन्ना, आरजू (4)
18. क्रांतिवृत्त में पड़नेवाले तारों का समूह, निश्चित संख्या (2)
19. आहार पदार्थ, भोज्य सामग्री (4)
21. पुश, आखेट (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
24. उन्नति का समय अभ्युदय काल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आरंभिक, प्राथमिक, शुरूआती (5)
2. वशिष्ठ, बोट, सफीना (4)
3. यह उत्तरभारत में बहने वाली एक नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
4. इस पार का, निकटतटवर्ती (3)
5. यह एक बांग्लादेशी गायिका है (4)
6. मूल कारण, वजह , हेतु (3)
11. जो सीधा न जाकर बलखाते हुए गया हो (5)
14. वन्यतापूर्ण, जंगली, पशुतापूर्ण (5)
16. स्वार्थ, प्रयोजन, अर्थ, मकसद (4)
18. संगीत में स्वरों के विशेष क्रम, शास्त्रीय संगीत की रचना (3)
20. अध्यापक, शिक्षक, गुरू (3)
21. चंद्रमा के रथ 10 घोडों में से एक का नाम, आखेटित पशु, हिरण (2)

### वर्ग पहेली 5392 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | ह | रि | को | टा | | ना | री |
| मा | ल | वा | | ल | घु | म | ति |
| न | वा | ज | ना | | न | | ग |
| | ई | | ज | न | | बु | त |
| | | त | | क | ना | डा | |
| | म | ह | ता | ब | | पे | रू |
| ग | नी | म | त | | पि | स्ट | ल |
| | ला | त | | भा | तृ | | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया

**दुमका, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विश्वविद्यालय के परिसर में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण हमारे वर्तमान के साथ भविष्य के लिए आवश्यक और उपयोगी है। बढ़ती हुई गर्मी से यदि राहत पानी है तो अनिवार्य रूप से अधिक से अधिक पौधा लगाना ही होगा। वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने में वृक्षारोपण कार्य आवश्यक है। इस अवसर पर कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ एस एन अधिकारी, एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ धनंजय कुमार मिश्र राजू हेम्ब्रम, दिलीप तुरी, पंकज यादव, जय प्रकाश गोराईं, मोनु, सुबोध आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

### झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**दुमका, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चतुर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी के द्वारा डीसी चौक से लेकर खुटा बांध तक रैली निकाली गई। इस अवसर पर रैली में महिला कैडेटों ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है, एलस्टिक को बंद करवाना है। पर्यावरण है हम सबकी जान, इसलिए रखो इसका ध्यान जैसे नारे लगाए। बहुत ही जोश और उल्लास के साथ ये महिला कैडेट पैदल खुटा बाँध पहुचे एवं बाँध एवं उसके आस-पास के एरिया की सफाई की यहाँ बाँध के किनारे महिला कैडेटो ने सारे फेंकें एवं पड़े हुए कुद्धे कचडे, एवं एलास्टिक को एकत्रित किया एवं कूड़ेदान में डाला। इस अवसर पर चतुर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी के बटालियन के सूबेदार मेजर आनंद सिंह, जीसीआई रिचा राज, अस्मित जैन एवं सभी फौजी एवं सिविल स्टाफ मौजूद रहे।

### बॉर्डर पर तार काटकर रांची आई बांग्लादेश की 3 युवतियां गिरफ्तार

रांची, एजेंसी। बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू रोड स्थित बाली रिसॉर्ट से पुलिस ने बुधवार को तीन बांग्लादेशी लड़कियों को गिरफ्तार किया है। निम्पी बरुआ, सरमीन अख्तर और निपा अख्तर खुशी को घुसपैठ करने के आरोप में इन्हें जेल भेज दिया गया। ये सभी बांग्लादेश बॉर्डर पर तर काटकर कोलकाता पहुंची। वहां से रांची आई थी। ये तीनों बांग्लादेश के चटग्राम की रहने वाली है। निम्पी ने पुलिस को बताया कि डांस प्रोग्राम कराने और ब्यूटी पार्लर में नौकरी का झांसा देकर 27 मई को तीनों को रांची बुलाया गया था। उन्हें देह व्यापार के धंधे में भेजने की तैयारी थी। पुलिस जांच में पता चला कि कोलकाता की मनीषा रॉय गिरोह की सरगना है जो 20-25 वर्ष की युवतियों को नौकरी का झांसा देकर देह व्यापार के धंधे में फंसाती है। सरगना के चंगुल में फंसने के बाद युवती बाहर नहीं निकल पाती है। मनीषा के इस काम में बांग्लादेश की लड़की झूमा, हासी और प्रवीण मदद करती है। झूमा ही बांग्लादेश में रहने वाली युवती को भारत जाकर नौकरी करने के लिए प्रेरित करती है और बॉर्डर पार कराने में मदद करती है। इसके साथ हासी और प्रवीण भी मौजूद रहती हैं।

### कभी पीएलएफआई के सदस्य थे, अब लूट रहे चावल, तीन गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** खूंटी जिले की पुलिस ने पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य रहे बुधराम मुंडू उर्फ बासु (तुरांग, मुरहू), विजय कंडुलना उर्फ लंबू (खटंगा, चुरदाग, रनिया) और सुलेमान सुरीन उर्फ सुले (रंगरोरी, सरनाटोली, रनिया) को चावल लूटने और मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इन तीनों के खिलाफ तपकरा, तोरपा, रनिया और मुरहू थाना में कई उग्रवादी कांड दर्ज हैं। तोरपा के एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि इन तीनों ने तीन जून को फटका गांव में जोसेफ बोदरा के घर से मारपीट कर दो बोरा सील पैक चावल लूट लिया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने लूटेरों की तलास प्रारंभ कर दी। इस बीच सूचना मिली कि तीनो बाइक से पेरवां घाघ की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई, जिसमें पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, तपकरा थाना प्रभारी राजू कुमार, एसआई ष्यामल कुम्भकार, रमजानुल हक समेत सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया। टीम सूचना मिलते ही पेरवांघाघ की ओर रवाना हो गई।

# झारखंड के 9 जिलों में हीटवेव का अलर्ट

## रांची में बारिश की संभावना, प्रदेश में 15 से 21 जून के बीच पहुंचेगा मानसून



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अभी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इस दौरान लू की भी स्थिति बनी रहेगी। वेदर एक्सपर्ट अभिषेक आनंद के मुताबिक, 9 जून तक अभी प्रदेश के लोगों को गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है।

हालांकि, कुछ जगहों पर दोपहर के बाद हल्की बारिश हो सकती है। रांची का अधिकतम तापमान एक बार फिर 42 के आसपास पहुंच सकता है। वेदर एक्सपर्ट अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून के झारखंड में 15 से 21 जून के बीच पहुंचने की संभावना है। क्योंकि मानसून अभी बंगाल की खाड़ी के आसपास भी नहीं पहुंचा है। राज्य के 14 जिलों में अभी झुलसाने वाली गर्मी से लोग परेशान है। इन जिलों में का तापमान अभी भी 40 डिग्री से ज्यादा है। सबसे बुरी स्थिति पलामू की है। यहां बुधवार को तापमान 44 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया।

जबकि पलामू प्रमंडल के ही गढ़वा जिले में पारा 43.9 डिग्री, मेदिनीनगर में 43 डिग्री और सरायकेला में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी के बीच उमस से जनजीवन बेहाल है। गर्मी की इस भीषण स्थिति के बीच मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर रखा है।इसका सबसे अधिक पलामू और आसपास के जिलों में रहेगी। वेदर एक्सपर्ट ने राजधानी रांची सहित राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तीन डिग्री तक पारा चढ़ने की बात भी कही है। हालांकि कोल्हान को लेकर उनका मानना है कि मध्यम दर्जे की आंधी-बारिश इन इलाकों में थोड़ी राहत देगी। अभिषेक आनंद के मुताबिक, राज्य में जो हवा सुबह राहत दे रही है, वही हवा दिन के 12 बजते ही परेशान कर रही है। इसके पीछे की वजह बंगाल की खाड़ी से होकर आ रही हवा है। इसके अलावा पश्चिमी हवा का प्रवाह झारखंड की ओर है। इन्हीं वजहों से राज्य के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। कभी तेज गर्मी पड़ रही है तो कभी बादल और हवा के कारण राहत भी मिल रही है।

मौसम विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक बुधवार को गढ़वा, मेदिनीनगर, लातेहार, सरायकेला, कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, चतरा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी, हजारीबाग और पूर्वी सिंहभूम का जमशेदपुर ऐसे क्षेत्र रहे, जहां का तापमान 40 डिग्री पार रहा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज गढ़वा, पलामू और चतरा जिले में हीटवेब की स्थिति रहेगी जबकि देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहिबगंज और पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां जिले में मेघ गर्जन और बिजली गिरने की संभावना है।

## ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक



**देवघर, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण पखवाड़ा पर वन पर्यावरण विभाग देवघर द्वारा जिले के कई इलाकों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर देवघर वन विभाग द्वारा दिघरिया जैव विविधता पार्क में आसपास के ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

मौके पर हजारीबाग के युवा प्रहरी नुक्कड़ नाटक की टीम ने ग्रामीण वेशभूषा पहनकर गायन व संगीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को वन तथा पर्यावरण के संरक्षण को लेकर जागरुक किया। साथ ही अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, वृक्षों को नहीं काटने एवं जंगल में आग नहीं लगाने जैसी नाट्य प्रस्तुति देकर समझाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार साह ने पृथ्वी पर पड़ रहे भीषण गर्मी के लिए पर्यावरण में हो रहे क्षति को दोष ठहराया। उन्होंने कहा कि इससे निजात पाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने एवं बचे हुए वृक्षों को संरक्षित करने की सलाह दी। वहीं जिला वन क्षेत्र पदाधिकारी एस डी सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हर साल की तरह इस वर्ष भी हमलोग जिले के सभी इलाकों में लाखों की संख्या में वृक्षारोपण का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जिले के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रजत मुखर्जी, मैत्रेया किड्स स्कूल से आए बच्चे व शिक्षक, आसपास के ग्रामीण तथा वन विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## देवघर व सारठ प्लांट परिसर में किया गया पौधरोपण

**देवघर, एजेंसी।** मेधा डेयरी देवघर एवं मेधा डेयरी सारठ प्लांट में बुधवार को डेयरी कर्मियों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान दोनों प्लांटों में कई प्रकार के छायादार पौधों को लगाया गया। साथ ही डेयरी के सभी कर्मियों ने अपने वातावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए शपथ ली। इस दौरान देवघर डेयरी प्लांट में मुख्य रूप से इकाई प्रमुख मिलन मिश्रा के साथ अभिषेक भारती, धर्मेंद्र कुमार, कौशलेन्द्र पाण्डेय, दिवेश कुमार, कुमार संजीव, विजय कुमार, दीपेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, सुमन, सुनील, महेंद्र, रूपेश, राजू, राजेश, दिनेश एवं अन्य उपस्थित रहे।

जबकि सारठ डेयरी प्लांट में प्लांट मैनेजर रविशंकर पाण्डेय, ऋतुराज कुमार, रजनीकान्त, सौमिक दास, विक्रम कुमार, जुल्फिकर, सुनील, संतोष सहित अन्य डेयरी कर्मी उपस्थित थे। मिली जानकारी के अनुसार प्लांट्स के अतिरिक्त मेधा कर्मियों के उपस्थिति में ग्रामीण स्तर पर कई दूध शीतलक केंद्र में देवघर के टीटहियाबांक एवं बिरजामुन, दुमका के सहारा एवं बनियारा तथा गोड्डा के चकेशरी में भी दूध उत्पादकों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस संबंध में देवघर इकाई प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर पौधरोपण करने का उद्देश्य यह था कि हमारे दूध उत्पादक भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक रहें। जिससे न सिर्फ नए पेड़ लगाए जाएं, बल्कि पुराने पेड़ को भी सुरक्षित रखा जा सके।

## प्रदेश राजनीति में लौटेंगे या राज्यसभा के रास्ते केंद्र जाएंगे, खूंटी में हार के बाद क्या होगा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का राजनीतिक भविष्य

**रांची , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में झारखंड में बड़ा उलटफेर हुआ। भाजपा को अपनी तीन सीटें गंवानी पड़ी तो कांग्रेस-झामुमो पांच सीटों पर कब्जा जमाने में सफल रही। राज्य की कुल 14 सीटों में से पिछली बार भाजपा ने 11 और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू ने गिरिडीह सीट पर जीत हासिल की थी। वहीं झामुमो ने राजमहल और कांग्रेस ने चाईबासा सीट जीती थी। इस बार भाजपा को रांची, धनबाद, पलामू, कोडरमा, चतरा, हजारीबाग, जमशेदपुर और गोड्डा सीट पर सफलता मिली तो आजसू फिर गिरिडीह सीट बचाने में सफल रहा।

एनडीए और इंडिया के लिए प्रतिष्ठा बनी खूंटी और दुमका भी भाजपा ने गंवा दी। यहां से अर्जुन मुंडा और हाल ही में झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुई सीता सोरेन सीट नहीं बचा सकी। दो बार चुनाव जीतने वाली लोहरदगा संसदीय सीट भी भाजपा ने गंवा दी। पार्टी ने यहां से निवर्तमान सांसद



सुदर्शन भगत को बदलकर समीर उरांव पर दांव खेला था।

खूंटी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एक लाख से अधिक वोट से हार गए। इस चुनाव में भाजपा ने खूंटी में पूरी ताकत झोंक दी थी। कई योजनाओं की शुरुआत खूंटी से की। पीएम खुद उलिहातू पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की धरती को नमन किया। राजनाथ सिंह सहित कई बड़े नेताओं ने प्रचार किया लेकिन इस प्रचार का लाभ पार्टी को नहीं मिला। जानिए, इस हार के बाद केंद्रीय मंत्री रहे अर्जुन मुंडा का राजनीतिक भविष्य क्या होगा

अगर अर्जुन मुंडा राज्य की राजनीति में लौटते हैं तो भाजपा में स्थानीय स्तर पर संगठन में कई बड़े बदलाव की संभावना है। अर्जुन मुंडा भाजपा के पुराने और मजबूत नेता है। इस वक्त पार्टी की कमान बाबूलाल मरांडी के हाथ में है। अगर राज्य की राजनीति में अर्जुन मुंडा की वापसी होती है तो विधानसभा चुनाव में पार्टी के पास बाबूलाल के साथ एक पुराना चेहरा भी होगा हालांकि इस हार से अर्जुन मुंडा का कद जरूर घटा है लेकिन राज्य की राजनीति में स्थिति अलग हो सकती है। अर्जुन मुंडा झारखंड की राजनीति में बड़ा चेहरा माने जाते हैं। वह मुख्यमंत्री भी रहे हैं। राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री थे।

बाबूलाल मरांडी इस वक्त प्रदेश अध्यक्ष के पद पर है। अर्जुन मुंडा अगर राज्य की राजनीति में लौटते हैं तो विधानसभा में भाजपा किसके चेहरे पर चुनाव लड़ेगी इसे लेकर असमंजस की स्थिति हो सकती है। अर्जुन मुंडा, रघुवर दास और बाबूलाल मरांडी इस तीन खेमें में बंटे पार्टी के कई नेता अपनी लॉबी तलाशेंगे।अर्जुन मुंडा की वापसी के साथ ही भाजपा में गुटबाजी एक बार फिर तेज हो सकती है।

## वैक्सीन वैन में लगी आग, अफरा-तफरी, हताहत नहीं



**देवघर, एजेंसी।** सदर अस्पताल परिसर में बुधवार दोपहर वैक्सीन सेंटर से वैक्सीन लेकर ग्रामीण क्षेत्र जा रहे वैक्सीन वैन में अचानक आग लग गई। उससे वहां पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मामले की जानकारी उपस्थित सभी एम्बुलेंस चालकों को होते ही मौके पर पहुंचकर गाड़ी में लगी आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं वैन चालक गाड़ी बंद करने का प्रयास करने लगा, लेकिन गाड़ी बंद ही नहीं हो रही थी। अन्य चालकों द्वारा गाड़ी बंद करने के लिए वायरिंग का तार नोचने के बाद गाड़ी बंद हो गई। वहीं सदर अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्र से गाड़ी में लगी आग बुझायी गयी।

जानकारी के अनुसार चालक वैक्सीन वैन में वैक्सीन लोड कर ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के लिए सदर अस्पताल मुख्य गेट से निकल रहा था। उसी दौरान गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग देख सदर अस्पताल परिसर में खड़े एम्बुलेंस व दो, चार पहिया वाहन लोग साइड करने लगे। खबर लिखे जाने तक आग से किसी प्रकार की क्षति नहीं होने की सूचना थी। वहीं मामले की जानकारी सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा को होते ही उन्होंने मामले की जांच-पड़ताल का निर्देश सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. प्रभात रंजन को दे दिया है। ड्राइवर ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट हो सकता है। हालांकि वाहन चालकों की सूझबूझ से वाहन पूरी तरह जलने से बचा लिया गया।

## झारखंड में कई माननीयअपनी विधानसभा सीट भी नहीं बचा पाए

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव लड़ रहे विधायकों में कई अपनी भी विधानसभा सीट पर बढ़त बनाने में असफल रहे। गोड्डा से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अपनी पोड़ैयाहाट सीट पर भाजपा के निशिकांत दूबे से पिछड़ गए। कोडरमा से माले प्रत्याशी विनोद सिंह भी बड़े वोटों के अंतर से अपने विधानसभा क्षेत्र बगोदर में पिछड़े। वहीं, भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होकर लड़े जेपी भाई पटेल भी अपनी सीटिंग सीट मांडू पर वोटों के बड़े अंतर से भाजपा के मनीष जायसवाल से पिछड़ गए। बागी होकर चुनाव लड़ रहे बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम और विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा अपने विधानसभा क्षेत्रों में तीसरे नंबर पर रहकर जमानत बचाने में भी असफल रहे।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अपने विधानसभा क्षेत्र खरसांवा में बड़े अंतर से पिछड़ गए। इस सीट से जीतने के बाद वह मुख्यमंत्री बनते रहे थे। गीता कोड़ा पूर्व में जगन्नाथपुर से विधायक रही हैं, इस सीट को मधु कोड़ा के गढ़ के तौर पर जाना जाता है। लेकिन इस सीट पर गीता कोड़ा पिछड़ गई। इसी तरह राज्यसभा के पूर्व सांसद समीर उरांव का कार्यक्षेत्र विशुनपुर रह चुका है, इस सीट पर वह दूसरे नंबर पर रहे।

आजसू ने गिरिडीह सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन आजसू विधायक लंबोदर महतो की सीटिंग सीट पर जयराम महतो ने बढ़त बनायी। इस सीट पर आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी दूसरे नंबर पर खिसक गए।

झारखंड में 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एनडीए को 50 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली है। पिछली बार एनडीए की 56 सीटों पर बढ़त थी। इस बार इंडिया गठबंधन ने 29 सीटों पर बढ़त ली, जबकि दो सीटों डुमरी व गोमिया में जयराम महतो ने बढ़त ली। वर्तमान में डुमरी सीट झामुमो व गोमिया आजसू के खाते में है। भाजपा वर्तमान में विधानसभा की दो आरक्षित सीटों खूंटी और तोरपा पर काबिज है, लेकिन इस सीटों पर वह पिछड़ गई।

पांच आदिवासी आरक्षित विधानसभा सरायकेला, दुमका, जामा, घाटशिला और पोटका में भाजपा को बढ़त मिली। वहीं शेष 23 आदिवासी आरक्षित सीटों पर इंडिया गठबंधन ने बड़ी बढ़त ली। यही वजह रही थी आरक्षित पांचों लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में आयीं।

## पुलिस के जवान ने एएसआई को मारी गोली, पत्नी-बच्चों समेत खुद को घर में बंद करके की फायरिंग

**लोहरदगा, एजेंसी।** झारखंड पुलिस के बौराए जवान आनंद सिंह मुंडा ने बुधवार की रात लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आवास के पीछे जिला पुलिस बल के एएसआइ धर्मेंद्र सिंह को गोली मार दी। घटना के बाद हलचल मच गई।

जवान आनंद ने अपने घर के अंदर खुद को बंद कर लिया। साथ ही सर्विस रायफल से बीच-बीच में फायरिंग करने लगा। सूचना मिलने ही पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा और सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार पहुंचे। देर रात तक जवान को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, रांची जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र के बिरडीडी गांव निवासी आनंद सिंह मुंडा लोहरदगा पुलिस बल का जवान है। वह मानसिक रूप से बीमार बताया जाता है। वह गिरिडीह और दुमका समेत अन्य जिलों में चुनाव ड्यूटी से वापस लौटा था।

इसके बाद अपनी पत्नी और बच्चों को घर में बंद कर दिया। उसके पास सर्विस रायफल थी।



किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए सहयोगी पुलिसकर्मियों ने उसे समझाने और रायफल लेने की कोशिश की। इसी दौरान उसने एएसआइ धर्मेंद्र सिंह को गोली मार दी।

धर्मेंद्र का बोकारो में आवास है। घटना के बाद एएसआइ की स्थिति के बारे में कुछ पता नहीं चल सका है। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे। घर के अंदर से जवान रह-रहकर फायरिंग कर रहा था। पुलिस और सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा जैकेट पहनकर छत के रास्ते जवान के घर के अंदर प्रवेश करने और उसे नियंत्रित करने की कोशिश देर रात तक कर रहे थे।

## दलमा में शराब व प्लास्टिक के बोतलों का अंबार, विभाग मौन, जीव-जंतुओं को खतरा

**जमशेदपुर , एजेंसी।** दलमा अभयारण्य में प्लास्टिक के उपयोग एवं कचरा फैलाने पर वन विभाग प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन यहां आनेवाले पर्यटक धड़ल्ले से अपने साथ प्लास्टिक व शराब की बोतलें लेकर आ रहे हैं और जहां-तहां कचरा फैला रहे हैं। इस कारण दलमा अभयारण्य में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।जगह-जगह शराब की टूटी हुई बोतलें बिखरी पड़ी हैं। इससे जंगली जीव-जंतुओं के लिए खतरा बना हुआ है। इसका असर पर्यावरण संरक्षण पर पड़ सकता है। लेकिन वन विभाग इस पर रोक नहीं लगा पा रही है। यहां घूमने आने वाले पर्यटकों से वन विभाग ने (दिसंबर 2023 से अब तक) 25 लाख रुपए की वसूली की है। बावजूद इसके दलमा के साफ-सफाई पर विभाग ध्यान नहीं दे पा रही है।

इको क्लब की भूमिका की बात करें तो इसका काम पर्यावरण संबंधी गतिविधियों को आयोजित करना है। इनमें वर्षा जल संरक्षण महत्वपूर्ण है। इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए



विद्यालयों को संग्रहित वर्षा जल की मात्रा को ट्रैक करने के लिए तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए इको क्लब के सदस्यों को प्रोजेक्ट वर्क दिया जाएगा।

हर प्राइमरी स्कूल में कम से कम 10 पौधे लगाए जाएंगे। प्रत्येक मिडिल स्कूल में कम से कम 20 फलदार पौधे लगाए जाएंगे। हर हाईस्कूल में कम से कम 30 फलदार पौधे लगाए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 1000 विद्यालयों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

दलमा अभयारण्य में प्लास्टिक के उपयोग और कचरा फैलाने पर वन विभाग की ओर से तीन साल पहले प्रतिबंध लगाया था। झारखंड सरकार के प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक की ओर से यह आदेश जारी किया गया था। इसके तहत एक नवंबर 2021 से दलमा में प्लास्टिक के उपयोग और कचरा फैलाने पर रोक है। यहां गंदगी फैलाने वालों पर वन अधिनियम की धारा 51 (1) के तहत 25 हजार रुपए जुर्माना के साथ-साथ तीन साल जेल का भी प्रावधान बना। लेकिन विभाग ने आज तक यहां गंदगी फैलाने वाले पर्यटकों पर कोई कार्रवाई नहीं की। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी 1600 सरकारी स्कूलों में इको क्लब को एक्टिव किया जाएगा। इसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों के परिसर को ग्रीन परिसर में बदलना है।

समग्र शिक्षा अंतर्गत इको क्लब के तहत गतिविधियों के संचालन और ग्रीन कैंपस के कार्यान्वयन के लिए अनुदान राशि उपलब्ध करा दी गई है। प्राथमिक/मध्य एवं उच्च विद्यालयों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में राशि उपलब्ध कराई गई है। विद्यालय अपनी आवश्यकतानुसार इको क्लब की मद में प्राप्त राशि का विभिन्न गतिविधियों में उपयोग कर सकेंगे। इको क्लब की गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 1000 विद्यालयों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में किचन गार्डन को और समृद्ध बनाया जा सके।

## केंद्र व राज्य सरकार सेल की लीज समस्या का जल्द करें समाधान : रामा पांडे

**गुवा , एजेंसी।** झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने कहा है कि केन्द्र व राज्य सरकार सेल की लीज समस्या का समाधान जल्द करे। यह बात उन्होंने सामुदायिक भवन मेघाहातुबुरु में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ की बैठक सह मिलन समारोह के दौरान कही। बैठक में रामा पांडेय ने कहा कि केन्द्र व झारखंड सरकार सारंडा स्थित सेल समेत तमाम निजी खदानों की लीज से संबंधित समस्या का अविलम्ब समाधान कर उसे चलाने में गति प्रदान करे। खदानें चलेंगी तो बेरोजगारों को रोजगार सहित सेलकर्मियों की लंबित सारी सुविधाएं मिलने लगेंगी। इससे आसपास के गांवों का विकास होगा,पलायन रूकेगा और पूरे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी। बैठक में बीएमएस के दयानन्द कुमार, कमल रजक, अजीत कुमार, लाखो धनवार, भरत जेना, चन्द्रकला देवी,



सुदर्शन पान, अरुण कुमार ने शैलेश बारी ने झारखंड मजदूर संघर्ष संघ की सदस्यता ली। बैठक में महासचिव अफताब आलम, इंतखाब आलम, कामता प्रसाद, आलम अंसारी, अमरनाथ यादव, केके पासवान, राजेश बनर्जी, शिव शंकर प्रसाद, राजनारायण शर्मा, जेएस गील, शशि नाग, बासुदेव करुवा, अजित गोप, आनंद हेस्सा पूर्ति, राम हेस्सा, मोहम्मद जाबेद, अन्तर्यामी महाकुड़ सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में हार के बाद मची भाजपा में कलह, शुभेंदु अधिकारी से मजूमदार तक निशाने पर

**कोलकात, एजेंसी।** एनडीए को लोकसभा चुनाव 2024 में बहुमत मिला है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। इसके बाद भी महाराष्ट्र, बंगाल और यूपी में भाजपा को निराशा हाथ लगी है। महाराष्ट्र में तो देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य के डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा देने की पेशकश की है। इस बीच बंगाल में पार्टी में आपसी कलह तेज हो गई है। राज्य में भाजपा को महज 12 सीटें ही मिली हैं, जहां 2019 में उसे 18 पर जीत मिली थी। अब एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है। पार्टी के कई नेताओं ने राज्य के प्रभारियों पर ठीकरा फोड़ा, लेकिन किसी का नाम नहीं लिया गया। तीन बार के सांसद और बिष्णुपुर लोकसभा सीट से फिर जीते सौमित्र खान ने कहा, कई भाजपा नेताओं ने टीएमसी से सीक्रेट गठजोड़ कर रखा था। वरना ऐसे नतीजे नहीं आते। स्थानीय स्तर पर, जिला लेवल और राज्य स्तर पर ऐसा हुआ था। बिना इस तरह की गड़बड़ी के ऐसे नतीजे नहीं आ सकते। राज्य में सीटें घटीं तो कई दिग्गज नेता भी हार बैठे। बंगाल से दिलीप घोष, निसिथ प्रमाणिक, लॉकेट चटर्जी, सुभाष सरकार और देबाश्री चौधरी जैसे नेता हार गए। घोष ने मीडिया से बातचीत में कहा, भितरघात और साजिश भी राजनीति का हिस्सा है। मैंने अपनी ओर से बहुत मेहनत की, फिर भी नतीजा खिलाफ रहा। मुझे यहां से लड़ान से लड़ाने वाले भी जवाब दें।

### मजदूरी और खलासी का काम करने वाले से हार गए नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में भले ही भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन 2019 की तुलना में कमजोर रहा, लेकिन ओडिशा के नतीजों से विरोधियों को चौंका दिया। बीजेडी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक तक को कांटाबांजी सीट पर हार का सामना करना पड़ा। उन्हें भाजपा के लक्ष्मण बाग ने 16 हजार से अधिक मतों से हराया। आपको बता दें कि पटनाक दो-दो सीटों से चुनाव लड़ रहे थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में नवीन पटनायक ने हिंजिली और कांटाबांजी दोनों पर ही जीत हासिल की थी। इस चुनाव में हिंजिली में उन्हें जीत तो जरूर मिली, लेकिन अंतर सिर्फ 4600 मतों का रह गया। लक्ष्मण बाग का जन्म एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने दिहाड़ी मजदूरीकी। ट्रक पर खलासी का काम कर अपना जीवनयापन किया। बाद में उन्होंने ट्रक खरीद ली और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में लग गए। इसके बाद वह निरंतर आगे बढ़ते रहे और राजनीति में भी अपनी किश्मत आजमाई। 2014 के चुनाव में वे तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस के संतोष सिंह सलूजा से मात्र 128 वोटों से हार गए थे।

### अयोध्या मंडल की 5 सीटों पर सपा का पीडीए दांव पड़ गया भारी

**फैजाबाद, एजेंसी।** रामनगरी अयोध्या को अपना 'शक्ति केंद्र' मानकर लोकसभा चुनाव में उतरी भाजपा को पूरे अयोध्या मंडल में मिली हार पर सियासी जगत में नए-नए निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। मंडल की सभी पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की हार की वजहें भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उसमें राम मंदिर के निर्माण से अपेक्षित सियासी लाभ न मिल पाने की वजह सबसे ज्यादा चर्चा में है। सोशल इंजीनियरिंग की अनदेखी, प्रत्याशियों से नाराजगी और विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों के प्रभाव की समीक्षा अभी भविष्य के गर्त में है। साकेत महाविद्यालय अयोध्या के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीएन अरोड़ा के अनुसार इससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता कि अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास और फिर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से लोकसभा चुनाव से पहले उपजी रामलहर से भाजपा उत्साहित थी। हालांकि सच यह भी है कि राम मंदिर में दर्शन के लिए पूरे देश से श्रद्धालुओं का तांता देखकर उसका यह उत्साह अति आत्म विश्वास में बदल गया। इसका नतीजा यह रहा कि भाजपा ने चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग की पूरी तरह अनदेखी कर दी।
फैजाबाद समेत उसके अगल-बगल की सभी सीटों पर भाजपा ने केवल अगड़ी जाति के उम्मीदवार उतार दिए।

# गोवा, बेंगलुरु और चेन्नई के लिए अब दिल्ली जाने की जरूरत नहीं, हिंडन एयरपोर्ट से मिलेगी फ्लाइट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
हिंडन एयरपोर्ट से गोवा, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता के लिए जल्द ही उड़ान शुरू होने जा रही है। इसके साथ ही पहली बार हिंडन से 180 सीट वाला एयरबस विमान उड़ान भरेगा। अब तक यहां से 76 और इससे कम सीट वाले विमान ही उड़ान भर रहे थे। हिंडन से बेंगलुरु एक अगस्त, गोवा और कोलकाता 12 अगस्त और चेन्नई की उड़ान 20 अगस्त से शुरू होने जा रही है। इससे गाजियाबाद के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के यात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस चारों शहरों के लिए विमान सेवा शुरू कर रहा है। हिंडन से बेंगलुरू दिन में दो बार और बाकी तीनों शहरों के लिए रोजाना एक-एक उड़ान मिलेगी। हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण की निदेशक सरस्वती वेंकटरमण ने बताया कि कंपनी ने चारों शहरों की उड़ान के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। इनके शुरू होने से चारों शहरों में महज कुछ ही घंटों



में पहुंच जाएंगे, जबकि अभी ट्रेन से काफी ज्यादा समय लग जाता है। समय बचने के साथ ही यात्रियों को आसान सफर भी मिलेगा। उड़ान की सभी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। हिंडन से नांदेड़ (महाराष्ट्र), अदमपुर (जालंधर), किशनगढ़ (राजस्थान), लुधियाना व बठिंडा के लिए विमान सेवा पहले से चल रही है। एक अगस्त से बेंगलुरु से सुबह 4.50 बजे उड़ान भरकर विमान 07.25 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में हिंडन से सुबह 8.25 बजे उड़कर सुबह 11.15 बजे बेंगलुरू पहुंचेगा। दोपहर 12.10 बजे बेंगलुरू से उड़ान भरकर दोपहर पौने तीन बजे हिंडन पहुंचेगा। हिंडन से वापसी की यात्रा दोपहर 3.15 बाद शुरू होगी और शाम 6.05 बजे बेंगलुरू में विमान उतरेगा। टिकट पौने छह हजार रुपये से शुरू हैं। हिंडन से चेन्नई के लिए 20 अगस्त को सेवा शुरू होगी। चेन्नई से सुबह 5.30 बजे उड़ान भरकर विमान सुबह 830 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में सुबह 9.00 बजे हिंडन से उड़कर विमान दोपहर 12 बजे चेन्नई पहुंचेगा। यहां की टिकट पांच हजार से कम में ही मिल जाएगी। कोलकाता से सुबह 7.10 बजे विमान उड़ान भरकर सुबह 930 बजे हिंडन पहुंचेगा और वापसी में शाम 4.25 बजे उड़कर विमान शाम 645 बजे कोलकाता पहुंचेगा। कोलकाता की टिकट चार हजार रुपये से भी कम में मिल जाएगी। हिंडन से सुबह 10.00 बजे विमान उड़ान भरकर 12.45 बजे गोवा पहुंचेगा और वापसी में गोवा से दोपहर 1.15 बजे यात्रा शुरू होगी और शाम 3.55 बजे विमान हिंडन पर उतरेगा। गोवा का टिकट करीब पांच हजार रुपये में मिलेगा। कंपनी ने हिंडन, गोवा, कोलकाता, चेन्नई व बेंगलुरू का उड़ान शेड्यूल इस तरह बनाया है कि सीधी उड़ान के अलावा हर शहर से दूसरे शहर के लिए वाया फ्लाइट भी समय पर मिलेंगी। इनमें समय ज्यादा लगेगा, लेकिन किराया लगभग वैसा ही रहेगा। ये कनेक्टिंग उड़ान होंगी और हर शहर से फ्लाइट मिल सकेगी।

## दो साल की बच्ची से पड़ोसी ने की दरिंदगी, चीखें सुनकर पहुंची मां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छतरपुर के नौगांवशहर के टीबी अस्पताल में पदस्थ लैब अटेंडेंट स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा अपने पड़ोस में रहने वाली 2 वर्षीय बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है, पुलिस ने घटना की शिकार बच्ची के परिजनों की रिपोर्ट पर धारा 376 की विभिन्न धाराओं सहित पॉस्को में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार शाम साढ़े सात बजे के लगभग की बताई जा रही है। मामले का खुलासा तब हुआ। जब बच्ची के प्राइवेट पार्ट में दर्द हुआ तो पीड़ित बच्ची की मां उसे लेकर सिविल अस्पताल इलाज के लिए पहुंची। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर की टीम ने बच्ची की हालात को देखते हुए और मामला गंभीर होने पर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने बच्ची की मां से कड़ाई से पूंछतांछ की उसने पुलिस को सब कुछ बता दिया।

शहर के भट्ट बंगला के पास गोली भट्ट के मकान में किराए से रहने वाली पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि तीन जून सोमवार की शाम साढ़े सात बजे के लगभग वह घर पर खाना बना रही थी। इस दौरान बच्ची बाहर खेल रही थी। बगल में किराए से रहने वाला राजा शुक्ला उर्फ हर्षवर्धन आया और बच्ची को गोद में उठाकर अपने कमरे में ले गया। जब काफी देर तक बच्ची नहीं आई और उसके रोने की आवाज सुनाई दी। जाकर देखा तो आरोपी उंगली से उसके साथ गलत काम कर रहा था। वह बच्ची को लेकर घर आ गई। सामाजिक लोकलाज के कारण किसी को कुछ नहीं बताया।

## सौरभ भारद्वाज का मुख्य सचिव को कड़ा पत्र, बोले- ऐसे गंभीर मुद्दे पर यह रवैया अप्रत्याशित

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मानसून के करीब आने के साथ ही दिल्ली के शहरी विकास और बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 7 दिनों के भीतर विभिन्न नालों की सफाई की स्थिति की जानकारी मांगी है। मंत्री ने मुख्य सचिव को 6 जून शाम तक मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, ताकि सभी विभागों की बैठक बुलाई जा सके और विभागों को आगे के निर्देश दिए जा सकें। साथ ही भारद्वाज ने पिछले मानसून में जलभराव की समस्या की याद दिलाते हुए बारिश की शुरुआत होने से पहले तैयारियों में कथित ढिलाई पर निराशा व्यक्त की।

पत्र में भारद्वाज ने कहा, आपको याद होगा कि पिछले साल दिल्ली को मानसून के मौसम में जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा था। हमारे पिछले अनुभव से, सभी संबंधित विभागों को इस साल दिल्ली में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सक्रिय होना चाहिए, लेकिन अभी तक पर्याप्त तैयारियां नहीं देखी गई हैं। उन्होंने पत्र में कहा कि नालियों की सफाई सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है, जिसे शहर में जलभराव की किसी भी घटना को रोकने के लिए निर्धारित समय में पूरा किया जाना चाहिए। भारद्वाज ने कहा, चूंकि मानसून का मौसम आ रहा है, इसलिए मैंने आपको एक सप्ताह के भीतर विभिन्न नालों की सफाई की स्थिति/अन्य संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

## विकास को लेकर तेजी से काम होगा, मिलकर प्रयास करेंगे

**मेरठ , एजेंसी।** टीवी सीरियल रामायण के 'राम' और मेरठ के नवनिर्वाचित सांसद अरुण गोविल ने कहा कि अब मेरठ रावण की ससुराल नहीं, राम का घर है। अब रावण की ससुराल से मेरठ को संबोधित करना लोग बंद कर दें। राम का यह घर हो गया है। मेरठ के विकास को लेकर कहा कि विकास की कोई लिमिट नहीं है, यह अनवरत प्रक्रिया है। विकास को लेकर तेजी से काम होगा, मिलकर प्रयास करेंगे। मेरठ को सुंदर और विकसित बनाएंगे।

सांसद बनने के बाद बुधवार को कैंट स्थित एडवोकेट हाउस पर सुबह से नवनिर्वाचित सांसद अरुण गोविल से मिलने वालों और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। राज्यसभा सांसद डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, ऊर्जा राज्य मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर, मेयर हरिकांत अहलूवालिया, कैंट विधायक अमित अग्रवाल से लेकर सैकड़ों भाजपा नेता, कार्यकर्ता, व्यापारी नेता कमल ठाकुर, नीरज मित्तल, गणेश अग्रवाल आदि उनसे मिलने पहुंचे और बधाई दी।

# नक्सल प्रभावित इलाकों में अब बारिश के दिनों में नदियां नहीं रोक पाएंगी जवानों का रास्ता

### सीआरपीएफ टीम ने तैयार किया रोपवे

**बीजापुर, एजेंसी।**
नक्सलियों के सबसे मज़बूत माने जाने वाले बीजापुर जिले के चिंतावागु नदी में सुरक्षाबलों ने दो सौ मीटर का रोपवे का बना दिया है। जिससे अब सुरक्षाबलों के जवानों और ग्रामीणों को बारिश के दौरान आवागमन बंद नही होगी। दरअसल चिंतावागु नदी का यह इलाक़ा नक्सलियों की सबसे मज़बूत माने जाने वाले बटालियन का इलाक़ा है। जहां सुरक्षाबलों ने हाल फ़िलहाल में सीआरपीएफ़ ने एक कैम्प भी लगाया है।

चिंतावागू नदी पर यूँ तो पुल का निर्माण कार्य भी प्रारंभ होने की बात सामने आती रही है। पर शायद पुल के निर्माण में अभी समय बाक़ी है। इससे पहले सुरक्षाबलों ने जो पहल किया है उससे यहाँ के ग्रामीणों को भी बारिश के मौसम में आवागमन में काफ़ी राहत मिलेगी। ग़ौरतलब है की बस्तर में जून में ही अच्छी



ख़ासी बारिश होने से चिंतावागु नदी तक़रीबन दो महीने तक उफान में होती है। कई बार इस नदी पर बाढ़ भी आ चूकी है। जिसके चलते बारिश के दौरान ग्रामीण इस नदी को पार नहीं करते हैं। जबकी जवानों के आवागमन में भी बारिश अब बाधा नहीं डाल पाएगी। सीआरपीएफ़ छत्तीसगढ़ सेक्टर ने जो जानकारी उपलब्ध कराई है उसके अनुसार इस रोपवे को बनाने ढ्ढ्रञ्जक्चक्ककी मदद ली गई है। इस रोपवे को तैयार करने में पुरे एक महीने का समय लगा है। बुधवार को इस रोपवे का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। सीआरपीएफ़ के आईजी छत्तीसगढ़ साकेत सिंह के निर्देश पर सीआरपीएफ़ डीआईजी सुनीत कुमार रॉय ने मौक़े तैनात सीआरपीएफ़ की 151वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अयोध्या सिंह के हाथों उद्घाटन कर दिया गया है। जिसके बाद से यहाँ जवानों और ग्रामीणों का आवागमन इस रोपवे के माध्यम से प्रारंभ हो चूका है। चिंतावागु नदी यह वही इलाक़ा धर्मावारम का है जहां नक्सलियों ने बीते 16 जनवरी की रात कैम्प पर ज़बरदस्त हमला बोल दिया था। पुरी रात नक्सली इस कैम्प गोलाबारूद फेंकते रहे जबकी कैम्प लूटने आए नक्सलियों ने जंगली घांस से बने ख़ास पोशाक भी पहन कर पहुँचे थे। नक्सलियों द्वारा इस हमले के बाद एक प्रेस नोट जारी कर कैम्प पर हमले की जानकारी देते हुए अपने तीन साथियों के इस दौरान मारे जाने की जानकारी दी थी।जिसके बाद से यह इलाक़ा चर्चाओं में आया था। और अब जवानों द्वारा चिंतावागु नदी पर रोपवे बनाकर तैयार करने के बाद फिरसे इलाक़ा चर्चाओं में है। धर्मावारम में चिंतावागु नदी पर रोपवे तैयार करने की योजना सीआरपीएफ़ के छत्तीसगढ़ सेक्टर के आईजी साकेत सिंह ने तैयार की फिर इसके लिए सीआरपीएफ़ डीआईजी कोन्टा रेंज सुनीत कुमार रॉय को निर्देशित किया गया।

# गाजियाबाद में आंधी-बारिश बनी कहर, दीवार-होर्डिंग गिरने से एक की मौत; प्रेग्नेंट महिला सहित 11 घायल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गाजियाबाद में बुधवार रात आई आंधी और बारिश ने जमकर कहर बरपाया। कहीं दीवार जमीदोज हुई तो कहीं होर्डिंग उखड़कर गिर गए। मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में मिट्टी के घर के मलबे में दबाकर मेरठ के अधेड़ की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। इसके अलावा जिलेभर में हुए अन्य हादसों में गर्भवती महिला समेत 10 लोग घायल हुए हैं।

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार तड़के डायल-112 पर सूचना मिली कि हम तुम रोड स्थित मिडोज विस्टा सोसाइटी के पास खेत में मिट्टी से बना घर आंधी और बारिश की वजह से गिर गया है। मलबे में दो लोगों के दबे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और दोनों को मलबे से बाहर निकाला। एसीपी का कहना है कि मोटर निवासी 55 वर्षीय मुनेंद्र को बचा लिया गया, लेकिन दूसरे व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान मेरठ के किठौर निवासी 55 वर्षीय कैलाश के रूप में हुई है। एसीपी का कहना है कि दोनों व्यक्ति निलाया ग्रीन सोसाइटी में माली का काम करते थे। सूचना देकर दोनों के परिजनों को बुला लिया गया है। दूसरी घटना में नगर कोतवाली क्षेत्र में गगन एनक्लेव कॉलोनी मार्केट की ईटों की रेलिंग गिर गई। इसकी चपेट में आने से रोगन ग्राम दिल्ली गेट निवासी इकबाल गंभीर रूप से घायल हो गया। ड्राई क्लीनर का काम करने वाले इकबाल को सर्वोदय अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। इसी रेलिंग की चपेट में आकर गगन




एनक्लेव निवासी आकाश तथा मार्केट में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली रेखा भी घायल हो गई। तीसरी घटना में बुध बाजार लोनी के सरस्वती विहार निवासी रोजू पुत्र युसूफ बाइक से अपने घर बुध बाजार जा रहे थे। रास्ते में डिवाइडर के बीच लगा होर्डिंग उखड़ गया। होर्डिंग की चपेट में आकर रोजू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी होर्डिंग की चपेट में आकर दूसरी बाइक पर सवार सोनू और उनका बेटा सुहान भी घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में ले जाया गया। चौथी घटना में लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के शांति नगर राज नगर इलाके में भगत के मकान की दीवार पड़ोस में रहने वाले रोहित के मकान की कच्ची छत पर गिर गई।

# वसुंधरा में एसी फटने से दो मंजिला घर में लगी आग, धूं-धूंकर जला मकान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के लाजपत नगर में आंखों के एक अस्पताल में एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के एक दिन बाज गाजियाबाद के वसुंधरा में एसी फटने से मकान में आग लग गई। आग दो मंदिला मकान में लगी थी। पहली मंजिल पर लगे एसी फटने की वजह से उठी आग की लपटों ने दूसरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी फायर स्टेशन को दी गई। जिसके बाद दो फायर टेंडर आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे। फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पा लिया है। जानकारी के अनुसार, वसुंधरा के सेक्टर-1 स्थित घर में एसी फटने से आग लग गई। सुबह 5.30 बजे सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाई। मकान के पहले फ्लोर पर आग लगी थी जिसकी चपेट में दूसरी मंजिल भी आ गई। अग्निशमन अधिकारियों की तत्परता की वजह से आग पर काबू पा लिया गया और जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। फायर फाइटर्स ने त्वरित कार्यवाई करके आसपास के घरों को भी सुरक्षित बचा लिया। हालांकि आग के कारण कुछ सामान जल गया। चीफ फायर अधिकारी राहुल कुमार ने कहा, आज सुबह करीब 5:30 बजे वैशाली फायर स्टेशन को सूचना



मिली कि वसुंधरा में दो मंजिला इमारत में आग लग गई है। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया... आग एसी यूनिट में विस्फोट के कारण लगी थी। एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में स्थित आंखों के एक निजी अस्पताल में बुधवार को एसी में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त अस्पताल में ज्यादा लोग मौजूद नहीं थे। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, कैट्स एंबुलेंस के अलावा दमकल विभाग की 20 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# योगी आदित्यनाथ पर दबाव बनाने को फडणवीस ने की इस्तीफे की पेशकश- संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। कल महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने राज्य में भाजपा के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश की थी। उनके इस कदम पर शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह योगी आदित्यनाथ पर दबाव बनाने की एक चाल है। उन्होंने यह भी दावा किया कि नई एनडीए सरकार के दिन गिने-चुने रह गए हैं।

एक की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय राउत ने कहा, नरेंद्र मोदी को शपथ लेने दीजिए, हम मिठाई बांटने का सुझाव देंगे। यह सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी। उन्होंने आगे कहा, फैसला उद्धव ठाकरे और शरद पवार के पक्ष में था। दोनों की पार्टियां विभाजित हो गई थीं। उनके



नाम और चुनाव चिन्ह बागियों को दे दिए गए थे।

2019 में भाजपा उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली अविभाजित सेना के साथ गठबंधन करके महाराष्ट्र में 25 लोकसभा सीटों में से 23 पर जीत हासिल की थी। ??शिवसेना ने अन्य 23 पर चुनाव लड़ा और 18 पर जीत हासिल की थी। ??इस बार भाजपा को सिर्फ नौ सीटें मिलीं। इसके सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को सात और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को एक सीट पर जीत हासिल हुई है। भाजपा के लिए सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा है। इसके कारण भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर सकी। 2014 और 2019 में यूपी के दम पर ही भाजपा ने बहुमत हासिल किया था। इस बार भाजपा यूपी में केवल 33 सीटें ही जीत सकी। 2019 में यह आंकड़ा 63 था। यूपी के नतीजे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में शानदार प्रदर्शन किया है। योगी आदित्यनाथ के प्रभाव वाले क्षेत्र माने जाने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश में भाजपा को भारी नुकसान हुआ है। पार्टी ने फैजाबाद सीट भी खो दी, जिस क्षेत्र में हाल ही में राम मंदिर की स्थापना हुई है।

## 400 पार के लिए काम करना होता है, कांग्रेस की परफॉर्मेंस बेहतर : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**रोहतक , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एक तरफ सरकार बनाने की कवायद तेज हो चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ सियासी बयानबाजियों की भी भरमार है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा को निशाने पर लिया। भाजपा के चार सौ पार के नारे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने से पार नहीं होता, इसके लिए काम करना होता है और लोगों का मन जीतना होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की परफॉर्मेंस बेहतर रही है और कांग्रेस का मत प्रतिशत बढा है। लोग कांग्रेस को समर्थन देने का मन बना चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। मतदाताओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा है कि इस बात के लिए वह उनकी तारीफ करते हैं कि वह भाजपा के चाल में न फंसें।

## बंगाल राशन घोटाला मामले में अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को ईडी ने फिर भेजा समन

**कोलकाता, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में राशन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए लोकप्रिय अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को एक नया समन भेजा है। नए समन में सेनगुप्ता को अगले हफ्ते कोलकाता के साल्ट लेक स्थित ईडी दफ्तर में आने को कहा गया है। उन्हें बुधवार को ईडी की पूछताछ में उपस्थित होना था। लेकिन इसके बदले उन्होंने केंद्रीय एजेंसी को एक लेटर भेजा जिसमें उन्होंने कहा कि वो देश से बाहर हैं, इसलिए व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हो सकते। हालांकि, लेटर में उन्होंने कहा कि वो जांच में पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने ईडी को पूछताछ के लिए कोई बाद की तारीख बताने को कहा। सूत्रों ने बताया कि अभिनेत्री से पत्र मिलने के बाद ईडी अधिकारियों ने उन्हें पूछताछ के लिए उचित समय देने का फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि सेनगुप्ता का नाम उस समय सामने आया जब ईडी अधिकारी राशन घोटाला मामले में एक आरोपी से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रहे थे। रितुपर्णा सेनगुप्ता से जांच के दौरान घोटाला में सामने आए कुछ लेन-देन में संबंध को स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा। इससे पहले 2019 में सेनगुप्ता को पश्चिम बंगाल में रोज वैली चिटफंड घोटाले में ईडी अधिकारियों ने तलब किया था। उन्हें रोज वैली समूह की कुछ फिल्म प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए तलब किया गया था। आरोप लगाया गया था कि ये फिल्में रोज वैली द्वारा मार्केटिंग के जरिए निवेशकों को आकर्षक रिटर्न का वादा कर जुटाए गए फंड का इस्तेमाल कर बनाई गई थीं।

## संक्षिप्त समाचार

आईपीएल के बाद

### विश्व कप में भी फ्लॉप हुए मैक्सवेल



**गयाना, एजेंसी।** गयाना में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 164 रन बनाए। जवाब में ओमान 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें मेहरान खान ने पहली ही गेंद पर आकिब इलियास के हाथों कैच आउट कराया।

टी20 विश्व कप 2024 का आगाज हो चुका है। गुरुवार को इस टूर्नामेंट का 10वां मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भले ही 39 रनों से जीत दर्ज की लेकिन उनके लिए ग्लेन मैक्सवेल की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। आईपीएल 2024 के बाद मौजूदा टूर्नामेंट में भी उनके शून्य पर आउट होने का सिलसिला जारी है। वह पिछले कुछ वक्त से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं।

गयाना में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 164 रन बनाए। जवाब में ओमान 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें मेहरान खान ने पहली ही गेंद पर आकिब इलियास के हाथों कैच आउट कराया।

#### आईपीएल के बाद विश्व कप में भी मैक्सवेल फेल

इससे पहले आईपीएल 2024 में भी मैक्सवेल कई मौकों पर गोल्डन डक का शिकार हुए थे। वह चार बार आईपीएल के 17वें सीजन में शून्य पर आउट हुए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए उन्होंने 10 मैचों में सिर्फ 52 रन बनाए। इसके अलावा छह विकेट हासिल किए। गुरुवार को ओमान के खिलाफ खेले गए विश्व कप मैच में वह शून्य पर आउट हुए। टी20 क्रिकेट में वह 33वीं बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस लिस्ट में पहले स्थान पर सुनील नरेन का नाम दर्ज है जो 44 बार गोल्डन का शिकार हो चुके हैं।

पाकिस्तान की शिकायत के बाद

### आईसीसी ने उठाया कदम, न्यूयॉर्क में बदला टीम का होटल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है।

पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा। भारतीय टीम को तीन ग्रुप मैच न्यूयॉर्क में खेलने हैं और उसका टीम होटल मैदान से दस मिनट की दूरी पर है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 77 रन पर आउट हुई श्रीलंकाई टीम होटल से स्टेडियम की दूरी को लेकर पहले ही चिंता जता चुकी है।



मार्कस स्टोइनिस के दम पर

# ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी।** मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक और तीन विकेट के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में ओमान को 39 रनों से हराया। गुरुवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में टॉस जीतकर ओमान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 164 रन बनाए, जवाब में ओमान 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 125 रन बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत धीमी रही। पावरप्ले के तीसरे ओवर में ट्रेविस हेड (12) अपना विकेट गंवा बैठे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर ने दूसरे विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी की।

इसके बाद मेहरान खान ने मिचेल मार्श को पवेलियन का रास्ता दिखाकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। अगली ही गेंद पर मेहरान ने ग्लेन मैक्सवेल को गोल्डन डक पर आउट कर दिया। ओमान के कप्तान आकिब इलियास ने कवर पर मैक्सवेल का शानदार कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया 8.3 ओवर में 50/3 पर लड़खड़ा रहा था। हालांकि, वॉर्नर दूसरे छोर पर डटे रहे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाते रहे। 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए स्टोइनिस ने वॉर्नर का साथ दिया और दोनों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए स्कोर बोर्ड को आगे बढ़ाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ओमान के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई, जबकि वॉर्नर ने दूसरा छोर मजबूती से थामे रखा। 13वें ओवर में वार्नर ने लगातार दो चौके जड़कर अपनी लय बढ़ाई। फिर, स्टोइनिस ने 15वें ओवर में मेहरान की गेंद पर चार छक्के जड़कर पारी का रुख बदल दिया। उन्होंने महज 27 गेंदों पर 50 रन बनाए, जिसके बाद वॉर्नर ने अर्धशतक जड़ा।

19वें ओवर में वॉर्नर अर्धशतक जड़ने के तुरंत बाद 51 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हो गए। स्टोइनिस 36 गेंदों पर 67 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 164/5 का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान 20 ओवर में 9 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। ओमान के लिए अयान खान ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 30 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टोइनिस ने दोहरा प्रदर्शन किया। बल्ले से धूम मचाने के बाद उन्होंने गेंद से सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस और एडम जम्पा ने भी 2-2 विकेट लिए।

# 43 साल के खिलाड़ी ने टी20 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

**गुयाना, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 9वां मुकाबला ग्रुप-सी की 2 टीमें पापुआ न्यू गिनी और युगांडा के बीच गुयाना के ग्राउंड पर खेला गया। इस मुकाबले में युगांडा की टीम ने 3 विकेट से जीत तो दर्ज की लेकिन दोनों टीमों की तरफ से काफी खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला। पापुआ न्यू गिनी जहां पहले खेलते हुए 19.1 ओवर्स में सिर्फ 77 रन बनाकर सिमट गई तो वहीं युगांडा की टीम 18.2 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर इस टारगेट को हासिल करने में कामयाब हो सकी।

युगांडा की तरफ से इस मुकाबले में 43 साल के खिलाड़ी बाएं हाथ के स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा ने अपने 4 ओवर्स में सिर्फ 4 रन देने के साथ टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में एक नया कीर्तिमान भी बना दिया।



#### फ्रैंक नसुबुगा ने फेंका टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे किफायती स्पेल

युगांडा की टीम का हिस्सा इस वर्ल्ड कप में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी फ्रैंक नसुबुगा अब टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे किफायती पूरे 4 ओवर्स फेंकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

पीएनजी के खिलाफ मैच में नसुबुगा ने जहां 4 ओवर्स में 4 रन दिए तो वहीं 2 विकेट भी लेने में कामयाब रहे। नसुबुगा से पहले ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीकी टीम के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया के नाम पर था, जिन्होंने इसी वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ हुए मैच में अपने 4 ओवर्स में 4 विकेट लेने के साथ 7 रन दिए थे।

# डेविड वार्नर ने तोड़ा बड़ा कीर्तिमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 के पहले मैच में उतर चुकी है और उसे जीतने में भी कामयाब हो गई है। इस बीच टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने एक और कीर्तिमान रचने का काम किया है। उन्होंने अपने ही पूर्व कप्तान एरॉन फिंच का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को परास्त किया है, उसमें डेविड वार्नर का बड़ा योगदान है। चलिए अब आपको बताते हैं कि उन्होंने कौन सा कीर्तिमान बनाया है।

#### ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

दरअसल अभी तक टी20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज एरॉन फिंच हुआ करते थे। उन्होंने इस फॉर्मेट में 3120 रन बनाने का काम किया है। लेकिन अब डेविड वार्नर उनसे आगे निकल गए हैं। डेविड वार्नर ने अब टी20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए 3155 रन बना लिए हैं। ओमान के खिलाफ खेली गई पारी के दौरान उन्होंने ये काम कर



दिखाया, जहां वे पारी का आगाज करने आए थे और बेहतरीन अर्धशतक लगाने के बाद आउट होकर वापस गए। अब आपको उन प्लेयर्स के बारे में भी जानना चाहिए जिनका नाम इन दोनों के बाद आता है। हालांकि इनके बीच अंतर काफी ज्यादा है। तीसरे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल हैं, जो अब तक 2468 रन बना चुके हैं। वहीं 1462 रन बनाकर शेन वाटसन नंबर चार पर हैं, जो रिटायर हो चुके हैं। मैच की बात की जाए तो ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज करने के लिए डेविड वार्नर और ट्रेविस हेड आए। हेड केवल 12 रन बनाकर चलते बने। वहीं कप्तान मिचेल मार्श भी 14 रन पर आउट हो गए।

पावरलिफ्टर

# संदीप कौर पर डोपिंग मामले में दस साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संदीप कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है। वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी।

नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पावरलिफ्टर संदीप कौर पर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दूसरे अपराध के कारण दस साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब की 31 वर्ष की पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग के दूसरे अपराध के लिये आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया और अतिरिक्त दो साल उनके नमूनों में कई प्रतिबंधित पदार्थ पाये जाने के कारण लगाया गया है।



पहली बार उन्हें 2019 में स्टानोजोलोल के सेवन का दोषी पाया गया था। कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है। वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी। प्रतिस्पर्धा के दौरान लिये गए उनके मूत्र के नमूनों में नोरांड्रोस्टेरोन, मेटांडियेनोन और मेफेंटरमाइन के अंश पाये गए।

एडीडीपी ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि कौर यह बता नहीं सकी है कि ये पदार्थ उनके शरीर में कैसे गए। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने अपने वकील के मार्फत पैनल से अनुरोध किया कि मामले की गंभीरता को भी ध्यान में रखा जाये क्योंकि खिलाड़ी ने कई प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन किया है और निलंबन की अवधि दो साल और बढाई जाए। एडीडीपी ने नाडा की दलील स्वीकार करके प्रतिबंध दस साल का कर दिया जो छह सितंबर 2023 से लागू होगा। एक अन्य अहम फैसले में वुशू खिलाड़ी अवनीश गिरि पर प्रतिबंध के दौरान एक प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिये चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

टी-20 वर्ल्ड कप

# इंडिया की शानदार जीत, रोहित शर्मा की रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में टीम इंडिया ने आयरलैंड को हराकर जोरदार आगाज किया। न्यूयॉर्क के नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की नेतृत्व में टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड की टीम को 96 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में भारतीय बल्लेबाजों ने 13वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

रोहित शर्मा ने 37 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली और रिटायर हर्ट हुए। उनकी इस पारी में 3 बड़े रिकॉर्ड शामिल थे।

1. इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 600 छक्के।
2. सबसे कम गेंदों में 4 हजार रन पूरे करना।
3. टी-20 वर्ल्ड कप में एक हजार रन पूरे करना।

#### मैच की अहम बातें

आयरलैंड की गलती – आयरलैंड के लिए मैच की शुरुआत में ही एक बड़ी गलती हो गई। पहले ओवर में स्लिप में बालबर्नी ने रोहित शर्मा का कैच छोड़ दिया, जो अंततः आयरलैंड के लिए महंगा साबित हुआ।

**– गेंदबाजों का प्रदर्शन –** भारतीय गेंदबाजों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, जिससे बल्लेबाजों को लक्ष्य हासिल करने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

**–तेज बल्लेबाजी** –रोहित शर्मा के अलावा अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने भी आक्रामक अंदाज में खेला और 13वें ओवर में ही मैच समाप्त कर दिया।

# यूएस में टूर्नामेंट से आईसीसी को नुकसान!

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत में जब 2023 वनडे विश्व कप खेला गया था तो कुछ गिने चुने मैचों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर मैच में स्टेडियम फुल रहा था। भारत में वनडे विश्व कप ने फैंस के स्टेडियम पहुंचना का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया था। वहीं, टी20 विश्व कप 2024 में फैंस की कमी खल रही है।

भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2024 में अपना पहला मैच खाली स्टेडियम में खेलना पड़ा। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान कई सीटें खाली रहीं। इसका सबसे बड़ा कारण आईसीसी द्वारा भारत के मैचों की बढ़ी हुई टिकटों की कीमत और खराब मार्केटिंग प्लान को माना जा रहा है। अब तक टी20 विश्व कप 2024 के जो भी मैच खेले गए हैं, किसी में भी फैंस स्टेडियम की पूरी क्षमता के मुताबिक मौजूद नहीं रहे हैं।

स्टेडियम के प्रीमियम नॉर्थ और साउथ स्टैंड की टिकटों की कीमत लगभग 1,000 अमेरिकी डॉलर यानी 83 हजार रुपये थी और इसे खरीदने




वाला कोई नहीं था। ब्रॉडकास्टर्स के लिए भी यह मुश्किलों से भरा अनुभव था क्योंकि स्क्रीन के चारों ओर बहुत सारी खाली सीटें दिख रहीं थीं। बस कुछ एक स्टैंड में सारे भारतीय फैंस जमा थे।

#### 2023 विश्व कप में दर्शकों का नया रिकॉर्ड

भारत में जब 2023 वनडे विश्व कप खेला गया था तो कुछ गिने चुने मैचों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर मैच में स्टेडियम फुल रहा था। भारत में वनडे विश्व कप ने फैंस के स्टेडियम पहुंचना का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया था। वहीं, टी20 विश्व कप 2024 में फैंस की कमी खल रही है। आईसीसी ने भी अभी तक फैंस के आधिकारिक उपस्थिति का खुलासा नहीं किया है। वहीं, भारत-आयरलैंड मैच के दौरान 34 हजार दर्शकों की क्षमता वाले नासाउ काउंटी स्टेडियम में करीब 20 हजार दर्शक मौजूद रहे।

जो लोग इस मैच को देखने पहुंचे, वे भी स्टेडियम की व्यवस्थाओं और सुविधाओं से खुश नहीं दिखे।

## एक नजर

### 10 हजार लीटर जावा महुआ के साथ अवैध शराब भट्ठी विनष्ट

**औरंगाबाद (का.सं.)।** अवैध शराब के विरुद्ध में देव थाना की पुलिस ने बंगला बगीचा के पास सशना पहाड़ी जंगल मे छापेमारी कर 10000 लीटर जावा महुआ एवं 10 चूल्हा भट्ठी तथा शराब बनाने वाला उपकरण को विनष्ट किया है। मामले में कांड दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दस दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला संपन्न

**पटना (नि.सं.)।** पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता द्वारा प्रायोजित व सदाकत आश्रम स्थित बिहार विद्यापीठ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति के सहयोग से 10 दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला गुरुवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षक मुकेश कुमार कर्ण के दिशा-निर्देश में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पांच विधाओं में मधुबनी पेंटिंग, टिकुली पेंटिंग, सुजनी कढ़ाई, गुड़िया क्राफ्ट व समकालीन के कार्य को सिखायेंगे। प्रतिभागी में शिल्पकार रुचि कुमारी, मुन्नी देवी, अमीशा कुमारी, शशांक रॉय, अंजली कुमारी, अदिति कुमारी, मोनी कुमारी, नैना कुमारी, धीरज कुमार व अन्य कलाकार भाग लिया।

### पर्यावरण नुकसान के लिए हम स्वयं दोषी हैं : दीपक

**पटना (नि.सं.)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा अपने परिसर में परिचर्चा की गई। जिसका विषय 'भूमि पुर्नःस्थापन, मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता रखा गया था। राज्य सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में अपने विचारों को साझा करते हुए सभी वक्ताओं ने विश्व पर्यावरण में हो रही लगातार गिरावट पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे संरक्षित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि एवं वक्ता दीपक कुमार सिंह ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि पर्यावरण नुकसान के लिए हम स्वयं दोषी हैं। इस अवसर पर उपस्थित डॉ.एनके अग्रवाल ने कहा कि मिट्टी क्षरण को रोकने के लिए व्यक्तिगत, सामूहिक और सरकारी स्तर पर कानून बनाना होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष केपीएस केशरी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या तथा उनके जरूरतों को पूरा करने की दौड़ में भूमि क्षरण दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रामलाल खेतान सहित कई लोग मौजूद रहे।

### डबल इंजन की सरकार में तेज होगी विकास की रफ्तार : प्रभाकर

**पटना (नि.सं.)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा है कि केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की लगातार तीसरी बार सरकार बन रही है। इससे बिहार सहित पूरे देश में उत्साह का माहौल है। केंद्र में एनडीए की नयी सरकार में निश्चित तौर पर विकास की गति और तेज होगी। गुरुवार को जारी बयान में प्रवक्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार तेज गति से समृद्धि की राह पर दौड़ेगा। मोदी सरकार ने बिहार के विकास में भरपूर मदद की है। इस मदद में और तेजी आयेगी। शहर से लेकर गांवों तक हर घर में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं, यह क्रम जारी रहेगा।

### पर्यावरण को बचाने की ली शपथ

**पटना (नि.सं.)।** पटना कृषि अनुसंधान संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। उद्घाटन संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक एमडी ओझा ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान संस्थान के कई वैज्ञानिक, कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मिलकर फलदार एवं शोभाकारी पौधे लगाए। इसके बाद बालक एवं बालिका जूनियर एवं सिनियर वर्ग के लिए अलग-अलग चित्रकारी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के हसपुरा थाना क्षेत्र में स्थित हसपुरा आईटीआई कॉलेज के पास एक दुखद घटना में एक 20 वर्षीय युवक ने अपनी जान गंवा दी, जब वह एक साइकिल सवार को बचाने का प्रयास करते हुए गिर गया। मृतक का नाम अभिमन्यु चौधरी था, जो हसपुरा के शंकरपुर गाँव के निवासी थे। युवक अपनी इकलौती बहन को मायके लाने के लिए उसके ससुराल जा रहा था लेकिन सड़क हादसे में उसकी जान चली गयी। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजनों ने बताया कि अभिमन्यु की इकलौती बहन खुशबू कि इसी वर्ष अप्रैल में शादी कर चुकी थीं। बहन को मायके लाने के लिए वह अपने घर से नवरतन चक गाँव जा रहे थे। हसपुरा आईटीआई कॉलेज के पास पहुंचते ही, उनकी बाइक का नियंत्रण खो गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। बाद में पता चला कि उन्हें हादसे के स्थल पर काफी देर तक तड़पते हुए बिताना पड़ा। सूचना मिलने पर आंनद संगीत महाविद्यालय के संचालक सुशील कुमार पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन दुःखद बात यह है कि उनकी मौत हो गई।

## परिजनों में मचा कोहराम

हालांकि स्थानीय लोगों ने सिंटू को जिंदा समझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी मृत्यु की घोषणा कर दी। बाद में पता चला कि सिंटू के परिजनों को उनके मोबाइल से ही घटना की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर उनके शव को देखा और वहाँ चीखते हुए रोने लगे। इस चीखते हुए माहौल में अस्पताल में भी उथल-पुथल हो गई। हसपुरा थाने की पुलिस ने उनके शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद उनके परिजनों को शव सौंप दिया।

# थाना में एसपी ने की लंबित कांडों की समीक्षा बैठक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने गुरुवार को औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना में बैठक कर कांडों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लूट, हत्या, डकैती एवं अन्य गंभीर लंबित कांडो की समीक्षा की। उन्होंने सत्य पाए गए कांडो एवं फरार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की की कारवाई सुनिश्चित करने तथा लंबित सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए, जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# पति के दीर्घायु होने की कामना के साथ महिलाओं ने की वट-सावित्री पूजा

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु होने की कामना के साथ गुरुवार को वट-सावित्री पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष को सुत से लपेटकर पूजा की। शहर के महाविद्यालय परिसर, कासमा रोड, अस्पताल रोड, चरकावां, सरावक, कासमा, भदवा, पौथू, बराही, खड़वां, पोगर सहित विभिन्न जगहों के वट वृक्ष के पास सुबह से ही काफी संख्या में महिलाएं पूजा करती नजर आई। जगह-जगह पंडितों-बलिराम मिश्र, कौशल मिश्र, उपेंद्र मिश्र, दिवाकर



शास्त्री ने सावित्री-सत्यवान की कथा क ही और वट वृक्ष पूजा की महता बताई। इस दौरान जयंती देवी, सुनैना देवी, बिंदू कुमारी, वीनू, रूपम, निलम, अनीता, माला, अमृता, पूजा, सुशीला, शीला, गीता, अनुराधा, देवी सहित कई महिलाएं पूजा में शामिल रही।

## आशा बिगहा में महारूद्र यज्ञ 8 जून से, तैयारी पूरी

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के आशा विगहा गांव में नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा हेतु महारूद्र यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ समिति के विकेश कुमार सिंह ने बताया कि 8 जून को जलयात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। 9 जून को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन एवं अग्नि स्थापन,10 जून को प्रतिमा का जलाधिवास,11 को अन्नाधिवास,12 को फलाधिवास, 13 को दधिवास, 14 को पूजन, 15 को शंकर, पार्वती, नंदी, गणेश, कार्तिकेय की प्रतिमा का गांव भ्रमण,16 को पूजन, 17 को प्राण -प्रतिष्ठा एवं 18 को भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा।

# सर्वे कर गर्भवती महिलाओं को दी जानकारी

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ औरंगाबाद, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा बारुण प्रखण्ड अंतर्गत जनकोप पंचायत को गोद लिया गया है। प्राथमिकता के आधार पर गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव कराने को लेकर समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह ने सर्वे शुरू कर दिया है। बुधवार को गर्भवती महिलाओं का सर्वे करने जनकोप पंचायत के सोहर बीघा गांव पहुंचे और आशा प्रमिला देवी के सहयोग से पांच गर्भवती महिलाओं से मिले। सोहर बीघा में पांच गर्भवती महिलाएं रीता देवी, चंचला देवी, आरती देवी, सीमा कुमारी एवं प्रियंका कुमारी हैं जिनमे से दो महिलाएं निजी क्लीनिक की देख रेख में अपना इलाज करा रही हैं। गर्भवती महिलाओं को सरकार के स्वास्थ्य विभाग की योजना से अवगत कराते हुए सरकारी अस्पताल में ही प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया।

# अभियुक्त को व्यवहार न्यायालय ने दिया गांजा तस्करी के मामले में दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे वन सह स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट पंकज मिश्रा ने कुटुम्बा थाना कांड संख्या -65/20 ,जी .आर. -03/20 में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए काराधीन अभियुक्त अब्दुल तौफीक भोजपुर को एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न धाराओं में सज़ा सुनाई है, स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा -20 (बी)2(सी) में दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना, धारा 25 में दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना, एवं धारा 29 में भी दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है, सभी सजाएं साथ साथ चलेगी, अभियुक्त को 30/05/24 को दोषी ठहराया गया था तथा एक अन्य अभियुक्त लडु सिंह मदार बक्सर को दोषमुक्त किया गया था, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आज बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने पहली अपराध के कारण कम सज़ा की मांग कि थी वहीं स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने इस अपराध को समाज को दुषित करने वाला बताते हुए अधिकतम सज़ा की मांग की, दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने अपना निर्णय सुनाया, अधिवक्ता ने बताया कि 28/04/20 को कुटुम्बा थाना को गुप्त सूचना गांजा तस्करी होने को मिला था संडा मुख्य सड़क पर गशित टीम चेकिंग अभियान शुरू किया 29/04/20 को एक ट्रक से 349 किलो गांजा बरामद किया गया, चालक पवन कुमार और सह चालक अब्दुल तौफीक गिरफ्तार किया गया और मोबाइल पर रेकी कर रहे लडु सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था,विचारण के क्रम में चालक पवन कुमार की मृत्यु हो गई थी, अभियुक्त को हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं मिली थी,आज सजा सुनाई जाने के पश्चात अभियुक्त अब्दुल तौफीक को जेल भेज दिया गया है।

## नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मी कांत मिश्रा ने नाबालिग लड़की के अपहरण कर शादी करने पर कठोरतम सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने कहा कि हसपुरा थाना कांड संख्या -247/22 में पोक्सो एक्ट की धारा 06 और बाल विवाह निषेध अधिनियम में दोषी ठहराए गए अभियुक्त काराधीन ऋषि पाल जाटव।पता अभाईन। कोईलवर शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश को बीस साल की सजा और दस हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि पीड़िता को दी जाएगी। जुर्माना राशि न देने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी 23/08/22 को पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा गया था कि मैं मजदूर हुं। मैं और मेरी पत्नी काम के लिए बाहर गए थे तो एक अंजान व्यक्ति ने बहला फुसलाकर कर मेरी नाबालिग लड़की को अपहरण कर लिया। शाम को घर आकर खोजा तो नहीं मिली तो रिश्तेदारो को खबर किया तो पता चला कि ऋषि पाल जाटव ने ही ग़लत नियत से मेरी नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया है। सर्वप्रथम थाना ने केस नहीं लिया तो आरक्षी अधीक्षक को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी।

# औरंगाबाद में एक साथ जा रही 39 बीपीएससी शिक्षकों की नौकरी

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में एक साथ 39 बीपीएससी शिक्षकों को नौकरी से बाहर किया जा रहा है। इसके लिए बाकायदा जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा इन सभी 39 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। कहा गया है कि शिक्षक पात्रता के लिए जरूरी अहर्ता आपके पास नहीं है। आपकी उम्मीदवारी निरस्त करने योग्य है। हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी ने लिखा है कि आरक्षण का लाभ सिर्फ बिहार के छात्र-छात्राओं को ही दिया जा सकता है, और बिहार से बाहर के छात्रों के लिए किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जा सकती है। आप लोगों को भर्ती में पांच फ़ीसदी की छूट अंकों में दी गई है, जो कोर्ट के आदेश के अनुसार सही नहीं है। इस संबंध में आपको अगर अपनी बात रखनी है, तो 3 दिन के अंदर कागजात के साथ कार्यालय पहुंचे। इसके बाद शिक्षा विभाग आगे की कार्रवाई करेगी।

## पूर्व मंत्री ने सांसदों को दी जीत की बधाई

**औरंगाबाद (का.स.)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने बिहार से इंडी-महागठबंधन के सभी नव निर्वाचित सांसदों को जीत की बधाई दी है। डॉ. पासवान ने औरंगाबाद से नवनिर्वाचित अभय कुशवाहा, काराकाट से राजाराम सिंह, जहानाबाद से डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव, पाटलिपुत्र से डॉ. मीसा भारती, बक्सर से सुधाकर सिंह, आरा से सुदामा प्रसाद एवं सासाराम से मनोज कुमार, कटिहार से तारिक अनवर एवं किशनगंज से नवनिर्वाचित सांसद मो. जावेद को ऐतिहासिक जीत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बिहार एसटीएफ को कामयाबी, यूपी में पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुआ बेगूसराय का इनामी अपराधी निलेश राय

निज संवाददाता | पटना

उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर में हुए पुलिस मुठभेड़ में बेगूसराय का दो लाख का इनामी कुख्यात निलेश राय मारा गया। बिहार एसटीएफ, यूपी एसटीएफ और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को निलेश राय के विरुद्ध कार्रवाई की। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में बिहार एसटीएफ का एक जवान एवं यूपी एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया है, जिसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

निलेश के गैंग के अन्य साथी भागने में सफल रहे। निलेश राय, पिता-गोपाल राय, गांव-बारो रामपुर टोला, थाना-गड़हरा, जिला-बेगूसराय का रहने वाला था। उस पर बेगूसराय, बरौनी रेल पुलिस एवं जसीडीह (झारखंड) के थानों में 16 से अधिक गंभीर कांड दर्ज हैं, जिनमें हत्या, डकैती, रंगदारी, लूट, आर्म्स एक्ट एवं पुलिस पर हमला जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। बिहार पुलिस मुख्यालय ने उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने निलेश के पास से नौ एमएम की नौ एमएम की रेगुलर पिस्टल, .315 एवं .32 बोर की दो पिस्टल, 19 कारतूस और एक बाइक बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर बिहार एसटीएफ की टीम निलेश राय की गिरफ्तारी को लेकर पिछले एक सप्ताह से पश्चिमी यूपी में कैंप कर रही थी। पुलिस के पास इनपुट था कि उक्त अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसकी सूचना यूपी एसटीएफ को दी गई। यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ, यूपी एसटीएफ और यूपी पुलिस के द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस को देखकर निलेश राय एवं उसके गैंग ने पुलिस पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी निलेश राय को गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। इलाज के क्रम में स्थानीय अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

निलेश राय साल 2006 से अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। उस पर वर्ष 2014 में बेगूसराय जिला के गढ़हरा थाना अंतर्गत प्रमोद सिंह, वर्ष 2015 में तेघड़ा के कन्हैया सिंह और वर्ष 2016 में कन्हैया सिंह की पत्नी की गोली मारकर हत्या का आरोप था। बेगूसराय के फुलवरिया में डकैती के दौरान हत्या मामले में भी निलेश की भूमिका सामने आई थी।

## दस दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला संपन्न

**पटना(नि.सं.)।** पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता द्वारा प्रायोजित व सदाकत आश्रम स्थित बिहार विद्यापीठ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्मृति के सहयोग से 10 दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला गुरुवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षक मुकेश कुमार कर्ण के दिशा-निर्देश में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पांच विधाओं में मधुबनी पेंटिंग, टिकुली पेंटिंग, सुजनी कढ़ाई, गुड़िया क्राफ्ट व समकालीन के कार्य को सिखायेंगे। प्रतिभागी में शिल्पकार रुचि कुमारी, मुन्नी देवी, अमीशा कुमारी, शशांक रॉय, अंजली कुमारी, अदिति कुमारी, मोनी कुमारी, नैना कुमारी, धीरज कुमार व अन्य कलाकार भाग लिया।

# पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए किया गया वृक्षारोपण

निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर देव प्रखंड के दुलारे पंचायत के मध्य विद्यालय कर्मा के परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग तरह के कई पौधे लगाए हैं। मौके पर मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव, सरपंच रामशीष यादव, वन परिसर पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रधानाध्यापक रामसुंदर दास के द्वारा संयुक्त वृक्षारोपण किया गया। मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह वृक्षारोपण किया गया। इस पर सबको गंभीरता से चिंतन करते हुऐ मात्र चर्चा विषय नहीं मानना है, बल्कि इसको समाज के प्रत्येक जन सहयोग के माध्यम से अपने आप मे आत्मसात करते हुऐ इसको अपने चारों ओर का जो




हमारा पर्यावरण है। उसको ठीक करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ पौधों का अति महत्व है। इसलिए हर किसी को अपने जीवन में पौधे जरूर लगाना चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ पौधों का अति महत्व है। इसलिए हर किसी को अपने जीवन में पौधे जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरते भू-जल स्तर और बढ़ते तापमान के संदर्भ में वृक्षारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पर्यावरण मे, पेड़-पौधे, जल, वायु नहीं मिलेगी तो जीव-जंतुओं का जीना मुश्किल हो जायेगा। यानी कि जीवन जीना ही संभव नहीं हो पायेगा। पेड़-पौधे जहां जीवनदायिनी आक्सीजन देते हैं वहीं खाद्य, जल एवं आहार श्रृंखला को आगे बढ़ाने में पक्षियों का भी बड़ा योगदान होता है। इस मौके पर प्रिंस कुमार, राहुल कुमार, सोनू कुमार, राहुल कुमार राम, शिक्षक सुमित कुमार, सुरेंद्र यादव, रामाधार यादव मौजूद रहे।


# पटना और छपरा के लिए चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

**पटना (नि.सं.)।** पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। आईटीआई प्रवेश परीक्षा का आयोजन 9 जून को किया गया है। इसमें शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए रेलवे द्वारा परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि रांची, टाटा, रक्सौल, कटिहार एवं गया से पटना के लिए और मुजफ्फरपुर से छपरा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन 8 और 9 जून को किया जाएगा।08639 व 08640 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल (बोकारो-गोमो-गया के रास्ते), 08109 व 08110 टाटा-पटना-टाटा परीक्षा स्पेशल (पुरुलिया-गोमो-गया के रास्ते), 05585 व 05586 रक्सौल-पटना-रक्सौल अनारक्षित परीक्षा स्पेशल (सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र के रास्ते), 03288 व 03287 पटना-कटिहार-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल (बख्तियारपुर-मोकामा-न्यूबरौनी-मानसी के रास्ते), 05297 व 05298 मुजफ्फरपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर अनारक्षित परीक्षा स्पेशल (हाजीपुर-सोनपुर के रास्ते) और 03667 गया-पटना वन-वे अनारक्षित परीक्षा स्पेशल चलाई जाएगी।

# पटना जू में पक्षियों के केज का होगा आधुनिकीकरण

निज संवाददाता

**पटना।** पटना जू में पक्षियों के केज का आधुनिकीकरण का कार्य शुरू किया गया है। काम पूरा होने तक इन केजों के रखे गए पक्षियों को जू रेस्क्यू केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया है। दो महीने में आधुनिकीकरण का काम पूरा होगा। जबतक काम चलेगा इसमें रहनेवाले पक्षियों को दर्शक नहीं देख पाएंगे। हालांकि पक्षियों के सभी केज खाली नहीं किए गए हैं। जहां काम शुरू किया गया वहीं पास




के दूसरे केज में रंग-बिरंगे पक्षियों को देखा जा सकता है। जू में औसतन प्रतिदिन पांच से सात हजार दर्शक पहुंचते हैं। गर्मी में दर्शकों की संख्या कम हो जाती है। जैसे ही जाड़े का समय आता है दर्शकों की संख्या बढ़ने लगती है। चुकी अभी गर्मी का समय है और कम संख्या में दर्शक जू पहुंचते हैं, लिहाजा केज के आधुनिकीकरण काम का शुरू किया गया है। पटना जू निदेशक सत्यजीत कुमार ने कहा कि काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है। जुलाई तक काम पूरा कर लिया जाएगा।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433